
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -6 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





वह दिन दूर नहीं, जब भारत होगा दुनिया की सुपर... 02

■ दिल्ली रेलवे मंडल ने 15 माह में बिना टिकट...
■ 'जेल का जबाव, वोट से' कैंपेन के तहत... 03

■ अमेरिका इजरायल का समर्थक : बाइडेन
■ स्विट्जरलैंड करेगा यूक्रेन शांति सम्मेलन की मेजबानी 07

नवरात्रि के चौथे दिन आज होगी माता कुष्मांडा की आराधना



देशभर में गुरुवार को ईद की नमाज अदा की गई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। राजधानी दिल्ली की जामा मस्जिद में सुबह की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए । चांदनी चौक, मीना बाजार और दरीबा कलां सहित जामा मस्जिद के आसपास के बाजारों में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने त्योहार के लिए जमकर खरीदारी की। छाया : इम्तियाज खान

# राहुल गांधी का देश से गरीबी मिटाने का वादा

## कांग्रेस नेता बोले, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान टैक्स दे रहा

■ प्रधानमंत्री मोदी को जनता से किए वादों पर घेरा
■ पिछले 10 साल में चुने हुए लोगों को पूरा धन दे दिया

**जोधपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जोधपुर के फलौदी में राहुल गांधी ने देश से गरीबी मिटाने का वादा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि हिंदुस्तान के हर गरीब परिवार की एक महिला को हमारी सरकार साल का एक लाख रुपए बैंक अकाउंट में डालेगी। हर महीने 8,500 रुपए सरकार उस दिन तक देगी, जब तक कि आप गरीबी रेखा से बाहर न आ जाएं। यदि आप गरीबी रेखा के नीचे हो, आपके बैंक अकाउंट में हर महीने 8,500 रुपए आते रहेंगे। एक झटके में हिंदुस्तान से हम गरीबी को मिटा देंगे। हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान टैक्स दे रहा है। पिछले 10 साल प्रधानमंत्री ने आपको अलग-अलग वादे किए। डाले नहीं, 15 लाख रुपए निकाल लिए। किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया। नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 साल चुने हुए लोगों को देश का पूरा धन दे दिया।

राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान के कोने-कोने में चले जाओ, एक ही नाम दिखाई देगा।



एयरपोर्ट अडानी, बिजली अडानी। सारा का सारा फायदा एक व्यक्ति को नरेंद्र मोदी ने दिया है। मैंने उनके बारे में पार्लियामेंट में भाषण दिया। मेरी सदस्यता ले गए। सुप्रीम कोर्ट ने मुझे फिर से एमपी बनाया। मैंने सिर्फ नरेंद्र मोदी जी से ये पूछा, हर इंडस्ट्री में अडानी जी क्यों दिखते हैं। मैंने मोदी जी से पूछा कि आपका इनके साथ क्या रिश्ता है। मेरी सदस्यता रद्द कर दी और फिर मेरा घर ले लिया। ये सोचते हैं कि मैं चुप हो जाऊंगा। मैंने चाबी इनको दी और कहा, मुझे घर नहीं चाहिए। मेरे करोड़ों घर हैं हिंदुस्तान में।

**यदि आप गरीबी रेखा के नीचे हो, आपके बैंक अकाउंट में हर महीने 8,500 रुपए आते रहेंगे : राहुल गांधी**

### लोकतंत्र बचाने का चुनाव

उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है। उन्होंने जनता से कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

## आज तिरंगा युद्ध क्षेत्र में सुरक्षा की गारंटी : मोदी



**ऋषिकेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऋषिकेश में चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है और आतंकवाद ने पैर पसारे। आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है। पीएम मोदी ने कहा, सात दशक बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 निरस्त किया गया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है, जिसने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है, जिसने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिया। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 साल में भारत को पहले के मुकाबले कई गुना ज्यादा मजबूत बना दिया है।

## सार संक्षेप

### विनोद बिंद होंगे भदोही से भाजपा उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की भदोही लोकसभा सीट पर डा.विनोद कुमार बिंद को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा भदोही के लिए डा. बिंद को उम्मीदवार बनाने की स्वीकृति दी है। भदोही पर निवर्तमान सांसद भाजपा के रमेश बिंद हैं। पार्टी की यह 11वीं सूची है।

### कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तिथियां ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही हैं, नेताओं का दल बदल भी तेज होता जा रहा है। अब कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता आज भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस पर अपमान और चरित्र हनन करने का आरोप लगाते हुए पिछले महीने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। वे हरदीप पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावडे की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए।

### लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट का शार्प शूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** जबरन वसूली में शामिल कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के एक शार्प शूटर को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ये जानकारी दी। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के मूल निवासी सतेंद्र कुमार उर्फ सिकंदर (20) के रूप में हुई है। मोती नगर थाने में एक सप्ताह पहले दर्ज फायरिंग मामले में शामिल एक व्यक्ति के अवैध हथियार लेकर आने की जानकारी मिली थी।

# केजरीवाल की याचिका पर 15 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

■ हाई कोर्ट से झटका मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे
■ सर्वोच्च अदालत से तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई थी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे है। जिस पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया है। सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल सोमवार को सुनवाई करेगा। अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका डाली थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट से झटका मिलने के बाद सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गिरफ्तारी के विरोध में अरविंद केजरीवाल ने जब सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली तो उन्होंने



इस पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने उन्हें अगले हफ्ते की डेट दी है। केजरीवाल ने तर्क दिया कि अगर आगामी चुनाव में हिस्सा लेने के लिए उन्हें तुरंत रिहा नहीं किया जाता तो इससे विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने की गलत परंपरा स्थापित होगी।

### 21 मार्च को किया था गिरफ्तार

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी ने पिछले महीने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद 10 दिन तक ईडी ने उनसे पूछताछ की और फिर ट्रायल कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 15 दिन के लिए जेल भेज दिया।

## के कविता को अब सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**दिल्ली कोर्ट में आज होंगी पेश**

भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के. कविता को अब सीबीआई ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें गुरुवार दोपहर 12:50 बजे तिहाड़ की जेल नंबर 6 से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस एमएलसी कविता से 6 अप्रैल को तिहाड़ जेल में पूछताछ की गई थी। मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने ईडी द्वारा जांच किए जा रहे उसी मामले में कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी थी।

# हरियाणा में बस दुर्घटना, 7 स्कूली बच्चों की मौत

■ ईद-उल-फितर की छुट्टी के बावजूद स्कूल खुला था
■ छह साल पहले खत्म हो गया था गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट

**चंडीगढ़,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को बस पलटने से हुए हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत हो गई और कम से कम 15 घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने कहा, दुर्घटना का कारण लापरवाही से गाड़ी चलाना था। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि वह नशे में हो।' पुलिस जांच के अनुसार, बस का फिटनेस सर्टिफिकेट छह साल पहले 2018 में समाप्त हो गया था। ईद-उल-फितर की छुट्टी के बावजूद स्कूल चल रहा था। कक्षा चार से कक्षा दस तक के बच्चे कनीना के जी.एल. पब्लिक स्कूल के थे। पुलिस ने बताया कि बच्चे स्कूल जा रहे थे तभी एक अन्य वाहन को



ओवरटेक करते समय बस पलट गई। घायल बच्चों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### पांच की मौके पर ही मौत

पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। निहाल अस्पताल, महेंद्रगढ़ के रवि कौशिक ने मीडिया को बताया, 'बीस बच्चों को यहां लाया गया, इनमें से चार की मौत हो चुकी थी।' स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, 12 घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है, जबकि दो को गंभीर हालत में रोहतक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अधिकारियों का दावा

# लोकसभा चुनावों में खलल डाल सकते हैं आतंकी

■ सुरेश एस डुग्गर



**पुलवामा में एक आतंकी ढेर**

**जम्मू,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। सुरक्षाबलों ने कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी को ढेर करने के साथ ही यह दावा किया है कि आतंकी लोकसभा चुनावों में खलल डाल सकते हैं। वे कहते थे कि आतंकी इरादों से निपटने को हाई अलर्ट भी जारी किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलवामा में मुठभेड़ जारी थी। पुलिस ने बताया कि कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फ्रेसीपुरा इलाके में गुरुवार की सुबह से ही मुठभेड़ जारी है।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उसने बताया कि आतंकवादियों के बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाश अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुरक्षाधिकारी कहते थे कि उस पार से आतंकी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे चुनावों में खलल डाल सकें।

## 400 आतंकियों के घुसपैठ कराने की तैयारी

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने आतंक के नए गठजोड़ लश्कर-इंडियन मुजहीद्दीन-अल बदर को इसकी जिम्मेदारी दी है। अगर खुफिया रिपोर्टों पर यकीन करें तो पाक अधिकृत कश्मीर में लांचिंग पेड पर मौजूद करीब 400 आतंकियों को कश्मीर में घुसपैठ करवाने की तैयारी की जा रही है। यही नहीं, आईएसआई ने कश्मीर में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को नेस्तनाबूद करने के लिए साजिश का ब्लूप्रिंट भी तैयार किया है। अधिकारी दावा करते थे कि आतंकियों ने इसके लिए कई प्लान बनाए हैं। इनमें कश्मीर में मौजूद स्लीपर सेल के जरिए लोगों को बरगलाना और जरूरत पड़ने पर धमाके करना भी शामिल है।

### लालू यादव की बेटी बोली

# गठबंधन सरकार बनने पर मोदी को जेल भेजेंगे

**पटना,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर लगातार हमलावर हैं। एक ओर भाजपा लगातार लालू परिवार पर हमला बोल रही है। वहीं दूसरी ओर लालू परिवार भी एनडीए सरकार पर सवाल उठा रही है। अब राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने



**एनडीए के परिवारवाद पर भी साधा निशाना**

पीएम मोदी और भाजपा पर हमला बोला। मीसा भारती ने कहा कि पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से मुझे काफी समर्थन मिल रहा है। समर्थन इसलिए मिल रहा है कि जो दो बार इनको समर्थन मिला। देश के लिए जनता के लिए और बिहार के लिए इन्होंने कोई काम नहीं किया। जनता त्रस्त हो चुकी है। महंगाई और बेरोजगार के मुद्दे से जनता परेशान है। रेलवे में वैकेंसी काफी कम हो गई। मोदी सरकार ने दो करोड़ रोजगार का वादा किया था। लेकिन, कब तक निभाएंगे पता नहीं। परिवारवाद का जिक्र करते हुए मीसा भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री जमुई आए लेकिन परिवारवाद पर कुछ नहीं बोले। जब दामाद के लिए वोट मांगने आए तो कुछ नहीं बोला उन्होंने।

# 94 सीटों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग नई लोकसभा के चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए अधिसूचना शुक्रवार को जारी करेगा। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में 29-बैतूल संसदीय




■ तीसरे चरण में सात मई को होगा मतदान

क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो जाएगी।

### चुनाव | 2007 वाला सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपना रहीं मायावती

# मायावती ने दर्जनभर सीटों पर भाजपा व सपा का समीकरण बिगाड़ा

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले कई महीनों से उत्तर प्रदेश में बसपा को भाजपा की टीम बताया जा रहा है। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने जो चाल चली है, इससे तकरीबन दर्जन भर सीटों पर भाजपा और सपा दोनों का खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। अभी यूपी की 80 सीटों में से बसपा ने अभी सिर्फ 36 सीटों पर ही उम्मीदवार उतारे हैं।

■ बसपा ने अभी सिर्फ 36 सीटों पर ही उम्मीदवार उतारे



लेकिन पार्टी ने अभी तक जो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, उनमें से एक दर्जन उम्मीदवार ऐसी जाति से आते हैं, जो भाजपा के कोर वोटर हैं। जाहिर है कि इन सीटों पर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगनी तय है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मायावती एक बार फिर से अपना पुराना 2007 वाला सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला दोहराती नजर आ रही हैं। जिससे सूबे में भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। बसपा की सूची में इस बार ब्राह्मण,क्षत्रिय और मुसलमानों के नाम प्रमुखता से नजर आ रहे हैं। अभी तक की सूची में 11 सवर्ण उम्मीदवार हैं। इसमें भी चार ब्राह्मण हैं। बसपा के सूत्र बता रहे है कि आगे आने वाली सूची में अभी और सवर्ण खासकर ब्राह्मणों के नाम हो सकते हैं। अभी तक की बात करें तो बसपा ने उन्नाव से अशोक पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। यहां 24 फीसदी दलित और 11 फीसदी ब्राह्मण हैं। अलीगढ मे पार्टी ने हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय पर दाव लगाया हैं। वहां 15 फीसदी ब्राह्मण और 20 फीसदी दलित हैं। तो मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी को टिकट दिया गया है,वहां 22 फीसदी दलित और 10 फीसदी ब्राह्मण हैं। अकबरपुर से राजेश कुमार द्विवेदी मैदान में हैं,वहां भी 24 फीसदी दलित और 10 फीसदी ब्राह्मण मतदाता हैं। कई सीटों पर बसपा इस बार सपा या इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ती दिख रही है। बसपा ने सहारनपुर से माजिद अली को उम्मीदवार बनाया है,जो कांग्रेस के इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा बसपा ने रामपुर में जीशान खान को मैदान में उतारा है,वे सपा के सपा के मोहिबुंल्लाह नदवी का समीकरण बिगाड सकते हैं। जबकि संभल में सपा के जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ बसपा ने सौलत अली को उतार दिया हैं।

# देश

**उवाच** “ इस बार लोकसभा चुनाव में बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का खाता नही खुलेगा जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बिहार में 40 और देश में 400 सीट मिलेगी : **सैयद शाहनवाज हुसैन, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.0 | 19.6 |
| मुंबई | 33.6 | 24.4 |
| कोलकाता | 35.0 | 25.9 |
| चेन्नई | 34.6 | 25.7 |

**तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा**

## बिहार में एनडीए सरकार ने जितनी नौकरियां 17 साल में नहीं दी, उतनी मैंने 17 महीने में दी



**मोदी सरकार ने 10 सालों में टेटिया बंबर, मुंगेर और बिहार के लिए क्या किया। आज देश में बेरोजगारी चरम पर है। 10 साल में गरीबी हटा नहीं पाए, 5 किलो अनाज से क्या गरीबी हटेगी : तेजस्वी यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री**

**मुंगेर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को मुंगेर के टेटियाबंबर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार जितनी नौकरी 17 साल में नहीं दे पाई, उससे ज्यादा मैंने 17 महीनों में दी। तेजस्वी यादव ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी के साथ राजद प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में टेटिया बंबर, मुंगेर और बिहार के लिए क्या किया। आज देश में बेरोजगारी चरम पर है। 10 साल में गरीबी हटा नहीं पाए, 5 किलो अनाज से क्या गरीबी हटेगी। यह तो कांग्रेस की सरकार में भी मिलता था।

तेजस्वी यादव ने मोदी की गारंटी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी गारंटी चाइनीज है, जो चुनाव तक ही है, उसके बाद समाप्त हो जाएगी। हम यहां मोदी सरकार की बात नहीं, मुद्दे की बात करने आए हैं। वीआईपी प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने लोगों से मोदी सरकार को इस चुनाव में उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए कहा कि गरीबों, पिछड़ों की नहीं, अमीर लोगों की सरकार है। आज बिहार और देश संकट के दौर से गुजर रहा है। आज सरकारी संस्थानों को बेचा जा रहा है और कहा जा रहा है कि देश आगे बढ़ रहा है। 2014 में लोगों को गुमराह कर भाजपा सत्ता में आ गई, लेकिन, अब बिहार के लोग झांसे में नहीं आने वाले हैं। आज लोग चांद पर घर बनाने की सोच रहे हैं और हमारे समाज के लोगों को धरती पर घर नहीं है।

### पूर्णिया के निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस की छापेमारी

पूर्णिया। पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी शुरू की। कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। इस छापेमारी के बारे में कोई भी पुलिस अधिकारी कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। छापेमारी की जानकारी जब निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव को मिली तो वह तुरंत कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूछा, 'आप किसके आदेश पर यहां आए हैं?' मगर कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पप्पू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह प्रचार गाड़ी को सजा रहे थे, इसी दौरान पुलिस उनके कार्यालय पहुंच गई। उन्होंने कहा कि उनको जान का खतरा है, क्योंकि जिस दिन वह कांग्रेस में शामिल हुए, उसी दिन उनकी सुरक्षा हटा ली गई थी। वहीं, सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बिना परमिशन लिए प्रचार के लिए गाड़ी सजाई जा रही है, इसीलिए जांच की जा रही है।

## बेंगलुरु में भाजपा कार्यकर्ता पर हमला, पार्टी ने कांग्रेस पर लगाया आरोप

**बेंगलुरु,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में बेंगलुरु ग्रामीण संसदीय क्षेत्र के केम्पाशेट्टीडोड्डी गांव में गुरुवार को कथित तौर पर लाठी से हमला किये जाने से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सीएस नवीन के सिर में गंभीर चोट लग गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के आधार पर लगता है कि यह हमला नवीन और शेखर नामक एक परिचित के बीच संभवत: वित्तीय विवाद से उपजा है। झगड़ा तब बढ़ गया जब कथित तौर पर शेखर और उसके साथी ने नवीन पर लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'बिदादी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

' भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस नेतृत्व, विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनके भाई डीके सुरेश, जो बेंगलुरु ग्रामीण से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, की आलोचना की। उन्होंने उन पर जिले में प्रभाव का गलत इस्तेमाल करने और भाजपा कार्यकर्ताओं तथा मतदाताओं के खिलाफ हिंसा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

## अरुणाचल विधानसभा चुनाव में 115 करोड़पति मैदान में, खांडू सबसे अमीर



■ 143 उम्मीदवारों में से 115 (81 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति

■ एक उम्मीवार की संपति का ब्योरा नहीं मिल सका

**ईटानगर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे 143 उम्मीदवारों में से 115 (81 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं, जबकि एक उम्मीवार की संपत्ति का ब्योरा नहीं मिल सका है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्मर्स (एडीआर) की ओर से यहां जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के चुनावों में 184 में से 131 (71 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति थे।

प्रमुख राजनीतिक दलों में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 59 उम्मीदवारों में से 57 (97 प्रतिशत), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के 20 उम्मीदवारों में से 16 (80 प्रतिशत), कांग्रेस के 19 उम्मीदवारों में से 13 (68 प्रतिशत) तथा पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) के 11 में से और नौ (82 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। इनमें से भाजपा उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री पेमा खांडू (जो तवांग में मुक्तो सीट से निर्विरोध चुने गए हैं) सबसे धनी हैं, जिनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति है।

इसके विपरीत, चांगलांग जिले के बोर्डुम्सा-दियुन निर्वाचन क्षेत्र से अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी (एडीपी) के उम्मीदवार मदन तांती 40,000 रुपए की चल संपत्ति के साथ सबसे गरीब हैं। एडीआर ने अरुणाचल प्रदेश इलेक्शन वॉच के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे 143 उम्मीदवारों में से 142 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया और बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की।

इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सागली सीट पर निर्विरोध जीतने वाले भाजपा के रातू तेची के स्पष्ट और पूर्ण हलफनामे की अनुपलब्धता के कारण उनका विश्लेशष नहीं किया गया है। विश्लेषण किए गए 142 उम्मीदवारों में से 98 राष्ट्रीय दलों से, 27 राज्य दलों से, चार पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 13 उम्मीदवार स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं।

**सार संक्षेप**

### आम चुनाव जीतने पर अल्पसंख्यकों के कल्याण को प्राथमिकता देंगे : चंद्रबाबू

**एलुरु।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अल्पसंख्यकों को आश्वासन दिया है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वे उनके कल्याण को प्राथमिकता देंगे। श्री नायडू गुरुवार को रमजान के मौके पर निदादावोलु शहर में आयोजित ईद-उल-फितर के समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मुस्लिम समुदायों को याद दिलाते हुए कहा कि पूर्व तेदेपा ने अपने शासन काल के दौरान उनके समुदाय का ख्याल रखा और मुस्लिम कल्याण निगम की स्थापना भी की थी। श्री नायडू ने कहा कि कुरनूल में उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के अलावा, संयुक्त आंध्र प्रदेश में उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा घोषित किया गया है। यह संभव केवल तेदेपा काल में ही हो पाया। उन्होंने कहा कि हैदराबाद और विजयवाड़ा में 'हज हाउस' बनाया गया था, जो लोग हज तीर्थयात्रा पर जाना चाहते हैं उनके लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था और वित्तीय सहायता दी गई थी।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, छह घायल

**दावणगेरे।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के चिन्नकट्टी गांव के पास चिन्नाकट्टे-शिवपुरा स्टेट हाईवे पर गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान 83 वर्षीय नंजुंदप्पा, 27 वर्षीय राकेश और 30 वर्षीय देवराज के रूप में हुई है, जो शिवमोग्गा ग्रामीण तालुक के हरमघट्टा गांव के निवासी थे। यह घटना तब हुई जब एक मारुति ओमनी कार और कर्नाटक सड़क परिवहन निगम की बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। घायलों का न्यामाथी सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा था, अब उन्हें शिवमोग्गा शहर के मेगन अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, सभी मृतक कार में सवार थे। बस शिकारीपुरा से शिवमोग्गा जा रही थी।

### बीजेपी में शामिल हुए दो बीजेडी विधायक अयोग्य घोषित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले विधायक अरबिंद धाली और प्रेमानंद नायक की सदस्यता समाप्त कर दी है। भुवनेश्वर लोकसभा क्षेत्र के जयदेव विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित धाली और क्योंझर लोकसभा क्षेत्र के तहत तेलकोई विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व मंत्री नायक मार्च 2024 में बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। उनकी अयोग्यता 18 मार्च को जगतसिंहपुर के विधायक प्रशांत कुमार मुदुली द्वारा दायर एक याचिका पर आई, जिसमें मांग की गई थी कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाए। न तो नायक और न ही धाली ने याचिका पर अपनी प्रतिक्रिया दी और न ही अपना पक्ष रखने के लिए अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित हुए।

## मलूक नागर हुए आरएलडी में शामिल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होगा बड़ा असर



■ बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया

■ मलूक नागर की बिजनौर और उसके आसपास के इलाके में काफी अच्छी पकड़

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले मायावती को बड़ा झटका देते हुए बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गए। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मलूक नागर को गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी में शामिल किया।

मलूक नागर के आरएलडी में शामिल होने से माना जा रहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आरएलडी को अच्छा खासा फायदा होगा। मलूक नागर की बिजनौर और उसके आसपास के इलाके में काफी अच्छी पकड़ मानी जाती है। उनकी गिनती मायावती के भरोसेमंद नेताओं में होती थी। 2009 और 2014 में मेरठ और बिजनौर सीट से चुनाव हारने के बाद भी बीएसपी सुप्रीमो ने उन पर भरोसा जताया था और 2019 में फिर बिजनौर से प्रत्याशी बनाया। सपा के साथ गठबंधन का फायदा मिलने की वजह से उन्हें जीत मिली और वो संसद पहुंचे। इसके अलावा मलूक नागर की गिनती यूपी के सबसे अमीर सांसदों में भी होती है। मलूक नागर यूपी के बड़े कारोबारी हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में दिए गए हलफनामे के मुताबिक, नागर की कुल संपत्ति करीब 250 करोड़ रुपए है। उनके पास 115 करोड़ से ज्यादा की अचल संपत्ति है। इसमें प्रॉपर्टी और कृषि की जमीन आती है। मलूक पर बैंकों का काफी कर्ज भी है। उन पर बैंकों का 101.61 करोड़ रुपये बकाया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मलूक नागर और उनके भाई के खिलाफ 54 करोड़ रुपये की वसूली का भी नोटिस जारी किया था। इसके बाद उनके कुछ ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग की रेड भी हुई थी। मालूक नागर के आरएलडी में शामिल होने के बाद जयंत चौधरी ने कहा कि आज एक जमीनी नेता पार्टी में शामिल हो रहा है। वे पहले भी लोक दल के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो आरएलडी में शामिल होना चाहते थे। उनके साथ लखीराम नागर और सुधा नागर भी आरएलडी में शामिल हो रहे हैं।

बता दें कि बीएसपी ने इस बार बिजनौर सीट से सांसद मलूक नागर का टिकट काट दिया था। उनकी जगह मायावती ने चौधरी ब्रजेंद्र सिंह को बीएसपी का उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही मलूक नागर के बीएसपी छोड़ने की खबर सामने आई थी। लेकिन बिजनौर से टिकट कटने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी।

**ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों के मुद्दे पर केंद्र पर बोला हमला**

## चुनाव से पहले ईडी, सीबीआई और अब एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों को तैनात कर रही



**हमें रॉयल बंगाल टाइगर्स की तरह हर बाधा का सामना करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा देश में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर एनआरसी, सीएए और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की कोशिश कर रही है: ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, प. बंगाल**

**कोलकाता,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को ईद के मौके पर अपने संबोधन के दौरान केंद्र पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने मध्य कोलकाता के रेड रोड पर ईद की सामूहिक नमाज के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'इस साल का चुनाव इस मायने में अनोखा है कि चुनाव से पहले केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और अब एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों को तैनात कर रही है। ऐसा करने से बेहतर होता कि केंद्र सरकार एक बड़ी जेल बनवाती, जहां सभी को रखा जा सके। क्या केंद्र सरकार 23 करोड़ लोगों को सलाखों के पीछे भेज सकती है? उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो, हमें रॉयल बंगाल टाइगर्स की तरह हर बाधा का सामना करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा देश में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी), नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम एनआरसी, सीएए और यूसीसी के नाम पर नफरत और लोगों का विभाजन नहीं चाहते हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य सभी धर्मों की एकता है। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुधवार को बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'ममता बनर्जी चाहे कितना भी विरोध करें, सीएए किसी भी कीमत पर देश में लागू किया जाएगा।' ममता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंदी है, इसलिए वोटों के विभाजन से बचें।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में डीके शिवकुमार को लोकायुक्त का नोटिस



■ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच को लेकर दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस भेजा

**बेंगलुरू,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच को लेकर दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है, 'आपके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का मामला है। मामला लोकायुक्त को स्थानांतरित कर दिया गया है। सीबीआई जांच के दौरान आपने जो जानकारी और दस्तावेज जमा किये हैं , उसे लोकायुक्त के समक्ष भी प्रस्तुत करें। लोकायुक्त की ओर से नोटिस जारी किये जाने से श्री शिवकुमार को खुद का बचाव करने के लिए जांच और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में जांच का काम सीबीआई को सौंपे जाने संबंधी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के फैसले के विपरीत मौजूदा कांग्रेस सरकार की ओर से इसकी अनुमति वापस लेना एक विवादास्पद कदम माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री को हाल ही में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किये गये मामले को रद्द करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले से अस्थायी राहत मिल सकती है। आय से अधिक संपत्ति का मामला अभी भी लंबित है और लोकायुक्त के नोटिस के साथ उनके लिए कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। श्री शिवकुमार पर 74.93 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है जो उनकी आय से अधिक है। उन्होंने हालांकि किसी प्रकार के अनुचित काम से इनकार किया है और कहा है कि वह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

## प्रियंका गांधी का 13 अप्रैल को उत्तराखंड दौरा, रामनगर और रुड़की में रैली



■ प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा में एक लाख से अधिक लोगो की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा

**देहरादून,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड में 5 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अब कांग्रेस भी चुनाव प्रचार को धार देने में जुट गई है। पार्टी अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार रही है। 13 अप्रैल को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी जनसभा करने उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर रामनगर और रुड़की आ रही हैं। उत्तराखंड कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा में एक लाख से अधिक लोगो की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश कांग्रेस संगठन उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को पहले रामनगर, फिर रुड़की में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके लिए पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है, विभिन्न नेताओं को रैली के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। संबंधित संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों से लोग यहां पहुंचेंगे। इन रैलियों के जरिए पार्टी प्रदेश भर में संदेश देने का प्रयास करेगी। इसमें प्रदेश के सभी प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

## वह दिन दूर नहीं, जब भारत होगा दुनिया की सुपर पावर : राजनाथ सिंह



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर है। आगामी 20-25 वर्षों में भारत विश्व की महाशक्ति होगा : राजनाथ सिंह**

**भोपाल,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया का सुपर पावर होगा। गुरुवार को मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के उस बयान का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'यदि आप भविष्य देखना चाहते हैं, तो भारत आएं। यदि आप भविष्य को महसूस करना चाहते हैं, तो भारत आएं। यदि आप भविष्य पर काम करना चाहते हैं, तो भारत आएं।' रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर है। आगामी 20-25 वर्षों में भारत विश्व की महाशक्ति होगा। दुनिया हमारी ओर आशा पर निगाहों से देख रही है। इसे विश्व के बड़े देश भी स्वीकार कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें मदद पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जा रहे छह हजार रुपये का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को खाद, बीज आदि खरीदने में मदद मिलती है। लेकिन विपक्ष इसकी भी आलोचना करता है। रक्षामंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बगैर किसी भेदभाव के लोगों के विकास के लिए काम किया है। धर्म, जाति, संप्रदाय को देखे बिना योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधे पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजागार प्रदान करने व महिलाओं को न्याय प्रदान करने के लिए कदम उठाया गया है।

## मुख्यमंत्री की हैसियत वाले बंदी केजरीवाल बने तिहाड़ जेल प्रशासन के लिए मुसीबत

### भगवंत मान की केजरीवाल से तिहाड़ में मुलाकात को लेकर शुक्रवार को मिलेगा ग्रीन सिग्नल

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। तिहाड़ जेल प्रशासन के लिए मुख्यमंत्री की हैसियत से बंदी बनकर आए आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल बड़ी मुसीबत बन गए है। अदालत से लेकर केंद्रीय गृहमंत्रालय तक से केजरीवाल की सुरक्षा और मुलाकात करने वालों के बारे में नए -नए फरमान जारी हो रहे है और इन सबके बीच जेल प्रशासन पर जेल मैन्युअल का पालन कराने की भी जिम्मेदारी है। अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की केजरीवाल से होने वाली मुलाकात तिहाड़ प्रशासन की परेशानी का सबब बन गई है। मान की सुरक्षा को लेकर तिहाड़ जेल में अहम रणनीति तैयार हो रही है जिसमें दिल्ली पुलिस को भी शामिल किया गया है। भगवंत मान की अरविंद केजरीवाल से होने वाली मुलाकात से पहले 12 अप्रैल को तिहाड़ जेल में अहम मीटिंग होनी है। तिहाड़ के भीतर सुरक्षा लेयर तय होने के बाद ही इस मीटिंग को ग्रीन सिग्नल दिया जाएगा। तिहाड़ जेल सूत्रों के मुताबिक अमूमन दिल्ली की तिहाड़ जेल में जेल मैन्युअल के आधार पर सजायाफ्ता और अंडर ट्रायल कैदियों से मुलाकात का समय तय किया जाता है, जिसके लिए ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था होती है। चूँकि मामला पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का तिहाड़ जेल मे मुलाकात का है तो उनकी जेड प्लस सेक्युरिटी है। भगवंत मान को खालिस्तान से कई बार धमकियां मिलने के बाद पंजाब पुलिस का सुरक्षा दस्ता सीएम भगवंत मान को कड़ी सुरक्षा देता है, जिसके बाद वो हर पल भारी भरकम सुरक्षा में नजर आते हैं। ऐसे में तिहाड़ जेल प्रशासन कोई भी जोखिम मोल नहीं लेना चाहता है क्योंकि जेल मैनुअल में यह नहीं लिखा जाता है कि किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति को किसी आम कैदी से मुलाकात के खास इंतजाम मुहैया कराए जाए। जेल के नियम सभी के लिए समान हैं इसलिए इस मुलाकात से पहले तिहाड़ प्रशासन ने पंजाब पुलिस को लिखा था ताकि सीएम भगवंत मान की तिहाड़ मूवमेंट से लेकर उनकी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तिहाड़ जेल के अंदर होने वाली मुलाकात को पूरी सुरक्षा घेरे के साथ रखा जाय। पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर 12 अप्रैल को होने वाली मीटिंग में तय किया जाएगा कि किस तारीख को सीएम भगवंत मान तिहाड़ जेल में मुलाकात के लिए आएंगे। तिहाड़ जेल के अंदर कई खूंखार कैदी भी बंद है इसीलिए तिहाड़ जेल प्रशासन पंजाब पुलिस की सुरक्षा यूनिट को भरोसे में लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात का समय तय करेगा लेकिन उससे पहले कई सवाल होंगे कि उन्हें कब आना है, कितने लोग मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रहेंगे। कितनी देर की मुलाकात होगी. किस जगह पर होगी। उन सभी की जानकारी तिहाड़ जेल प्रशासन लेगा। पंजाब पुलिस की परमिशन के बाद ही तिहाड जेल में मुलाकात का समय तय किया जाएगा।



उल्टा पुल्टा

लड़की : अगर मैं मर जाऊ तो तुम क्या करोगे ?
लड़का : मैं भी मर जाऊंगा।
लड़की : पर क्यू ?
लड़का : तेरे चक्कर में उधारी इतनी हो गई है कि अब जीना मुश्किल है।

# ‘जेल का जबाव, वोट से’ कैंपेन के तहत आतिशी ने की पदयात्रा

■ ‘आप’ के इस कैंपेन को मिला लोगों का जबरदस्त समर्थन

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ आप नेता आतिशी व दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने ‘जेल का जबाव, वोट से’ कैपेन के तहत गोविन्दपुरी एक्सटेंशन, कालकाजी में की पदयात्रा और डोर टू डोर कैंपेन किया। गोविन्दपुरी कालकाजी में ‘आप’ के इस कैंपेन को लोगों का ज़बरदस्त समर्थन मिला।। लोग अपने मुख्यमंत्री की गिरफ़्तारी से नाराज़ दिखे और कहा कि– लोकसभा चुनावों में भाजपा की अपने इस षड्यंत्र का जबाव ज़रूर मिलेगा। लोगों ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को अपना परिवार माना है, उनके खिलाफ़ ऐसा अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा को इसका परिणाम भुगतना होगा। हम इस बार ‘जेल का जबाव, वोट से’ देंगे।

इस मौक़े पर वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को प्यार करते है। लोगों को पता है कि, अरविंद केजरीवाल ही है जिन्होंने सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बनाकर आम लोगों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दी। केजरीवाल ही है जिन्होंने दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है और उनके लिए शानदार अस्पताल, मोहल्ला क्लिनिक की व्यवस्था की है, शानदार स्वास्थ्य व्यवस्था दी है। केजरीवाल ही है जिन्होंने दिल्ली के लोगों को बेहतर सुविधाएं दी है।

ऐसे में अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी से लोगों में बहुत रोष है। लोग जानते है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी साज़िश के तहत की गई है। केजरीवाल को झूठे आरोपों में गिरफ़्तार किया गया है। ऐसे में इस गिरफ़्तारी से लोग बहुत गुस्सा है। और इस गिरफ़्तारी का गुस्सा लोग अपने वोट के साथ दिखाएंगे, चुनावों में दिखाएंगे। इस लोकसभा चुनाव में लोग आम आदमी पार्टी को वोट देकर जिताएंगे।



दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को प्यार करते है, उन्हें पता है कि केजरीवाल ने ही बेहतर सुविधाएं दी है : आतिशी

आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर मोदी और भाजपा ने बहुत बड़ी गलती की है। हर तानाशाह का अंत होता है और मोदी और भाजपा की ये गलती उनकी तानाशाही का अंत साबित होगा। दिल्ली वाले अपने मुख्यमंत्री से बहुत प्यार करते है और मोदी और भाजपा की इस अति का जबाव उन्हें दिल्ली और पूरा देगी। इस मौक़े पर लोगों ने कहा कि, भाजपा द्वारा केजरीवाल के साथ की ज़्यादती से हम बहुत ज़्यादा दुखी है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को अपने परिवार की तरह माना है। हर दिल्लीवासी की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखा है। उन्हें साज़िश के तहत गिरफ्तार किया गया है। अपने मुख्यमंत्री के खिलाफ हम ऐसा अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा को इसका कड़ा परिणाम भुगतना होगा। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की इस साजिश का, मुख्यमंत्री को जेल में डालने का जबाव हम भाजपा को अपने वोट से देंगे।

## दिल्ली की जनता ‘जेल का जवाब वोट से’ कैंपेन को नकार देगी : भाजपा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी से दूरी बना ली है और पार्टी के जेल का जवाब वोट से कैम्पेन को पूरी तरह नकार दिया है। आज जब मंत्री आतिशी अपने चुनाव क्षेत्र कालका जी में कैम्पेन लेकर पहुंची तो लोगों की प्रतिक्रिया इतनी खराब थी की हताश आतिशी को सवाल पूछ रही पत्रकार पर झुंझलाहट निकालते देखा गया। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दिल्ली की जनता आप के जेल का जवाब वोट से कैम्पेन को वैसे ही नकार रही है जैसे कालका जी विधानसभा की जनता ने 2022 के नगर निगम चुनाव में क्षेत्र के तीनों वार्ड हरा कर आतिशी को नकारा था।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया इमामों का शुक्रिया अदा, बोले

# दिल्ली ने देश के लिए सौहार्द की बेहतरीन मिसाल पेश की

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। ईद-उल-फितर की बधाइयों को दोहराते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों के इमामों और सभी मुसलमान भाईयों का मस्जिद परिसरों के अंदर ही नमाज अदा करने के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हुआ कि लोगों ने पूरी तरह से मस्जिदों-ईदगाहों के भीतर ही नमाज अदा की। दिल्ली ने देश के लिए सौहार्द और सहास्तित्व की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है.

उपराज्यपाल ने कहा कि अलहदा के समय पर मस्जिद परिसर के अंदर ही नमाज आयोजित और अदा कर इमामों और मुस्लिम भाईयों ने सुनिश्चित किया कि सड़कों पर आवाजाही प्रभावित न हो, किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे और आम लोगों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने ईद के मौके पर राजनिवास आए इमामों और मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।

उपराज्यपाल ने कहा कि विगत 4 अप्रैल को दिल्ली के अनेक मुअज़्ज़िज इमामों के साथ बैठक में उन्होंने इस बाबत चर्चा और अपील की थी कि नमाज परिसर के अंदर ही हो। समुदाय ने नमाज के लिए निर्धारित समय पर उनके सुझाव का स्वागत करते हुए इस पर अमल करने का भरोसा दिया था।



दिल्ली के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हुआ कि लोगों ने पूरी तरह से मस्जिदों-ईदगाहों के भीतर ही नमाज अदा की : वीके सक्सेना, उपराज्यपाल

आगे उपराज्यपाल ने कहा कि आज दिल्ली में कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं अदा की गई और न ही कोई अप्रिय घटना घटी। सबकुछ सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इससे साफ है कि आपसी चर्चा और सद्भावना से सभी मसले हल किए जा सकते हैं। बता दें, गत दिनों दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में नमाज के दौरान एक पुलिसकर्मी द्वारा सड़क से नमाजी को हटाने को लेकर काफी बवाल हुआ था। माहौल तनावपूर्ण बन गया था। उसके बाद रमजान के मौके पर कहीं भी से भी अप्रिय घटना ना हो, इसकी खास हिदायत दी गई थी।

# नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाला, गिरफ्तार

■ आरोपी से दो मोबाइल, सिम कार्ड व एक लैपटॉप बरामद

■ पूसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की है आरोपी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। विज्ञापन देकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले एक जालसाज को दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की सायबर सेल ने 6 अप्रैल को गिरफ्तार किया है। आरोपी 31 वर्षीय विशाल आहूजा के पास से पुलिस ने दो मोबाइल, सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है। आरोपी ने पूसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की है। पढ़ाई के बाद वह केएफसी और पिज्जा हट में नौकरी भी कर चुका है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 28 मार्च को एक शख्स सागर रंगा ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर हुई अपने साथ ठगी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज की थी।

पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने बैंक अकाउंट नंबर और मोबाइल नंबर के मदद से द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह वर्क इंडिया जॉब पोर्टल का एक पैकेज खरीदता था। वहां पर नौकरी देने का विज्ञापन देता। नौकरी के लिए जब कोई संपर्क करता तो वह अलग-अलग शुल्क के नाम पर पैसे मांगता। फिर फर्जी नियुक्ति पत्र ऑनलाइन भेज कर पीड़ितों से संपर्क तोड़ देता।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि पहले वह केएफसी और पिज्जा हट में काम करता था। लेकिन पिछले साल एक दुर्घटना का शिकार होने के बाद उसने नौकरी छोड़ दी। घर का खर्च चलाने के लिए उसके काम की जरूरत थी तो आरोपी ठीक होने के बाद धोखाधड़ी करने लगा। जांच में पता चला कि वह धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल रहा है।

## सार संक्षेप

### एरियल ने की अपने नए अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** एरियल ने अपने नए अभियान की शुरुआत की है जो लंबे समय से चले आ रहे आंदोलन को हाइलाइट करता है और साथ ही महिलाओं, महिलाओं का समर्थन करने वाली महिलाओं और पतियों जो घरेलू जिम्मेदारियों में विश्वसनीय साथी बनते हैं और होमटीम के रूप में घर पर एक टीम के रूप में काम करते है, पर भी प्रकाश डाला है। एरियल की नवीनतम फिल्म, होमटीम हैशटैग शेयर द लोड में ध्यान घरेलू टीम के गठन पर है और घरेलू कार्यों को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में पुनरावृत्ति कर रही है। यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न आयशा की कहानी के माध्यम से पुरुषों के लिए उठता है, जो अपने करियर और घरेलू जिम्मेदारियों को संतुलित करने का प्रयास कर रही हैं। इस अभियान के लॉन्च कार्यक्रम में एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल हुआ, जिसमें बॉलीवुड आइकन अनिल कपूर, अभिनेत्री सोनम कपूर, पी एंड जी इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मुक्ता माहेश्वरी और उपाध्यक्ष फैब्रिक केयर, पी एंड जी भारतीय उपमहाद्वीप और जोसी पॉल, बीबीडीओ इंडिया के अध्यक्ष और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर शामिल थे।

### खंभे से टकराई डीटीसी की बस, 18 लोग घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में गुरुवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक बस के खंभे से टकरा जाने से ड्राइवर और कंडक्टर समेत 18 लोग घायल हो गए। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि सुबह 11:40 बजे राजौरी गार्डन पुलिस स्टेशन में एक डीटीसी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची, जहां वाहन सड़क के किनारे एक खंभे से टकराया हुआ मिला। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि इस दुर्घटना में अब तक 18 लोगों के घायल होने की सूचना है।

### झूठ व मक्कारी के साथ नहीं रह सकता : आनंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री पद छोड़ने वाले राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) पर फिर से जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि मैं किसी के दबाव में नहीं हूं और न ही मैं कहीं कोई पार्टी ज्वाइन कर रहा हूं, लेकिन मैं झूठ और मक्कारी के साथ नहीं रह सकता हूं। एक दिन पहले आम आदमी पार्टी से त्यागपत्र दे चुके राजकुमार आनंद ने गुरुवार को कहा कि वह ईडी से डरकर सरकार से बाहर नहीं आए हैं। न उनके बच्चों पर कोई तलवार लटक रही है। मैं जानता हूं कि मंत्री बनने का मौका रोज-रोज नहीं मिलता है। ईडी का छापा शराब घोटाले की मनी ट्रेल ढूंढने के लिए था। ईडी को न कोई सबूत मिला और न ही मेरे उसमें लिप्त होने का कोई भी सुराग मिला है। यह खुद ईडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है।

### हत्या का दोषी तीन साल बाद मुंबई से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पैरोल पर बाहर आया था, लेकिन जेल में लौटा ही नहीं। वह पिछले तीन साल से फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान मोहम्मद मुस्ताक के रूप में हुई है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपनी दाढ़ी-मूंछें कटवा कर पहचान बदल ली थी। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) अमित गोयल ने कहा कि दिल्ली में कुछ साल पहले मुस्ताक और उसके दो दोस्तों के बीच एक चाय की दुकान पर झगड़ा हुआ था।

# निजी स्वार्थों की खातिर मलूका परिवार भाजपा में हुआ शामिल : सरना

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ अकाली नेता व पूर्व मंत्री सिंकदर सिंह मलूका के सुपुत्र व पुत्रवधु के भाजपा में शामिल होने पर परमजीत सिंह सरना ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि निजी स्वार्थों की खातिर पंथ और पंजाब के हितों का त्याग करते हुए यह लोग भाजपा में शामिल हुए हैं।

शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने कहा कि मलूका परिवार ने अकाली दल में रहते हुए कई उच्च पद हासिल किए। मगर अब चुनावों के बीच



पलटी मारते हुए पंथ, पार्टी व पंजाब की पीठ में छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने अपने सिद्धांतों पर कायम रहते हुए पंथ और किसानों के मुद्दों के स्थाई समाधान किए बिना गठबंधन से इनकार कर दिया था मगर कुछ लोग इन मुद्दों से मुंह मोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ऐसे लोगों से पंजाब की जनता निश्चित तौर पर हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि इन दलबदलुओं को पार्टी में शामिल करने से 3-4 फीसदी जो वोट उसे मिलना था वह भी नहीं मिलेगा बल्कि जमानत जब्त होनी तय है। सरदार सरना ने पार्टी अध्यक्ष एस. सुखबीर सिंह बादल से अपील करते हुए कहा कि स. सिंकदर सिंह मलूका को तुरंत पार्टी के सभी पदों से निरस्त किया जाए।

# बीमार पेड़ों के इलाज के लिए ट्री एम्बुलेंस लॉन्च

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। नई दिल्ली में पेड़ों को बीमारी से बचाने और इस क्षेत्र की हरियाली को उन्नत करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के बीमार पेड़ों को उचित उपचार प्रदान करने और उन्हें एक नया जीवनदान देने के लिए एक ट्री एम्बुलेंस लॉन्च की है।

एनडीएमसी क्षेत्र में लगभग 1.80 लाख पेड़ों सहित समृद्ध हरियाली क्षेत्र है। ट्री एम्बुलेंस का उपयोग बीमारियों, कीटों और दीमक आदि से पीड़ित पेड़ों के इलाज के लिए किया जाएगा। ट्री एम्बुलेंस के रूप में उपयोग किए जाने वाले वाहन का उपयोग करके सर्जरी और उपचार के माध्यम से भी पेड़ों के खोखले तने को नया जीवन प्रदान किया जाएगा। पेड़ की सर्जरी की प्रक्रिया संक्रमित या खोखले हुए हिस्से को हटाने, उसे ब्रश से साफ करने, ठीक से धोने, संक्रमित हिस्से पर कीटनाशक, फफूंदनाशक लगाने और खोखले तने को फोम जैसे अक्रिय पदार्थ से भरने और चिकन




जाल से ढकने से शुरू होती है, इसे सील करना इत्यादि भी इसमें शामिल है। एनडीएमसी ने एक इको-फ्रेंडली - सीएनजी आधारित वाहन पर इस ट्री एम्बुलेंस को तैयार किया है, जो 750 लीटर और 250 लीटर भंडारण क्षमता वाले दो पानी के टैंक और जेटिंग पम्प के साथ एक उच्च दबाव पंप से सुसज्जित है, जिसमें अनेक उपकरण, कीटनाशक, कवकनाशी और फफूंदनाशक आदि ले जाने का प्रावधान है। इस ट्री एम्बुलेंस पर टीम को पेड़ों के स्वास्थ्य की जांच करने और नियमित आधार पर उपचार की आवश्यकता, पेड़ों की धुलाई के लिए कीट संक्रमण, खोखले या सूखने वाले पेड़ों से संबंधित शिकायतों पर ध्यान देने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ तैनात किया जाएगा।

# लेडी हार्डिंग में पूरी क्षमता के साथ शुरू हुआ केंद्रीय प्रयोगशाला

■ 24 घंटे सातों दिन मिलेगी एमआरआई सहित दूसरी आधुनिक सुविधाएं



**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को जांच करवाने के लिए परेशान नहीं होना होगा। अस्पताल में 3 टेस्ला एमआरआई प्रणाली और आईपीडी ब्लॉक में केंद्रीय प्रयोगशाला को पूरी क्षमता के साथ शुरू कर दिया गया है। दुर्घटना और आपातकालीन ब्लॉक भी कार्यात्मक है।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. सुभाष गिरी ने बताया कि 3 टी एमआरआई सहित अन्य मशीन पूरी तरह से आधुनिक हैं। उनकी मदद से कम समय में उच्च स्तर की जांच रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं। यहां पर एमआर एंजियोग्राफी, एमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, डिफ्यूजन एमआरआई सहित दूसरे एमआरआई अध्ययन भी 24 घंटे सातों दिन कर सकेंगे।

आईपीडी ब्लॉक की केंद्रीय लैब पूरी तरह से स्वचालित, अत्याधुनिक प्रयोगशाला है। मरीजों की सुविधा के लिए नमूना संग्रह भी ओपीडी के भूतल पर है। यहां पर पैथोलॉजी व हेमेटोलॉजी की सभी सुविधाएं मिल रही है। इसमें रक्त ग्लूकोज, यकृत कार्य परीक्षण, गुर्दे कार्य परीक्षण, थायराइड कार्य परीक्षण, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोनल परीक्षण, प्रजनन प्रोफाइल, इंसुलिन, ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन सहित अन्य जांच शामिल है।

इसके अलावा माइक्रोबायोलॉजी विभाग एचआईवी परीक्षण और परामर्श के एकीकृत केंद्र को केंद्रीय प्रयोगशाला में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है।

इन लैब में जांच के बाद मरीज को ऑनलाइन माध्यम से रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जा रही है। रिपोर्ट जल्द उपलब्ध करवाने के लिए एलआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है।

## ऑक्सीजन की सुविधा हुई तीन गुनी

साल 2023 -24 के दौरान अस्पताल में ऑक्सीजन की सुविधा तीन गुना बढ़ा दी गई है। आईसीयू, आपातकालीन सेवाओं और अन्य क्षेत्रों को मिलाकर कुल 930 बिस्तरों पर ऑक्सीजन की आपूर्ति लाइन के साथ एक नई मेडिकल गैस पाइपलाइन प्रणाली की मदद से की जा रही है। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी बढ़ाई गई है।


# दिल्ली रेलवे मंडल ने 15 माह में बिना टिकट यात्रा करने वालों से वसूला 25 करोड़ जुर्माना

■ डॉ. कला अय्यर

■ दिल्ली से पानीपत व गाजियाबाद रूट पर सबसे अधिक यात्री करते हैं बिना टिकट के सफर

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु )। बिना टिकट ट्रेन में सफर करना दंडनीय अपराध है फिर भी बिना टिकट सफर करते है। यह अपराध दिल्ली से गाजियाबाद और पानीपत रूट पर सफर करने वाले यात्री सबसे ज्यादा कर रहे हैं। 2023-24 में दिल्ली डिवीजन में 9,54,359 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। इन पर रेलवे की ओर से 25.55 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया।

वहीं, बड़ी संख्या में यात्री औसत से अधिक सामान लेकर चलते हैं। 714 यात्री औसत से अधिक बिना बुकिंग किए ट्रेन में सामान ले जाते हुए पकड़े गए। रेलवे की ओर से इन पर 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एक व्यक्ति पर औसतन 1,260 रुपए का जुर्माना लगा है। रेलवे अधिकारियों से प्राप्त आंकडो के




साल दर साल बिना टिकट सफर करते हुए पकड़े जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ रही है

मुताबिक दिल्ली से रोहतक बठिंडा, दिल्ली से रेवाड़ी, दिल्ली से गाजियाबाद, दिल्ली से पानीपत, दिल्ली से सहारनपुर, दिल्ली शाहदरा टपरी, दिल्ली से शामली रूट पर रोजाना एक हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है। इन ट्रेनों में लाखों यात्री सफर करते हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली से पानीपत और दिल्ली से गाजियाबाद रूट पर सबसे अधिक यात्री बिना टिकट के सफर करते हैं। क्योंकि इसी रूट पर सबसे ज्यादा यात्री चेकिंग के दौरान पकड़े जाते हैं।


रेलवे अधिकारियों के अनुसार साल दर साल बिना टिकट सफर करते हुए पकड़े जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। यदि यह रेलवे की सख्ती है तो ट्रेनों में बिना टिकट यात्रियों की संख्या कम होनी चाहिए। यदि ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों की संख्या सख्ती न होने से बढ़ रही है तो यह रेलवे के लिए नुकसानदायक है। वाणिज्य विभाग और आरपीएफ मिलकर अभियान चलाते और बिना टिकट ट्रेन में सफर करने वालों को गिरफ्तार करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021 में 4,28,067 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। उनसे 21 करोड़ 66 लाख 43 हजार 235 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वर्ष 2022 में 4,98,278 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। इन यात्रियों से 30 करोड़ 29 लाख 73 हजार 612 रुपए जुर्माना वसूला गया। 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 9,54,359 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया। इनसे 25.55 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला गया। गौर करने की बात यह भी है कि बिना टिकट पकड़े गए एक भी यात्री को जेल नहीं हुई।

# इंडिया हैबिटेट सेंटर में ‘मैनिक्विन’ एग्जिबिशन को देखने बड़ी संख्या में पहुंचे कला के कद्रदान

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी के इंडिया हैबिटेट सेंटर में लगी प्रदर्शनी ‘मैनिक्विन’ को देखने के लिए दूसरे दिन काफी संख्या में लोग पहुंचे। आईएचसी की विजुअल आर्ट गैलरी में मंगलवार को शुरू हुई इस प्रदर्शनी में मुंबई के फिल्ममेकर और प्रोडक्शन डिजाइनर सुमित मिश्रा की 25 सोलो मैनिक्विन पेटिंग प्रदर्शित की गई हैं।

अपनी बात कहने के आर्टिस्ट के इस अनोखे तरीके को दर्शक काफी उत्सुकता से देख रहे हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सेक्रेटरी डॉ. सच्चिदानंद जोशी भी आज इस प्रदर्शनी में पहुंचे और यहां प्रदर्शित पेंटिंग्स को सराहा। अभिनेता आदित्य ओम गैलरी में प्रदर्शित मैनिक्विन आर्ट को निहारते नजर आए।

कला के कद्रदानों से मुखातिब होने और अपनी कला और दृष्टि पर चर्चा करने के लिए सुमित मिश्रा खुद भी लगातार प्रदर्शनी में मौजूद हैं। ‘मैनिक्विन’ प्रदर्शनी पर बात करते हुए सुमित मिश्रा कहते हैं उन्होंने इसके जरए मौजूदा समय के विभिन्न विषयों और अर्थों को समेटने का प्रयास किया है। प्रदर्शनी में एक पेंटिंग विशेष तौर पर सबका ध्यान आकर्षित कर रही है, जिसमें ढेर सारे नर मुंड



■ आईजीएनसीए के सेक्रेटरी डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने सुमित मिश्रा की कला को सराहा

दिखाई दे रहे हैं। सुमित मिश्रा उसकी व्याख्या करते हुए उसे ‘शांत सैलाब’ की संज्ञा देते हैं। यानी इंसानों का एक ऐसा समंदर जिसमें अंधे, गूंगे, बहरे और मासूम लोगों की भीड़ है, जो सिर्फ अनुसरण करना जानती है। लेकिन यही भीड़ जब नींद से जागती है और अपनी खामोशी तोड़ती है तो एक नया सवेरा होता है। गौरतलब है कि मुंबई की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए दो दशक से काम कर रहे बीएचयू के पूर्व छात्र सुमित मिश्रा कई फिल्मों और टीवी सीरियल्स के लिए प्रोडक्शन डिजाइनिंग कर चुके हैं। उनकी शॉर्ट फिल्म ‘अमृता’ को 20 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड मिल चुके हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

विज्ञापन माफिया शिव शक्ति ड्रीम्स होम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा न केवल अवैध विज्ञापन चलाकर नियम विरुद्ध कार्य किया है बल्कि ट्रैफिक सिग्नल को अपनी मनमानी करते हुए बंद करने का भी गलत कार्य किया है जिससे शहर की इतनी बड़ी आबादी को भी परेशानी में डाला है, लगभग 48 ट्रैफिक सिग्नल को प्रभावित किया गया जिसको दोबारा से प्रारंभ करने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी कर रहे हैं, 48 में से 19 ट्रैफिक सिग्नल्स को चालू कर व्यवस्थित कर दिया गया है। **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## 85 साल के बुजुर्ग, दिव्यांग घर पर डाल सकेंगे मत

- **निर्वाचन अधिकारी ने 5 विस सीट के लिए बनाई टीम**
- **सुबह 7 से शाम 6 बजे कर सकेंगे मतदान**

**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। 85 साल या अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और कोविड पॉजिटिव मतदाता घर पर अपना वोट दे सकते है। इसके लिए 15 और 16 अप्रैल को डॉक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा घर पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार इसके लिए टीम बना दी गई है। मसलन नोएडा के लिए 8 टीम, विधानसभा दादरी के लिए 3 टीम और विधानसभा जेवर के लिए 9 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक मतदान टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियोग्राफी को लगाया गया है। उन्होंने बताया मतदान टीम 15 अप्रैल और 16 अप्रैल 2024 को घर घर जाकर सुबह 07 से सायं 6 बजे तक मतदान कराने का कार्य करेगी। जनपद बुलंदशहर के गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के समाहित विधानसभा सिकन्द्राबाद और विधानसभा क्षेत्र खुर्जा में 13 और 15 अप्रैल को पोस्टल बैलेट मतदान का कार्य कराया जायेगा। समस्त राजनीतिक दल एवं समस्त प्रत्याशी गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते है।

# शहर हित में निगम ने तत्परता से चालू कराए ट्रैफिक सिग्नल

### नगर आयुक्त ने दोषी फर्म के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के जारी किए निर्देश





- **मै. शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ऑफिस में बरामद हुई ट्रैफिक सिग्नल के 52 बूथों की चाबी, कोर्ट करेगा कार्रवाई**

**शहरवासियों को न हो परेशानी, दो दिन के भीतर समस्त ट्रैफिक सिग्नल को चालू करें टीम : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा विज्ञापन माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है जिसके क्रम में मै0 शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बंद किए गए ट्रैफिक सिग्नल को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पुन: चालू करने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, तथा फर्म के पार्टनर्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश भी दिए हुए हैं, प्रभारी विज्ञापन द्वारा 8 अप्रैल तथा 10 अप्रैल को दो प्राथमिक की दर्ज भी कराई गई है जिस पर पुलिस विभाग कार्रवाई कर रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि विज्ञापन माफिया शिव शक्ति ड्रीम्स होम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा न केवल अवैध विज्ञापन चलाकर नियम विरुद्ध कार्य किया है बल्कि ट्रैफिक सिग्नल को अपनी मनमानी करते हुए बंद करने का भी गलत कार्य किया है जिससे शहर की इतनी बड़ी आबादी को भी परेशानी में डाला है, लगभग 48 ट्रैफिक सिग्नल को प्रभावित किया गया जिसको दोबारा से प्रारंभ करने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी कर रहे हैं, 48 में से 19 ट्रैफिक सिग्नल्स को चालू कर व्यवस्थित कर दिया गया है तथा ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चले कार्रवाई की जा चुकी है शीघ्र ही बचे हुए ट्रैफिक सिग्नल को भी 2 दिन के भीतर व्यवस्थित कर दिया जाएगा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, पुलिस विभाग को भी दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए पत्राचार किया जा चुका है, पुलिस विभाग द्वारा फर्म के ऑफिस में भी रेड की गई जिस पर ट्रैफिक सिग्नल कंट्रोलर यूनिट 15 नग, एसएमपीएस पावर सप्लाई 32 नग, कंट्रोलर यूनिट के मदरबोर्ड तीन नग, कंट्रोलर यूनिट कैबिनेट 8 नग, 52 बूथो की चाबी बरामद हुई है, फर्म के पार्टनर हरीश शर्मा, गुंजन शर्मा, कपिल मोहन गुप्ता, तरुण शर्मा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए अवगत कराया गया है।

आवागमन में परेशानी का सामना कर रहे शहरवासियों को ट्रैफिक सिग्नल की समस्या से समाधान दिलाने के लिए लगातार गाजियाबाद नगर निगम की टीम जुटी हुई है, जिसके क्रम में प्रमुख चौराहों को प्राथमिकता पर व्यवस्थित किया गया है लगभग 19 ट्रैफिक सिग्नल पूर्णत: सुचारु किया जा चुके हैं नगर आयुक्त के नेतृत्व में जहां तत्परता से ट्रैफिक सिगनलों को दोबारा से सुचारु किया जा रहा है वही परेशानी की जड़, शिव शक्ति ड्रीम्स होम्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी कराई जाएगी, प्रभारी विज्ञापन तथा सह विज्ञापन प्रभारी/ जोनल प्रभारी समस्त ट्रैफिक लाइटों पर जनता से कार्य कर कर अपने कंट्रोल में ट्रैफिक सिग्नल्स को व्यवस्थित कर रहे हैं, चौधरी मोड़, कालका गाड़ी, साहिबाबाद मंडी रेड लाइट, वैशाली मैक्स हॉस्पिटल रेड लाइट, सिद्धार्थ विहार रेड लाइट, डाबर चौक रेड लाइट, कंट्री होटल वैशाली रेड लाइट, हापुर चुंगी रेड लाइट, राकेश मार्ग रेड लाइट, रमती राम रोड रेड लाइट ठाकुरद्वारा रेड लाइट, सेठ मुकंद लाल कॉलेज स्थित रेड लाइट, एसडीएम कंपाउंड रेड लाइट, रेलवे स्टेशन रेड लाइट, मोहन नगर रेड लाइट व अन्य लिंक रोड की रेड लाइट ट्रैफिक सिगनलों को व्यवस्थित किया जा चुका है शहर हित में आवागमन को व्यवस्थित किया जा चुका है बचे हुए ट्रैफिक सिग्नल को भी दो दिन के भीतर सुचारु कर दिया जाएगा।

प्रभारी विज्ञापन पल्लवी द्वारा बताया गया नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में शहर हित में कार्य करते हुए गाजियाबाद नगर निगम की समस्त जोनल प्रभारी ने, ट्रैफिक सिग्नल की समस्या को निस्तारित कर दिया गया है तथा तेजी से कार्य करते हुए बंद हुए ट्रैफिक सिगनलों को चालू कराया जा रहा है 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है इसके अलावा दोषी फॉर्म के विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है प्राथमिक की दर्ज की जा चुकी है फर्म के चारो पार्टनर की विरुद्ध कड़ी कार्रवाई पुलिस विभाग कर रहा है, शहर की ट्रैफिक सिग्नल को चालू कर व्यवस्थित कर दिया गया है।

## सार संक्षेप

### दिन दहाड़े महिला के गले से छीनी चैन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-50 के एफ ब्लॉक की रोड पर एक महिला के गले से बाइक सवार बदमाश चेन स्नेचिंग कर ले गए। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। ये काम दिन दहाड़े किया गया। पीड़ित महिला ने थाना सेक्टर-49 पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर ही है। जल्द ही बाइक सवार बदमाश को गिरफ्तार किया जाएगा। ये वीडियो 13 सेंकेंड का है। जिसमें एक महिला अपने पति के साथ सड़क के किनारे चल कही जा रही थी। इस दौरान सामने से बाइक सावर आता है और गले पर झपट्टा मारकर चेन खींच कर ले जाता है। इसका एक और वीडियो भी है जिसमें साफ दिख रहा है कि बाइक सावर सड़क पर ही कुछ देर तक खड़ा रहता है। इसके बाद मौका पाते ही वो महिला के गले से चेन खींच लेता है। महिला शोर मचाती है लेकिन तब तक बाइक सवार फरार होता है। जबकि वहां सोसाइटी के गार्ड से लेकर कई लोग मौजूद थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। जिसमें बाइक सावर का नंबर भी पुलिस को मिल गया है। बताया गया कि जल्द ही बदमाश को गिरफ़्तार किया जाएगा। इससे पहले भी इसी स्थान पर चेन स्नेचिंग की घटना हो चुकी है।

### मोबाइल टावर से महंगे उपकरण चोरी करने वाले 7 गिरफ्तार



**नोएडा।** थाना फेस-3 नोएडा पुलिस ने सर्विलांस टीम के सहयोग से मोबाइल टावरों से कीमती आरआरयू व अन्य उपकरण चोरी करने व बेचने वाले 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 40 आरआरयू, चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण, घटना में प्रयुक्त दो गाड़ी, एक मोटरसाइकिल व 6 मोबाइल फोन बरामद किए है। इन लोगों ने सेक्टर-68 डंपिंग ग्राउंड को अपना ठिकाना बनाया था। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-3 पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान सर्विलांस टीम के सहयोग से एक बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार नहीं रुके। पुलिस ने उनका पीछा किया और मोटरसाइकिल सवार बदमाश दानिश कुरैशी और राधे को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मोबाइल टावर से चोरी किया हुआ सामान बरामद हुआ। इन दोनों की निशानदेही पर डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-68 से फैजान कुरेशी, रिजवान मलिक, बिलाल मलिक उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मोबाइल टावर से चोरी किया गया सामान व चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। इसके अलावा साई अपार्टमेट के सामने के डंपिग ग्राउंड से रोहित उर्फ निप्पल, शहजाद उर्फ मनीष को गिरफ्तार किया गया। जिनसे आर.आर.यू व चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। ये लोग महंगे उपकरण चोरी करके कबाड़ और अन्य स्थानों पर बेच देते थे। जिससे मिले पैसो का प्रयोग मौज मस्ती के लिए करते थे। इन सभी पर कई मुकदमे दर्ज है।

## चुनाव के दौरान जब्त की गई नकदी व बहुमूल्य धातु की जांच तीन सदस्यीय ग्रीवांस कमेटी करेगी : कुच्छल

**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा की मांग पर चुनाव आयोग ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए चुनाव के दरम्यान व्यापारियों की परेशानियों को देखते हुए कुछ राहत प्रदान की है। चुनाव आयोग के निर्देश में कहा गया है कि चुनाव के दौरान व्यापारियों के कारोबार में कोई परेशानी खड़ी न हो, इसके लिए किसी भी एजेंसी की ओर से सीज किए गए कैश या बहुमूल्य धातु की जांच तीन सदस्यीय जिला ग्रीवांस कमेटी करेगी।

चुनाव आयोग के अनुसार, जब्त किया गया धन या अन्य सामान किसी उम्मीदवार या राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं है या फिर किसी भी चुनाव अभियान आदि के लिए उसका इस्तेमाल नहीं किया जाना है, तो तत्काल उसे रिलीज करने का आदेश दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल नोएडा के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने चुनाव आयोग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश में चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होने के बाद कैश और कीमती सामान को लाने-ले जाने से जुड़ी सीमा व दस्तावेज रखने की पाबंदी ने व्यापार की कमर तोड़ दी है। वैवाहिक त्योहारी सीजन सिर पर है, लेकिन सराफा, कपड़ा, किराना बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है। इससे क्षुब्ध व्यापारी वर्ग लामबंद होकर चुनाव आयोग से शिकायत की थी। कुच्छल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश में कहा गया है कि इस कमेटी में सीईओ या सीडीओ, चुनाव खर्च की मॉनिटरिंग करने वाली टीम के संयोजक और जिला कोषाधिकारी शामिल होंगे। जिला शिकायत समिति जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वत: जांच करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार, दस लाख रुपये या इससे ज्यादा का कैश किसी वाहन या व्यक्ति के पास मिलता है और जांच में इस धन का कनेक्शन किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या किसी आपराधिक गतिविधि में नहीं पाया जाता है, तो उसे भी सीज नहीं किया जाएगा। हालांकि, इनकम टैक्स विभाग को इसकी सूचना दी जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन से चार टीमें तैनात रहेंगी। प्रत्येक टीम में एक मजिस्ट्रेट और चार से पांच सिपाही रहेंगे। ये टीम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही कैश, हथियार, कीमती चीज या अन्य की जांच कर सकती है। प्रत्येक जांच की रिकॉर्डिंग भी होगी।

इसमें खास बात है कि कोई भी व्यक्ति 300 रुपए शुल्क देकर सीसीटीवी या वीडियो रिकॉर्डिंग की फुटेज ले सकता है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के पास आवेदन करना होगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन या इससे अधिक फ्लाइंग स्क्वायड तैनात रहेंगे।

## अमन के लिए उठे लाखों हाथ, मांगी दुआ

### सेक्टर-8 जामा मस्जिद में करीब 25 हजार नमाजियों ने अता की नमाज



**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। ईद के मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों विभिन्न इलाकों के मस्जिदों में नमाज अता की। लोगों की ज्यादा संख्या होने के चलते नमाज शिफ्ट में अता की गई। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अता करते हुए अमन चैन के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर पुलिस विभाग भी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पूरी तरीके से मुस्तैद रही। नोएडा के सेक्टर-8 जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे ईद की नमाज अता की गई। यहां दो शिफ्ट पहली 8 बजे और दूसरी साढ़े आठ बजे नमाज अता की गई। इसके अलावा निठारी की मदीना मस्जिद में में भी दो शिफ्ट में नमाज अता की गई। वहीं सेक्टर-6 की ईद गाह में नमाज अता की गई। इसके बाद गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। लोगों ने एक दूसरे को ईदी देकर भी बधाई दी। ईद को देखते हुए नोएडा पुलिस ने सुबह छह बजे से ही डायवर्जन लागू कर दिया था। जिसके चलते नमाजियों को मस्जिद तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हुई। नमाज अता के साथ शहर भर में बधाईयों का दौर शुरू हुआ। लोगों ने एक दूसरे को सिवई भेजकर ईद की बधाई दी। वहीं शाम तक शहर के मॉल और होटल रेस्टोरेंट में भी लोगों की भीड़ रही।

## बंद फर्नीचर की कंपनी के बेसमेंट में लगी आग



- **कोई हताहत नहीं, सब कुछ जल कर खाक**
- **आग बुझाने में लगा 1 घंटा**

**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-10 स्थित फर्नीचर की बंद कंपनी के बेसमेंट में देर रात आग लग गई। आग तेजी से फैली की पूरे बेसमेंट और फर्स्ट फ्लोर तक आग फैल गई। पहले लोगों ने आग को बुझाने प्रयास किया। लेकिन बेकाबू होती आग को देख कोतवाली फेज-1 और फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन गाड़ियों की मदद से आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जबकि कंपनी के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है।

फायर डिपार्टमेंट की टीम आग लगने के कारणों की जांच और आग से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा के सेक्टर -10 सी 454 में स्थित एम आर ऑफिस सिस्टम और सुप्रीम फर्नीचर की कंपनी है। इन दोनों कंपनी में जब आग लगी तब ये कंपनी बंद थी। बुधवार देर रात सेक्टर-10 स्थित सी ब्लॉक की बंद फर्नीचर की कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। इस सूचना के बाद मौके पर फायर सर्विस यूनिट की टीम पहुंची तो पता चला कि कंपनी के भूतल पर आग लगी है। इसके बाद दमकल की गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया गया। कंपनी के अंदर कोई मौजूद नहीं था आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जिस समय आग लगी, घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई थी, जिसे मौके मौजूद कोतवाली फेज-1 की पुलिस ने हटा दिया।

## टेक्सटाइल सोर्सिंग मीट 24 का सफल समापन



**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रमुख संगठनों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति के साथ विशाल उद्घाटन समारोह दिल्ली, भारत - एसओडब्ल्यूटेक्स द्वारा संचालित टेक्सटाइल सोर्सिंग मीट 24 (टीएसएम) जिसे नोएडा एपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी), गारमेंट एक्सपोर्टर्स एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (जीईएमए), ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर (ओजीटीसी), सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए) और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सीआईटीआई) के सहयोग से आयोजित किया गया था, होटल हॉलिडे इन, मयूर विहार, दिल्ली नोएडा सीमा पर एक जीत के साथ समाप्त हुआ। इस टेक्सटाइल सोर्सिंग मीट 24 में सहयोगी संघों से प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति थी, जिन्होंने उदघाटन समारोह में सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह और मुख्य भाषण में विभिन्न महत्वपूर्ण मेहमानों की उपस्थिति थी, जैसे कि राज कुमार मल्होत्रा, उत्तरी क्षेत्र के चेयरमैन, एफआईईओ (भारतीय निर्यात संगठन का संघ), पूर्व चेयरमैन ईपीसीएच, श्री ललित ठुकराल, एनएईसी (नोएडा एपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर) के अध्यक्ष, चेयरमैन आईआईजीएफ, उत्तरी हेड एपीसी (एपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल), श्री विजय जिंदल, जीईएमए (गारमेंट एक्सपोर्टर्स एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) के अध्यक्ष, श्री विशाल ढिंगरा, बीएए (सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन) के अध्यक्ष और श्री अनिल पेशावरी, ओजीटीसी (ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर) के कार्यकारी सदस्य और सोनिल जैन, सोवटेक्स नेटवर्क के सहसंस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

## नोएडा के ओयो होटल में चल रहा था देह व्यापार




- **7 लोग गिरफ्तार, आपत्तिजनक वस्तु मिली**
- **7 लड़कियों का किया गया रेस्क्यू**

**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में एक ओयो होटल में चल रहे अवैध देह व्यापार का नोएडा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं सात लड़कियों का रेस्क्यू किया। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, 12,110 रुपए नगद व आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई हैं। आरोपी बिहार से सीधी-साधी नाबालिक लड़कियों को एनसीआर में नौकरी दिलवाने के बहाने नोएडा लाते हैं। उनसे जबरन यहां पर देह व्यापार करवाते हैं।

इस घटना में शामिल तीन लोग अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान को बीती रात को सूचना मिली कि बहलोलपुर गांव में स्थित ओयो होटल शीतल में अवैध रूप से वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है। इस होटल को फरमान व उसका भाई फैयाज चला रहे हैं। ये लोग बिहार से नाबालिग लड़कियों को नौकरी दिलवाने के बहाने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लाते हैं। उनसे जबरन देह व्यापार करवाते हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त दीक्षा सिंह, थाना सेक्टर 63 पुलिस तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने होटल पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि वहां से पुलिस ने अजहरुद्दीन उर्फ राजू, अख्तर मोहम्मद, सुमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद फैयाज, फरमान, मरगूम आलम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि होटल के भवन मालिक सुरेंद्र यादव व होटल संचालकों को लड़कियां सप्लाई करने वाली रुखसाना और रहमान उर्फ बल्लू भाई फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि होटल की बिल्डिंग सुरेंद्र यादव नामक व्यक्ति की है, जिसे आरोपी किराए पर लेकर यहां पर अनैतिक देह व्यापार का कारोबार कर रहे हैं। मौके से चार नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया। जिनकी उम्र 16 से 17 वर्ष है। लड़कियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें बिहार से नौकरी दिलाने का लालच देकर नोएडा लाया गया था। उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ग्राहकों से एक हजार रुपए से 2 हजार रुपए तक वसूलते थे। आरोपी अवैध धंधे से बरामद रकम को आपस में बराबर बांट लेते थे। जब भी किशोरियों या महिलाएं विरोध करती थी तो उन्हें डराया धमकाया जाता था। पुलिस को कई कमरों में कई जोड़े आपत्तिजनक अवस्था में मिले। पुलिस को मौके से एक डायरी भी मिली है, जिसमें उनके ग्राहकों की सूची है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन के आधार पर भी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गैंग में और कितने लोग शामिल हैं।

## प्राधिकरण के सीईओ ने सेक्टर व गांव का किया निरीक्षण

### साफ-सफाई, अतिक्रमण और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने औद्योगिक एवं आवासीय सेक्टरों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के अनुरक्षण, सफाई व्यवस्था, प्रगतिरत कार्यों, अतिक्रमण इत्यादि की समीक्षा की। सबसे पहले टीम के साथ सेक्टर-137 के टी-पाइंट पर इंटरसेक्शन के सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। इस टी-पांइट पर काफी अंधेरा देखने को मिला, यहां हाई मास्ट लगाने के लिए कहा गया। सेक्टर-137 में 45 मीटर चौड़े मार्ग की सर्विस रोड पर सेक्टर-137 का वेंडिंग जोन को संचालित करने के लिए कहा गया।

इसी मार्ग पर कुछ स्थानों पर सीएडंडी वेस्ट पड़ा हुआ मिला। जिसको सफाई करने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर टाइल निकली हुई पायी गई, जिनके स्थान पर नइ टाइल लगाने के निर्देश दिए गए। इस सेक्टर से जुड़ी ड्रेन में बहुत ज्यादा दुर्गंध आने पर सभी हाउसिंग सोसाइटीज के एसटीपी को चैक करने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण सैल को भी निर्देशित किया गया कि उक्त सोसाइटीज के एसटीपी को नियमित चैक किया जाये। सोसाइटीज के सीवर सीधे नाले में डिस्चार्ज होता पाया गया तो पर्यावरण सैल अधिकारी तय की जाएगी।

सेक्टर-137, 91 एवं गढ़ी शहदरा के चौराहे का सुधारीकरण करने के लिए वर्क सर्किल-8 को निर्देशित किया गया। यहां चौराहे पर हाइ मास्ट लाइट लगाने और सेक्टर-137 में ही एक वाणिज्यिक भूखण्ड खाली पाया गया। जिसके सम्बन्ध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के लिए नियोजन विभाग को निर्देशित किया गया। सेक्टर-137 व 91 के बीच 45 मीटर चौड़े मार्ग पर पेन्ट कराया जाए। यहां निर्मित स्लोप पर उद्यान विभाग को हैवी प्लांटेशन कराया जाए।

सिंचाई नाले के ब्रिज से पहले फुटपाथ पर कर्व स्टोन को कर्व में करने और फुटपाथ पर चढ़ने-उतरने के लिए स्लोप व सीढ़ी बनाई जाए। सेक्टर-85 की ओर औषधी पार्क के सामने कुछ जगह खाली पड़ी है जिस पर विकास कार्य कराने के लिए वर्क सर्किल 8 को निर्देशित किया गया। ग्राम सलारपुर से सिंचाई नाले पर दो ब्रिज का निर्मित हैं, जिसमें से एक ब्रिज पर ग्रिल लगी हुई हैं। एक ब्रिज पर आगामी 3 दिन में ग्रिल लगाई जाए। सेक्टर-79 व 80 में कुछ भूमि खाली पायी गई, जिसके सम्बन्ध में वर्क सर्किल-7 एवं 6 के वरिष्ठ प्रबंधक को भूमि की स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा गाय। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सेक्टर-79, 76, 77 में कुछ जमीन पर टीन शेड डालकर अतिक्रमण होता हुआ पाया गया, जिसके सम्बन्ध में वरिष्ठ प्रबन्धक, वर्क सर्किल को मौके पर ही अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया।

उवाच

जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम आदि प्रयोग कर सकते हैं।

**मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

# शहरी मतदाता लोकसभा प्रत्याशी की लगाएंगे नैय्या पार!

## गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर दो डॉक्टर मित्र के बीच सीधा मुकाबला

■ विशाल धर दुबे

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनीति का पहिया किस तरफरुकेगा, उसकी कल्पना सोच से परे हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में कभी एक दूसरे मित्र हुआ करते थे वहीं आज आमने-सामने हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर दो डॉक्टर मित्र के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा व रालोद गठबंधन से जहां चौथी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा हैं, वहीं इंडिया गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नागर चुनावी मैदान में हैं। यहां के मुद्दों पर बात की जाए तो हाई राइज सोसायटी फ्लैट्स के रजिस्ट्री और किसानों के मुआवजें का मुद्दा यहां छाया हुआ है। भजपा के टिकट पर चौथी बार महेश शर्मा है। इंडिया गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नागर और बीएसपी से राजेंद्र सोलंकी हैं।

इस लोकसभा सीट पर सत्तर फीसदी शहरी मतदाता और तीस फीसदी ग्रामीण मतदाता हैं। गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हाईराइज सोसायटी और बड़ी-बड़ी कंपनियों के दफ्तरों से भरा है गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में 70 फीसदी मतदाता गांव व सेक्टर में और 30 फीसदी इस तरह के हाइराइज सोसायटीज में रहते हैं। भाजपा ने चौथी बार डॉ. महेश शर्मा को यहां से मैदान में उतारा है।



पेशे से डॉक्टर और मशहूर अस्पताल के मालिक हैं, डॉक्टर महेश शर्मा का दोनों लोकसभा चुनाव में जीत का मार्जिन बढ़ता रहा है। 2014 में महेश शर्मा को पचास फीसदी वोट मिले तो वहीं 2019 में बढ़कर ये 56 फीसदी हो गया था। सपा के जो प्रत्याशी कभी डॉक्टर महेश शर्मा के सामने खड़े होते थे वही आज भाजपा का झंडा लेकर घूम रहे हैं।

भाजपा की सियासी सिरदर्दी फ्लैट्स की रजिस्ट्री

**■ शहरी मतदाता के सामने है खुला विकल्प**

और किसानों के मुआवजे का है। यहां कई हाईराइज बिल्डिंग्स में नो रजिस्ट्री नो वोट की मुहिम लोगों ने चला रखी है, हालांकि भाजपा का दावा है कि लोगों को राहत देने के लिए बिल्डिर्स का जीरो पीरियड का ब्याज माफकिया था। लेकिन इस मुद्दे को लेकर लोगों की शिकायतें कम नहीं हुई है।

**गठबंधन हाई कमान की तरफ देख रहे हैं सपा प्रत्याशी**

भाजपा उम्मीदवार को टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन के डॉक्टर महेंद्र नागर साइकिल से जगह-जगह प्रचार कर रहे हैं। एक समय महेश शर्मा के दोस्त रहे डॉक्टर महेंद्र नागर अब उनके खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी की तरफ से गौतमबुद्ध नगर के टिकटों में तीन बार फेरबदल करने की खबर खासी सुर्खियों में रही। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉक्टर महेंद्र नागर का कहना है कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव और सचिन पायलट तीन लोग आकर अगर चुनाव प्रचार कर दें तो उस आंधी में भाजपा उड़ जाएगी मैंने मांग की है कि वो आकर प्रचार करें। इस सीट की वास्तविकता से शायद कांग्रेस व सपा गठबंधन का हाई कमान जान चुका है कि इस लोकसभा सीट की जमीनी स्थिति क्या है।

**जातिगत समीकरण साधने में लगे हैं लोकसभा प्रत्याशी**

जातीय समीकरण और हाल में जेवर एयरपोर्ट समेत कई विकास के काम के चलते भाजपा की ये सीट मजबूत मानी जाती है। ब्राह्मण मतदाता करीब 4 लाख, ठाकुर करीब 4.5 लाख, गुर्जर 3.5 लाख, दलित करीब 4 लाख और मुसलमान 3.5 लाख हैं। वैसे इसी गैतमबुद्ध नगर में बसपा सुप्रीमों मायावती का गांव बादलपुर भी है।

बसपा ने राजेंद्र सोलंकी को यहां से उतारा है, लेकिन जिस तरह से मतदाताओं ने चुप्पी साध रखी है उससे साफ हो जाता है कि मायावती का किला अब ढह चुका है। बसपा ने जातीय समीकरण साधते हुए अपना प्रत्याशी खड़ा किया है, जीतने की आशा तो नहीं दिख रही है, फिर भी जीत हार का प्रभावित जरुर होगा। बसपा का कोई कार्यकर्ता जमीन पूरे साल तक नहीं दिखता है, नामांकन के बाद कुछ कार्यकर्ता सक्रिय जरुर हुए हैं, इस बात का परिणाम जनमत में भी दिखेगा।

## मतदाता पहचान पत्र न होने पर वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का करें प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यू.डी.आई.डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

## मैनेजमेन्ट फेस्ट सांस्कृतिक संकल्प में दिखा अद्भुद समन्वय



**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट आर्फ मैनेजमेण्ट एंड रिसर्च पीजीडीएम इन्स्टीट्यूट में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'संकल्प 2024' का आयोजन किया गया। इस मैनेजमेण्ट फेस्ट में बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियागिताओं में नृत्य, कला, नाट्यकला, गायन (एकल एवं समूह) एवं फैशन का अद्भुत संगम एवं समन्वय रहा। प्रतिभागियों ने अपनी कला कौशल को प्रदर्शित कर जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मैनेजमेण्ट फेस्ट में 50 से अधिक संस्थानों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारिता की। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारिता के लिए धन्यवाद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। संस्थान की निदेशिका डॉ. सपना राकेश ने बताया कि इन आयोजन का

**■ स्टैण्डअप कमेडियन गौरव गुप्ता का शो रहा मुख्य आकर्षण**

मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी कला व संगीत की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। जाने-माने स्टैण्ड अप कमेडियन गौरव गुप्ता का कामेडी शो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा, जिन्होंने अपने प्रस्तुति से सभी उपस्थित जनों ने लुत्फ उठाया। संस्थान की निदेशिका डॉ. सपना राकेश ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं निर्णायक मंडल द्वारा घोषित विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने संकल्प के समन्वयका डॉ. सुनीता चौधरी, डॉ. अरविन्द भट्ट आदि के अलावा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगणों को संकल्प के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

## अवैध रूप से प्लाट बेचने का आरोप, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। ईकोटेक-तीन क्षेत्र के जलपुरा गांव की जमीन पर बस जा रहे कॉलोनी में अवैध रूप से प्लाट बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने झांसे में लेकर उन्हें प्लॉट बेच दिए। पीड़ित निवेशकों ने धोखाधड़ी कर करोड़ों की ठगी करने का आरोप लगाया है। ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी के मुताबिक एक महिला निशा रानी समेत कुछ लोगों ने लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि जलपुरा में उन्होंने एक-एक प्लॉट खरीदा था। भू माफिया द्वारा अक्षरधाम पार्ट 2 के नाम से कॉलोनी बसाई जा रही थी। इसके बाद माफिया द्वारा प्लॉट की रजिस्ट्री उनके नाम की गई। लेकिन पीड़ितों को कब्जा नहीं मिला।

छानबीन की तो पता चला कि जिस किसान से भू माफिया द्वारा जमीन खरीदी गई है उसे पूरा पैसा नहीं दिया गया है। पीड़ितों ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों द्वारा उन्हें धमकाया गया। पीड़ित अपना पैसा वापस मांगने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन न तो उन्हें प्लॉट मिला और न पैसा।

पीड़ितों ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत की है। अब पीड़ित निवेशकों की शिकायत पर पुलिस ने श्यामा चरण मिश्रा, जगदेव गिरी, प्रमोद गिरी, मुकेश मिश्रा, वकील संदीप शर्मा, तहसील के तत्कालीन उपनिबंधक ओपी सिंह समेत कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह चला अभियान, किया गया प्रेरित




**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर लोगसभा सीट पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से लगातार अभियान चल रहा है। स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में स्वीप टीम के द्वारा जनपद के मतदाताओं को मताधिकार के लिए व्यापक स्तर पर प्रेरित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदातागण जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करें। स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को स्वीप कोऑर्डिनेटर रति गुप्ता द्वारा ईसीएचटी टेक कन्सल्टेंसी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में 30 कार्मिकों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया व शपथ भी दिलाई।

चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर ईसीएचटी टेक कन्सल्टेंसी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड आकांक्षा चौहान ने सभी से अपील की कि वह वोटिंग वाले दिन वोट देने अवश्य जाएं। स्वेग और एनसीआर



चैम्पियन फिटनेस क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर डी पार्क ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत शपथ ली गई और उनसे अपील की गई की वह भी अपने आस पास के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित अवश्य करें। भारतीय योग संस्थान के योग साधना केंद्र में योग करते हुए सभी सदस्यों को वोट की शक्ति के बारे में बताया और उनसे अपील की कि अपने इस कर्तव्य को 26 अप्रैल के दिन अवश्य पूरा करें व सबको मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

स्वीप कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय मुर्शदपुर दनकौर गौतम बुद्ध नगर में मतदाता जागरूकता एवं स्कूल चलो अभियान की सामूहिक रैली स्काउट गाइड के बच्चों के साथ निकाली गयी। इस रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्योतिर्मयी पान्डेय, सहायक अध्यापक प्रीति पान्डेय, शिखागौर, अर्चना सिंह, जुगेन्द्र सिंह नागर, संतोष बंसल, राज बाला सिंह चौहान, शिक्षा मित्र देवदत्त शर्मा एवं आशा सम्मलित हुए एवं जनसंपर्क भी किया गया।

## अमित शाह की रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा लोकसभा चुनाव संचालन समिति की एक बैठक भाजपा कार्यालय पर हुई, जिसमें नोएडा में 13 अप्रैल को होने वाली भाजपा वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह की रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया व लोकसभा और संयोजक प्रणीत भाटी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के जनसमर्थन रैली में देश के गृहमंत्री अमित शाह जनता को संबोधित करने नोएडा में आ रहें। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि अमित शाह को सुनने के लिये हजारों लोगों के साथ कार्यकर्ता बसों कारों से नोएडा रैली में जाएंगे। बैठक में मुख्यरूप से क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, बिजेंद्र नागर, मनोज गुप्ता, दीपक भारद्वाज, सेवानन्द शर्मा, जगभूषण गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, पवन नागर, सुनील भाटी, रवि जिन्दल, कर्मवीर आर्य, राज नागर, पवन रावल, गणेश जाटव आदि दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

## हथियारों की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने अलीगढ़ से नोएडा तक हथियारों की तस्करी करने वाले तस्कर को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से दो पिस्टल, चार तमंचा व 34 कारतूस बरामद किए गए है।

पकड़े गए आरोपित की पहचान लोकेश के रूप में हुई है। आरोपित पिछले दो सालों से हथियारों की तस्करी कर रहा है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित लोकेश अलीगढ़ के गांव गांगरौल जिला अलीगढ़ का रहने वाला है।



**■ आरोपी लोकेश के पास से दो पिस्टल व चार तमंचा, 34 कारतूस बरामद**

आरोपित रोडवेज बस में सवार होकर अलीगढ़ से नोएडा आता था। बीच में वह जेवर क्षेत्र में भी कई बार तमंचा की तस्करी कर चुका है। आरोपित दस हजार रुपए में तमंचा व 50 से साठ हजार के बीच में पिस्टल बेचता था।

हथियार बेचने के लिए वह सुबह आठ बजे अलीगढ़ से निकलता था और शाम की बस पकड़ कर नोएडा से वापस अलीगढ़ चला जाता था। आरोपित ने पूछताछ के दौरान बताया है कि वह तमंचा बनाता नहीं है। इसको बनाने का काम अलीगढ़ में कई अन्य लोग करते है। उसका काम तस्करी का था। वह तमंचा खरीदकर उसको आगे तस्करी करता था।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-26-T-R4-23-24-E3, 03 वर्ष की सीएएमसी के साथ दिल्ली मंडल में नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 231.87 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 265900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 03.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 03.05.2024 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1090/24

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सिरसा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एस.आई.आर.0141, भूखण्ड संख्या-78, क्षेत्रफल-130 वर्ग मीटर श्री टुक्की पुत्र श्री गोपाल, निवासी-ग्राम-सिरसा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री टुक्की पुत्र श्री गोपाल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री राजपाल पुत्र स्व0 श्री टुक्की, श्रीमती रतनपाली (विवाहित), श्रीमती मूलचन्दी (विवाहित), श्रीमती राजकली (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री टुक्की, श्री टीकम सिंह पुत्र स्व0 श्री रतन सिंह, श्री श्रीमती कृपाली पत्नी स्व0 श्री रतन सिंह, श्रीमती बिमला (विवाहित), श्रीमती माया (विवाहित), श्रीमती रामभतेरी (विवाहित), श्रीमती कल्लो (विवाहित), पुत्रीगण स्व0 श्री रतन सिंह पौत्र/पुत्रबधु/पौत्रीगण स्व0 टुक्की, निवासी-ग्राम-सिरसा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री राजपाल पुत्र स्व0 श्री टुक्की, निवासी-ग्राम-सिरसा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री राजपाल पुत्र स्व0 श्री टुक्की, निवासी-ग्राम-सिरसा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## महिला शक्ति उत्थान मंडल ने छह जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह



**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला शक्ति उत्थान मंडल द्वारा आठवां सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजन गामा-2 के बारात घर में किया गया, जिसमें छह गरीब कन्याओं के जोड़ों की शादी की गयी। इसमें पांच जोड़े हिन्दू के और एक मुस्मिल जोड़ा था।

हिन्दू जोड़ों का हिन्दी रीति रिजवा से और मुस्लिम का मुस्लिम धर्म के हिसाब से शादी सम्पन्न हुआ। इस दौरान गाजे बाजे के साथ बारात की चढ़त हुई, जिसमें शहर के सामाजिक संगठन के साथ सम्मानित लोग शामिल हुए। सभी जोड़ों के लिए जयमाल व आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला शक्ति उत्थान मंडल की अध्यक्षा रुपा गुप्ता लगातार आठ वर्षों से गरीब कन्याओं की शादी कराती आ रही है, जिसमें शहर के समाजिक संगठन के लोग भी सहयोग किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें सभी का लगातार सहयोग मिल रहा है, सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है।

सहयोगी संस्थाओं में ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब, गायत्री परिवार, माता गुर्जरी पन्नाधाय ट्रस्ट, एक्टिव सिटिजन टीम, विजन हेल्थ एण्ड एजुकेशन मिशन, महिला शक्ति सामाजिक समिति, उत्तराखण्ड सामाजिक समिति, मदनलाल रामकिशन गुप्ता ट्रस्ट, उज्जवल भविष्ट ट्रस्ट, पास्संस न्यूट्रिशनल प्राइवेट लि. आदि संगठन ने सहयोग किया। इस दौरान सभी संगठन के सदस्यों ने वर व वधू को आशीर्वाद देकर मंगल कामना की।

## इकोविलेज-दो के बंद फ्लैट में लगी आग



**ग्रेटर नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। सुपरटेक इकोविलेज-2 सोसायटी, सेक्टर-16 बी ग्रेनो वेस्ट के एक बंद फ्लैट में आग लग गई। सोसाइटी के टावर के सातवें मंजिल पर फ्लैट संख्या 706 की बालकनी में आग लगी थी। निवासियों ने मेंटेनेंस विभाग और दमकल विभाग को सूचना दी। मेंटेनेंस विभाग ने सूझबूझ दिखाते हुए फ्लैट का ताला तोड़कर दमकल की गाड़ी पहुंचने के पहले ही सोसाइटी के फायर सिस्टम की मदद से आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से सबसे पहले फ्लैट के ऐसी में लगी आगी धीरे धीरे शू रैक और दरवाजे में फैल गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इकोविलेज-2 सोसाइटी के ई-2 टावर के सातवें तल पर स्थित बंद फ्लैट संख्या 706 की बालकनी में रखे जूतों की रैक एवं दरवाजे में आग लगी थी। उपस्थित लोगों व स्टाफद्वारा सोसाइटी के फायर सिस्टम से फायर सर्विस यूनिट पहुंचने के पूर्व बुझा दिया गया है। उपरोक्त अग्निकांड में कोई जनहानि है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में शौचालयों सहित पावर केबिन की मरम्मत और जल आपूर्ति परिसर आदि की मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य और सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/लाइन के अनुभाग में आनंद विहार स्टेशन के सेक्शन में वाशिंग लाइन 1 से 5 तक जल निकासी व्यवस्था में सुधार। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,04,96,223.66/- (मात्र दो करोड़ चार लाख छियानवे हजार दो सौ तेईस रुपये छियासठ पैसे) |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,52,500/- (दो लाख बावन हजार पांच सौ रुपये) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** 03.05.2024 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन :** 04-400-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/10/2024-25/W-3 दिनांक: 10.04.2024** 1069/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कंगना जैसे लोग भाजपा के आभूषण हैं

भारतीय जनता पार्टी के दस वर्षीय शासनकाल में जो विवेकशून्य और ज्ञानहीन लोगों की खेप इस संगठन में उतारी गई है उनमें हालिया नाम कंगना रनौत का है। भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आंखों में बहुत कम समय में चढ़ने वाली कंगना को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। हिन्दी सिनेमा की सफल अभिनेत्री के रूप में उनकी पहचान बनी है परन्तु उनका भाजपा में स्वागत व समावेश इस कारण से हुआ है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय से भाजपाविरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ सतत बयानबाजी की है। बयान भी ऐसे ऊलजलूल कि वे भाजपा जैसे दल के लिये ही स्वीकार्य और स्वागत योग्य हो सकते हैं। वैसे तो कंगना अपने बयानों से लोगों का ध्यान खींचती रही हैं परन्तु उनका ताज़ा-तरीन बयान विशेष चर्चा में आया है। उन्होंने एक न्यूज़ चैनल में कहा कि 'देश के पहले प्रधानमंत्री सुभाषचन्द्र बोस थे जिनका आज तक कहीं पता नहीं है।' उनके इस बयान पर नेताजी के पोते चंद्रकुमार बोस ने उन्हें फटकार लगाई है। देश के सर्वाधिक सम्मानित नेताओं में से एक सुभाष बाबू के वारिस ने कहा कि 'किसी को भी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिये इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिये।'

सवाल यह है कि क्या कंगना रनौत इतिहास से इतनी अनभिज्ञ हैं कि उन्हें यह भी नहीं पता कि जिस लोकसभा में प्रवेश पाने के लिये वे मतदाताओं के बीच पसीना बहा रही हैं, उसी सदन में (बेशक पुराना भवन) करीब 75 वर्ष पहले जवाहरलाल नेहरू नामक व्यक्ति ने पीएम के पद पर बैठकर एक-दो नहीं वरन 17 वर्ष देश का नेतृत्व किया था। स्कूल की निचली कक्षाओं में भी गये हर छात्र को नेहरू का नाम अनगिनत सन्दर्भों में पढ़ने का अवसर मिलता है। कंगना इतनी तो पढ़ी-लिखी हैं ही कि वे भी एकाध ऐसे अध्यायों से ज़रूर होकर गुजरी होंगी। असली बात यह है कि 2014 में खुली वाट्सएप यूनिवर्सिटी में वे स्वेच्छा से पढ़ाई करने के लिये दाखिल हुई छात्रा हैं। इस विश्वविद्यालय की खासियत यह है कि इसमें दीक्षित होने के लिये किसी भी विद्यार्थी को अपनी पहले की स्लेट को पूरी तरह से पोंछकर आना पड़ता है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा तैयार किये गये सिलेबस को रटकर समाज के बीच जाना पड़ता है तभी उसे इतना होनहार माना जाता है कि वह बगैर किसी अनुभव के ही सीधे लोकसभा चुनाव का टिकट पा सकता या सकती है।

कहना न होगा कि इस पाठ्यक्रम का सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय इतिहास होता है। नये सिरे से लिखे गये इतिहास में पराजितों को विजेता घोषित करने से लेकर गद्दारों को देशभक्त बनाने और मध्ययुग के अंधकार को विकसित भारत का प्रकाश बतलाने से लेकर दुनिया भर के ज्ञान-विज्ञान को अपनी उपलब्धियां बतलाने वाले लम्बे-लम्बे अध्याय हैं। छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से इसमें तोड़-मरोड़ की भी पर्याप्त सुविधा व स्वतंत्रता होती है।

कंगना इस विश्वविद्यालय की होनहार छात्रा हैं। ऐसा नहीं कि उनकी इस योग्यता को रातों-रात मान लिया गया हो। उन्होंने कई मौकों पर यह साबित किया है। उन्होंने ही कुछ अरसा पहले बतलाया था कि देश को वास्तविक आजादी 1947 में नहीं वरन 2014 में मिली थी। यह वही बयान हैं जिससे मोदी एवं भाजपा को उनकी प्रतिभा का भान हुआ होगा। हालांकि उसके पहले जब वे महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चली शिवसेना-कांग्रेस-एनसीपी सरकार से उलझती रहीं, तो भी माना गया था कि वे पार्टी के लिये उपयोगी हैं। उन्हें बाकायदे उच्चस्तरीय सेक्युरिटी दी गई है। उन्हें उनके अभिनय के लिये पद्मश्री पुरस्कार भी दिया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन अवसर पर जिन गिने-चुने लोगों को आमंत्रित किया गया था उनमें वे अग्रिम पंक्ति की मेहमान थीं। उनके वे वीडियो भी खूब वायरल हुए हैं जिनमें वे उमंग में भरकर इतनी ऊंची आवाज में 'जयश्री राम' के नारे लगा रही हैं कि वह सम्भवत: स्वर्ग में विराजमान प्रभु तक अवश्य पहुंची होगी। उसी का यह नतीजा हो सकता है कि उन्हें बगैर किसी सियासी अनुभव या पार्टी में प्राथमिक स्तर पर काम किये बिना लोकसभा में पहुंचाने की भाजपा ने ठानी। उनके लिये भाजपा ने अपने उस नियम व ख्याति के विपरीत फैसला लिया है जिसमें कहा जाता है कि यही ऐसी पार्टी है जिसमें बड़ा पद पाने के पहले किसी को भी छोटे से छोटे स्तर पर कार्यकर्ता का काम करना होता है।

यह उभरती नेत्री भाजपा की नयी ज़रूरत की एकदम मुफ़ीद है जिसमें समझ का विकास यहां से शुरू होता है कि 1947 में देश को आजादी नहीं मिली थी बल्कि अंग्रेज उसे भारतीयों को 99 वर्षों की लीज़ पर देकर गये हैं। कंगना उसी जानकारी से सुसज्जित नव नेतृत्व का हिस्सा हैं जो मानता है कि नेहरू के दादा मुस्लिम थे या नेहरूजी सरदार पटेल के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए थे। दरअसल इस दशक भर में भाजपा में आये ऐसे कई लोग हैं जिनकी विशेषता बुद्धिहीनता या बदज़ुबानी है। यहां कंगना को दोहरा लाभ मिला है।

यह भविष्य की भाजपा है। ऐसा संगठन जो मोदी व शाह मिलकर अपने लिये बना रहे हैं। इनमें गौतम गम्भीर, हेमा मालिनी, सनी देवल, निरहुआ, मनोज तिवारी जैसे लोग अग्रणी रहेंगे और मोदी को अपना नेता बनाये रखेंगे। कंगना को टिकट अकारण नहीं मिला है और यदि यह वाचाल अभिनेत्री सुभाषचंद्र बोस को देश का पहला प्रधानमंत्री कहती हैं तो वह भी सायास है। जानकारी का अभाव या ज्ञानहीनता जब विशेषण बन जाये तो ऐसे लोग किसी भी विकृत समाज के आभूषण बनकर उच्च पद पर विराजे हुए नज़र आयेंगे।

## इस्लामोफोबिया से मुकाबिल संयुक्त राष्ट्र संघ: एक प्रशंसनीय पहल

कुछ सालों पहले संयुक्त राष्ट्र संघ में एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर पाकिस्तान ने यह मांग की थी कि वर्ष के किसी एक दिन को 'इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किया जाए। उस समय कई देशों, जिनमें भारत भी शमिल था, ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि फोबिया अर्थात उनके प्रति डर के भाव से कई अन्य धर्म भी पीड़ित हैं। प्रस्ताव का विरोध करने वाले देशों की संख्या कम थी और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतत: 15 मार्च को 'इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित कर दिया। दुर्भाग्यवश, पिछले महीने इस दिवस पर कोई चर्चा नहीं हुई।

इस साल संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए विशिष्ट कार्रवाइयां करने हेतु 'विशेष दूत' की नियुक्ति की जाए। यह मांग भी पाकिस्तान की ओर से आई थी और इसका भी भारत सहित कई देशों ने विरोध किया था। प्रस्ताव पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी.एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि 'पूरी दुनिया में धर्मों और पंथों पर लक्षित हिंसा में बढ़ोतरी हो रही है। कुछ लोग यहूदियों के विरूद्ध हैं, कुछ ईसाईयों के और कुछ हिन्दुओं के। बौद्धों और सिक्खों के विरूद्ध हिंसा की घटनाएं भी होती रहती हैं'। उनके अनुसार दुनिया में बहुत से फोबिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि -'हम सब जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 16 नवम्बर को सहिष्णुता दिवस घोषित किया है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'बहुवाद इन सभी फोबिया से निपटने के लिए पर्याप्त है और इस्लामोफोबिया के लिए अलग से कुछ किये जाने की जरूरत नहीं है'।

सच क्या है? क्या अन्य धर्मों के खिलाफ फोबिया और इस्लामोफोबिया में कोई फर्क है? यह सही है कि दुनिया में अलग-अलग धर्मों के लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फोबिया का सामना पड़ा है। अगर हम दक्षिण एशिया की बात करें तो श्रीलंका में तमिल हिन्दुओं और पाकिस्तान में सभी हिन्दुओं को प्रताड़ित किया गया। इसी तरह श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत में भी ईसाई प्रताड़ित किये गये हैं। वर्तमान में तालिबान-शासित अफगानिस्तान में रह रहे सिक्ख हर तरह से परेशान हैं।

तो फिर इस्लामोफोबिया अन्य धर्मों के प्रति फोबिया से इतना अलग क्यों है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को उससे मुकाबला करने के लिए एक विशेष दिवस की घोषणा करनी पड़ी और एक विशेष दूत नियुक्त करना पड़ा? यह हमारा दुर्भाग्य है कि वर्तमान में वैश्विक राजनीति पर पहचान से जुड़े मुद्दों का वर्चस्व है। श्रीलंका में लिट्टे के सदस्यों के दमन के पीछे नस्लीय मुद्दे थे। वैश्विक स्तर पर इस्लामोफोबिया की आमद से बहुत पहले से भारत में मुसलमान अलग-अलग तरह से डराये-धमकाये जाते थे और उनके प्रति नफरत का भाव भी था। इसके कारण उनके खिलाफ हिंसा भी होती थी। तो ऐसे में इस्लामोफोबिया अलग क्यों है और वह अन्य धार्मिक फोबिया से अधिक डरावना क्यों है?

केवल धर्म के आधार पर किसी को प्रताड़ित करने या किसी से नफरत करने का पागलपन बहुत पुराना है। इस मामले में इस्लामोफोबिया एक नई परिघटना है। इस्लामोफोबिया का उदय सन् 1970 के दशक में हुआ जब अमेरिका के पिट्ठू रज़ा शाह पहलवी को अपदस्थ कर अयातुल्ला खुमैनी ने ईरान में सत्ता संभाली। उस समय अमेरिका ने यह कहा कि इस्लाम दुनिया के लिए नया खतरा है। 'टाईम' पत्रिका की कवर स्टोरी का शीर्षक था 'इस्लाम एज़ द न्यू थ्रेट'। नया खतरा क्यों? वह इसलिए क्योंकि उस समय तक अमरीकी मीडिया कम्युनिज्म को स्वतंत्र दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बताता था। स्वतंत्र दुनिया से आशय था 'अमेरिका के वर्चस्व वाली दुनिया'। उस समय अमेरिका की राजनैतिक और आर्थिक दादागिरी को रूस (सोवियत संघ) के नेतृत्व वाला समाजवादी गुट ही चुनौती दे रहा था। उस समय अमेरिका ने दुनिया को यह समझाया कि कम्युनिज्म उसके लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस विचार, जिसे दुनिया का सबसे ताकतवर देश फैला रहा था, को पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया। इससे कार्ल मार्क्स का वह कथन एक बार फिर सही साबित हुआ कि 'शासक वर्ग के विचार ही शासन करते हैं'।



राम पुनियानी

> इस्लामोफोबिया अन्य धर्मों के प्रति फोबिया से इतना अलग क्यों है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को उससे मुकाबला करने के लिए एक विशेष दिवस की घोषणा करनी पड़ी और एक विशेष दूत नियुक्त करना पड़ा? यह हमारा दुर्भाग्य है कि वर्तमान में वैश्विक राजनीति पर पहचान से जुड़े मुद्दों का वर्चस्व है। श्रीलंका में लिट्टे के सदस्यों के दमन के पीछे नस्लीय मुद्दे थे।

शनै: शनै: समाजवादी रूस कमजोर होता गया और फिर 1990 के दशक में वह पूरी तरह बिखर गया। अब दुनिया के सबसे ताकतवर देश को लड़ने के लिए कोई और दानव चाहिए था। यह वह समय था जब अमेरिका अपने पिट्ठू पाकिस्तान में मदरसों की स्थापना कर रहा था। महमूद ममदानी ने अपनी पुस्तक 'गुड मुस्लिम, बैड मुस्लिम' में सीआईए के दस्तावेजों के हवाले से लिखा है कि अमेरिका ने ही इन मदरसों का पाठ्यक्रम तैयार किया। यह पाठ्यक्रम इस्लाम के एक संकीर्ण (वहाबी) संस्करण पर आधारित था। अमेरिका ने करीब 800 करोड़ डालर और स्ट्रिंगर मिसाईलों सहित 7,000 टन गोला-बारूद इन मदरसों में से पढ़कर निकले युवकों पर खर्च किए। ये युवक मुजाहिदीन कहलाते थे और बाद में इन्हीं से तालिबान और अलकायदा उपजे। हिलेरी क्लिंटन ने खुल्लम-खुल्ला कहा था कि अमेरिका को अफगानिस्तान में रूसी कम्युनिस्टों ने लड़ने के लिए जुनूनी युवक चाहिए थे इसलिए उसने तालिबान को खड़ा किया और रूस की अफगानिस्तान से वापसी के बाद तालिबान को भी मदद देना बंद कर दिया।

अमेरिका का उद्देश्य था पश्चिम एशिया में तेल के कुंओं पर कब्जा करना। उसकी सभी नीतियां इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई थीं। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11, 2001 को हुए हमले में करीब 3,000 निर्दोष लोग मारे गये। मरने वालों में सभी धर्मों और सभी देशों के लोग थे। इसे बहाना बनाकर अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया जिसमें 60,000 से ज्यादा जानें गईं। उसके बाद इस आधार पर ईराक पर हमला किया गया कि ईराक के पास महासंहारक हथियारों का जखीरा है। मगर ईराक पर कब्जा करने के बाद अमेरिका वहां एक भी ऐसा हथियार नहीं ढूंढ सका।

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला, जिसे ओसामा-बिन-लादेन की कारगुजारी बताया जाता है, के बाद अमरीकी मीडिया ने 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द गढ़ा। अमेरिका राजनैतिक, आर्थिक और सैन्य दृष्टि से दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है। जाहिर है कि उसका मीडिया भी दुनिया में सबसे शक्तिशाली है और इसी के कारण दुनियाभर के मीडिया ने 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द का प्रयोग करना शुरू कर दिया और इसी से इस्लामोफोबिया का जन्म हुआ। एक समय सैम्युअल हंटिंगटन का एक सिद्धांत बहुत प्रसिद्ध था। इसे 'क्लैश ऑफ़ सिविलाईजेशन्स (सभ्यताओं का टकराव)' कहा जाता था। उस समय ऐसी मान्यता थी कि पिछड़ी हुई इस्लामिक सभ्यता और विकसित पश्चिमी सभ्यता में वैश्विक स्तर पर टकराव होगा।

इस्लामोफोबिया के कारण ही अमेरिका में मुसलमान समझकर एक सिक्ख की हत्या कर दी गई। इस्लामोफोबिया के कारण ही अमेरिका में एक पादरी ने कुरान की एक प्रति जलाई। फिर एक अमरीकी ईसाई ने एक फिल्म बनाई जिसका शीर्षक था 'इनोसेन्स आफ मुस्लिम्स'। इस फिल्म की एक क्लिप जो वायरल हुई थी में लंबी दाढ़ी वाले मुसलमानों को ईसाईयों पर हमले करते दिखाया गया था। हम सब को डेनमार्क की एक पत्रिका में प्रकाशित वह कार्टून याद है जिसमें पैगम्बर मोहम्मद को अपनी पगड़ी में एक बम छिपाए हुए दिखाया गया था। जाहिर है कि यह सब इसलिए हुआ क्योंकि पूरी दुनिया में इस्लाम के प्रति एक डर का भाव पैदा कर दिया गया। सबको लगने लगा कि इस्लाम और मुसलमान दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत को गलत सिद्ध करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर संभव प्रयास किए। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफी अन्नान ने इस सिद्धांत की पड़ताल करने के लिए एक उच्च स्तर समिति की नियुक्ति की। इस समिति, जिसमें एक भारतीय सदस्य भी था, ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की उसका शीर्षक था 'एलायन्स आफ सिविलाईजेशन्स' अर्थात सभ्यताओं का गठबंधन। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि मानव जाति ने जो भी उन्नति की है उसमें सभी सभ्यताओं, धर्मों और संस्कृतियों का योगदान रहा है। अब चूंकि दुनिया भर में अमेरिका का बोलबाला है इसलिए इस रिपोर्ट को मीडिया ने नजरअंदाज कर दिया और इस्लामोफोबिया बना रहा।

भारत में समस्या और गंभीर इसलिए है क्योंकि यहां पहले से ही साम्प्रदायिक राजनीति के कारण विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता का भाव था। वैश्विक इस्लामोफोबिया ने मुसलमानों के खिलाफ नफरत में और इज़ाफा किया। स्वाधीनता संग्राम के दौरान मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतें हिन्दुओं के खिलाफ नफरत फैलाती थीं और हिन्दू साम्प्रदायिक ताकतें (हिन्दू महासभा और आरएसएस) मुसलमानों के खिलाफ। स्वतंत्रता के बाद मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतें कमजोर पड़ गई जबकि हिन्दू साम्प्रदायिक ताकतें और शक्तिशाली होती गईं और इस कारण ही देश में इस्लामोफोबिया व्याप्त है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए जो कदम उठाए हैं वे सराहनीय और उम्मीद जगाने वाले हैं।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

## लोकसभा चुनावों में भ्रष्टाचार जनता के सामने कोई मुद्दा नहीं रहेगा

■ नन्तू बनर्जी

भ्रष्टाचार से कौन डरता है? निश्चित रूप से भारत के राजनीतिक दल तो बिल्कुल नहीं, जो वर्तमान लोकसभा चुनाव अभियान में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। न ही आम जनता, जो वर्षों से देश की भ्रष्टाचार की दुष्ट व्यवस्था का हिस्सा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों, जैसे कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग, द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर चुनिंदा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों और राज्य नेताओं के परिसरों पर छापे और गिरफ्तारियों से आम जनता की यह धारणा बदलने की संभावना नहीं है कि सभी राजनीतिक दल भ्रष्ट हैं। उनका मानना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुनाव पूर्व गिरफ्तारी का संबंध किसी और चीज से ज्यादा लोकप्रिय राजनेता को चुनाव अभियान में भाग लेने से रोकने के इरादे से है।

आम तौर पर, राजनीतिक दलों और अधिकांश मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार एक गैर-मुद्दा है। राज्य के विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अक्सर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद हटा दिये जाते हैं, जो केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रमुख राजनीतिक इकाई है, जो चुनाव पूर्व भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का नेतृत्व करती है।

> आम तौर पर, राजनीतिक दलों और अधिकांश मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार एक गैर-मुद्दा है। राज्य के विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अक्सर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद हटा दिये जाते हैं, जो केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रमुख राजनीतिक इकाई है, जो चुनाव पूर्व भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का नेतृत्व करती है।

यदि प्रफुल्ल पटेल, जो केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये के विमान खरीद घोटाले में शामिल थे, के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ राजनीतिक गठबंधन के नेतृत्व में सरकार में शामिल हुई है, उसे भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने के बाद हटाया जा सकता है तो इसके मुकाबले दिल्ली की शराब नीति में सुधार के मामले में भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हाल ही में ईडी की गिरफ्तारी में भ्रष्टाचार की राशि मामूली प्रतीत होगी क्योंकि इसमें दिल्ली के सत्तारूढ़ दल को केवल 100 करोड़ रुपये का हस्तांतरण शामिल होने का दावा किया गया है।

प्रफुल्ल पटेल के कार्यकाल के दौरान एयर इंडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने 'दाग' हटाने के लिए भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' कैसे काम करती है, इसका 'लाइव डेमो' दिया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है कि सत्ताधारी पार्टी का फॉर्मूला है -'भाजपा में शामिल हो जाओ, केस बंद'।

इस तथ्य को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का मकसद आप सुप्रीमो को चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान से रोकना हो सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2020 में, केजरीवाल की आप ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को चौंका दिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी ईडी द्वारा अन्य विपक्षी राज्य-स्तरीय नेताओं के खिलाफ हाल ही में की गई इसी तरह की कार्रवाई से अलग है। आम चुनाव से एक महीने से भी कम समय पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी आप कार्यकर्ताओं और जनता के बीच कई सवाल खड़े करती है।

इसके विरोध में पूरा विपक्ष दिल्ली की सड़कों पर उतर आया था। तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले में राज्य सरकार द्वारा शराब की खुदरा बिक्री के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करना शामिल था। राष्ट्रीय सरकार द्वारा सस्ते में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निजीकरण के बारे में क्या कहना है? दुर्भाग्य से भाजपा के लिए, केजरीवाल की गिरफ्तारी ने भारत सरकार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आलोचना पैदा करने के अलावा राष्ट्रीय सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ पूरे विपक्ष को एकजुट करने में मदद की है।

भारत को दुनिया के सबसे भ्रष्ट बड़े लोकतंत्रों में से एक माना जाता है। भारत के बड़ी संख्या में राजनीतिक क्षत्रप वित्तीय भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक कार्रवाइयों में शामिल माने जाते हैं। उनमें से कुछ को अपने खिलाफ़ लगाये गये ऐसे आरोपों या यहां तक कि अपनी दोषसिद्धि पर गर्व भी महसूस हुआ होगा। उदाहरण के लिए, लगभग 10,000 करोड़ रुपये के बड़े चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराये गये 75 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन इंडिया में एक प्रमुख नेता बने हुए हैं। दोषी ठहराये जाने पर, लालू प्रसाद यादव ने 17 अप्रैल, 2021 तक जेल की सजा काट ली, और उन्हें एक अन्य मामले में पटना उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई। विपक्ष को एकजुट करने में लालू प्रसाद की सक्रिय भूमिका को लेकर अब किसी को शिकायत नहीं है। न ही लालू प्रसाद शर्म से मुंह छिपा रहे हैं।

अपराध और भ्रष्टाचार लोकतांत्रिक भारत के राजनीतिक जीवन का हिस्सा रहे हैं। जेल में रहने के कारण अक्सर राजनीतिक नेताओं को रिहा होने के बाद उनके अनुयायियों के सामने एक शक्तिशाली नेता की छवि मिल जाती है। इससे यह स्पष्ट हो सकता है कि विभिन्न पार्टियों में इतने सारे दागी राजनीतिक नेता विधायक बनने के लिए सार्वजनिक जनादेश प्राप्त करने में कैसे कामयाब होते हैं।

एसोसिएशन फॉरडेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 40प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे, जबकि 25 प्रतिशत विधायकों पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर अपराधों के आरोप थे। एडीआर रिपोर्ट, जिसका शीर्षक था 'भारत की लोकसभा और राज्यसभा के मौजूदा सांसदों का विश्लेषण 2023', पिछले साल जारी की गई थी। उनकी खराब सजा दर के लिए ईडी और सीबीआई को पीड़ित राजनीतिक दलों और जनता दोनों द्वारा शायद ही कभी गंभीरता से लिया जाता है।

राज्यों या केंद्र में सत्ता में बैठे अधिकांश राजनेता बेशर्मी से भ्रष्टाचार में ही लगे रहते हैं। कोई राजनीतिक दल जितने लंबे समय तक सत्ता में रहता है, उसका भ्रष्टाचार का स्तर उतना ही मजबूत होता है। राज्यों में, यह पुलिस और सी.आई.डी. जैसी राज्य जांच एजेंसियों को नियंत्रित करता है। केंद्र की सत्ता में पार्टी या उसका घटक दल ईडी और सीबीआई जैसी राष्ट्रीय जांच एजेंसियों को नियंत्रित करता है। ऐसा कहा जाता है कि सरकारी प्रक्रियाओं, निर्णय लेने और सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता की कमी भ्रष्ट आचरण के लिए उपजाऊ जमीन प्रदान करती है।

राजनीतिक भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने का एकमात्र तरीका हर पांच साल में सरकार को बदलने के लिए मतदाताओं द्वारा मतपत्र की शक्ति का उपयोग करना है। इससे सत्ताधारी पार्टी को पुलिस, विभिन्न जांच एजेंसियों और प्रशासन के साथ एक मजबूत और स्थायी गठजोड़ बनाने से रोका जा सकेगा, ताकि सरकारी फंड को लूटने से बचाया जा सके और रिश्वतखोरी और खर्चों में हेराफेरी जैसी अन्य भ्रष्ट गतिविधियों को नियंत्रित रखा जा सके। पुलिस, जांच एजेंसियों और प्रशासन को चुनाव के बाद पूरी तरह से नयी सरकार द्वारा अपने कार्यों या निष्क्रियताओं के खिलाफ जांच से डरने की उम्मीद रहेगी।

सरकार का नियमित परिवर्तन अच्छी लोकतांत्रिक प्रथाओं और शासन के लिए मौलिक है। मतदाताओं और सरकार के संयुक्त प्रयासों से ही भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सकता है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को दंडित करने के कानूनों को नियमित रूप से लागू किया जाना चाहिए। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के शब्दों में, 'जब अपराधी निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक प्रणाली के कामकाज के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस खतरनाक बहाव को सभी राजनीतिक दलों के साथ-साथ न्यायपालिका द्वारा भी रोका जाना चाहिए।' इसकी बहुत कम संभावना है कि उन्होंने केंद्र में बहुमत वाली सत्तारूढ़ पार्टी को अपने विवाद से बाहर रखा।

## गुरवाणी विचार

### वैसाखी

वैसाखी का दिन सिख धर्म में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि इस दिन दसम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की साजना की थी। खालसा शब्द फारसी से आया है। जिसका अर्थ है (निरोल, मिलावट रहित) भक्त कबीर दास ने भी अपनी वाणी में इस सब्द का उपयोग किया है जो गुरुग्रंथ साहिब में अंकित है-

कहो कबीर जन भये खाले प्रेम भगत जिनि जानी।

सिख को खालसा बनाने में 230 वर्ष लगे। दसों गुरुओं ने उसमें विभिन्न रंग भरे हुकम मानना, पहले पंगत पाछे संगत, प्रभु की आज्ञा शिरोधार्य करनी चाहिए। हर जीव पर दया करनी चाहिए निर्बीकता इत्यादि के गुण भरकर खालसा मूरत तैयार की-

ठांडि भयो कर जोड़ कर बचन कहो सिरनाये।<br>
पंथ चले तब जगत में जब तुम करो सहाय।।

वैसाखी वाला दिन इसलिए चुना गया क्योंकि इस दिन किसान अपनी फसलें काट कर घर ले आते हैं-

कनकां जी मुक गई राखी, जहा आई विसाखी।

30 मार्च 1699 की विसाखी वाले दिन पहले से बुलवाए एक विशेष दीवान में जिसमें पुरातन इतिहास के मुताबिक 80 हजार के करीब संगत थी। गुरदेव ने हाथ में नंगी तलवार लेकर एक शीश की मांग की दीवान में सन्नाटा छा गया गया पर फिर लाहौर के खत्री भाई दयाराम उठे और गुरदेव के सामने आ खड़े हुए। उसे लेकर गुरदेव पहले से बनाये तंबू में ले जाकर सिर कलम कर दिया फिर खून से सनी कृपाण लेकर दूसरे शीश की मांग की इस बार भाई धर्मदास जाट हस्तिनापुर के आगे आए। इस तरह बारी-बारी से गुरदेव ने पांच शीश लिए- भाई दया राम, भाई धर्मदास, भाई हिम्मतचंद, भाई मुहकम चंद और भाई साहिब चंद ने शीश किए फिर गुरदेव तंबू में चले गए उन पांचों को सुरजीत कर नये परिधान में सजाकर संगत में लेकर आ गए। कुछ लोग किंतु परन्तु करते हैं कि सिर कलम कराने के बाद यह सुरजीत कैसे हो गये? पर वह इस बात को भूल जाते हैं। सतगुरु मेरा मार जीवाले, सतगुरु मेरा सदा प्रतिपाले फिर लकड़ी की चौकी मंगवाकर उसे उलटा रख कर उस पर लोहे का बाटा धमेला रखकर उसमें जल डाला गया और खंडे से हिलाते हुए पांच वाणियों का पाठ प्रारम्भ किया इस बीच माता साहिब देवा बताशे लेकर आ गई। उसे भी इस जल में डाले गए और पांच वाणियों का पाठ जपजी साहिब जाप साहिब त्वप्रसादि सवैयै चौपई एवं आनंद साहिब का पाठ करने के पश्चात अमृत तैयार कर उसे उन पांचों के शीश पर, मुख पर, नेत्रों पर पांच पांच बार डालकर वाहिगुरु जी का खालसा वाहि गुरु की फतेह का उद्घोष कराया गया। उन्हें पांच प्यारों का खिताब देकर नामकरण किया।

भाई दयासिंह, भाई धर्मसिंह, भाई हिम्मत सिंह, भाई मोहकम सिंह, भाई साहिब सिंह। फिर इन पांच प्यारों से खुद ने स्वयं अमृत पान किया और गोविंद राय से गोविंद सिंह गुरु चेला वाली बात चरितार्थ की।

वह प्रगटियो मर्द अमंगड़ा, वरियाम अकेला।<br>
वाहो वाहो गोविंद सिंह आपे गुरु चेला।।

खालसा साजना करने के बाद गुरदेव ने कहा-

खालसा मेरा रूप है खास,<br>
खालसे में हों करों निवास। तथा<br>
खालसा अकाल पुरख की फौज।<br>
प्रगटियो खालसा परमात्म की मौज।।

संसार में केवल खालसा ही है जो अपना जन्म दिन मना सकता है। खालसा साजने में प्रभु परमात्मा भी कैसी मदद करते हैं जहां दया हो वहां धर्म आ जाना है। दया धर्म आ जाने पर हिम्मत करके संकल्प लिया जा सकता है। गुरुदेव ने कहा था रहित प्यारी मुझ को सिख प्यारा नाये। अर्थात खालसा केश, कृपाण, कच्छा, कड़ा और कन्छा धारण करेगा वह चार कुरहितों से दूर रहेगा- 1. तंपाकू का सेवन किसी भी रूप में नहीं करेगा 2. कुट्ठा नहीं खानगे 3. परस्त्री पर पुरुष गमन नहीं करेगा 4. केश कभी कत्ल नहीं करेगा शारीर के किसी भी अंग के। खालसे को पांच विशेष कर्म करने की हिदायत दी गई है। मेहनत कर नेक कमाई मिल बांट कर खाओष जुल्म और जालिम का नाश करो। हर वक्त सरबत के भल की कामना करो और प्रभु सिमरन बंदगी करते हुए मानस की जाति सभै ऐको पहिचानके पर अमल करो। गुरदेव ने हिदायत भी दी थी कि जब लग खालसा रहे न्यारा तब लग तेग दिये मैं सारा।

इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

### बंद होती बातचीत

आज हम जिस दुनिया में जी रहे हैं उसमें संचार और सम्पर्क के साधनों की कोई कमी नहीं है। जितना व्यक्तिगत सम्पर्क इस समय हो रहा है, इतना पहले कभी नहीं हुआ होगा। मोबाईल ने तो हमारी दुनिया ही बदल दी है। बात करें, गप्पे लगायें, घर बैठे खरीदारी करे- मनोरंजन के सब माध्यम मोबाइल में मिल जाते हैं। कोरोना के लॉकडाउन के बाद मोबाइल और लैपटॉप और भी ज़रूरी हो गया है। अब आप अपनी नौकरी भी घर बैठे सकते हैं और पढ़ाई भी।

एक दशक से भी कुछ ज़्यादा हुआ कि हमारे बीच व्हाट्सएप आ गया। व्हाट्सएप् के चक्कर में हममें से बहुत से लोगों ने अपने साधारण मोबाईल बदलकर स्मार्ट फोन ले लिए। इसके अलावा सम्पर्क के लिये, प्रचार के लिये फेसबुक, यू ट्यूब, टिक-टॉक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (अब इसका नाम एक्स हो गया है), स्नैपचैट जैसे जाने कितने ही प्लेटफॉर्म हैं और लगातार नए प्लेटफॉर्म भी बन रहे हैं। दिन भर में करोड़ों की संख्या में इनकी मदद से व्यक्तिगत, पारिवारिक, व्यापारिक हर तरह के संदेश और वीडियो एक जगह से दूसरी जगह तुरंत पहुंच जाते हैं। इसी तरह उनका जवाब भी फौरन मिल जाता है। ये हमारी ज़रूरत बन गये हैं।

कहां खो गईं, हमारी चौपालें -इन तकनीकी अस्त्रों से लैस होने के बाद हम अनजाने ही इनके आदी बन गए और हमने अपनी एक बहुत प्यारी चीज़ खो दी -वह है बातचीत, संवाद, वार्तालाप। अब ये एप ही हमारे सम्पर्क सूत्र बन गये हैं जो मोबाईल के माध्यम से हमारी मुट्ठी में हमेशा उपलब्ध रहते हैं। शुरू में ये हमारे जीवन में एक सुविधा की तरह आये और अब हमें इनकी आदत हो गई है या यूं कहें कि लत पड़ गई है। इसका सबसे बड़ा असर हमारी सहज रूप से होने वाली बातचीत पर पड़ रहा है। हमारी अभिव्यक्ति पर पड़ रहा है। हमारा आमने-सामने होने वाला आपसी संवाद लगातार कम हो रहा है।

कोरोना काल में हमने ज़ूम और गूगल मीट के जरिए मीटिंग्स करना भी सीख लिया है और कोरोना के समाप्त होने के बाद भी लोगों को यह सुविधाजनक लगने लगा है कि ऑनलाइन मीटिंग ही हो जाए तो आने-जाने की ज़हमत नहीं उठानी पड़ेगी। हम अब इतने सुविधाभोगी हो गए हैं कि मीटिंग-स्थल पर जाने में भी हमें आलस्य होने लगता है और हम यह भूल जाते हैं कि अगर हम वहां चले गए तो चार लोगों से मुलाकात हो जाएगी और उनसे आमने-सामने कुछ गप्प-गोष्ठी हो जाएगी।

यूं तो आप और हम चौबीसों घंटों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं किन्तु क्या ऐसा नहीं लगता कि डिजिटली कनेक्ट होने के बावजूद हम एक दूसरे से दूर हो रहे हैं। एक-दूसरे के प्रति भावनाओं और संवेदनाओं में कमी आती जा रही है, बल्कि अब हम साथ मिलकर बैठने के सहज कायदे भी भूलते जा रहे हैं। यदि कभी साथ मिलते-बैठते भी हैं तो कुछ ज़रूरी और कुछ गैर-ज़रूरी बातों के बाद आपस में बात करने के लिये कुछ नहीं होता। एक चुप्पी सी छा जाती है। कोई अपना मोबाइल लेकर चला जाता है, तो कोई वहीं बैठकर संदेश लिखना-पढ़ना शुरू कर देता है। सभा समाप्त हो जाती है।

धीरे-धीरे हमें ये बात समझ में आ रही है कि ये वो जीवन नहीं है जो हम जीना चाहते थे। अपना भविष्य संवारने का जो सपना हमने अपने माता-पिता के साथ देखा था, उसे पूरा करना हमारा ध्येय था, पर वो इस कीमत पर? अपनों से दूर होकर? महीनों बीत जाते हैं परिवार के साथ आराम से समय बिताये हुए। बच्चों की छुट्टियां कब आईं और कब चली गयीं पता ही नहीं चलता। इसमें सबसे ज़्यादा नुकसान बुजुर्गों और बच्चों का हो रहा है। आज हर उम्र के व्यक्ति को डिप्रेशन हो रहा है। अकेलापन बढ़ रहा है।

रोज़ सुनने में आ रहा है कि लोगों में अकेलापन और अवसाद बढ़ रहा है। राजस्थान के कोटा शहर में युवावस्था की दहलीज़ पर खड़े जाने कितने ही किशोर अपनी जान गंवा चुके हैं और यह सिलसिला जल्दी रुकता भी नहीं दिख रहा। यह सब बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव में तो हैं ही, लेकिन उससे भी बड़ी बात ये है कि तरह-तरह के सोशल मीडिया उपलब्ध होते हुए भी ये अकेलेपन का शिकार हैं।

नन्दिता मिश्र

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पाकिस्तान में यात्रियों से भरा ट्रक खाई में गिरा, 17 की मौत

**इस्लामाबाद,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। डॉन ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि यह घटना बुधवार रात को हुई जब ट्रक 50 लोगों को लेकर शाह नूरानी दरगाह की ओर जा रहा था। ईधी फाउंडेशन के हब प्रभारी मनन बलूच के अनुसार बचाव अभियान गुरुवार सुबह समाप्त हुआ। इस हादसे में लोगों की मौत पर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने दुख जताया है।

# अमेरिका इजरायल का समर्थक : बाइडेन

■ अमेरिकी व इजरायली सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया



इजरायल की सुरक्षा के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे

**वाशिंगटन,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अगर ईरान अपने दूतावास पर इजरायली हमले का जवाब देता है तो अमेरिका इजरायल का दृढ़ता से समर्थन देने का वादा करता है।

बाइडेन ने चेतावनी दी कि इजरायल द्वारा सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान इजरायल पर हमला करने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल की सुरक्षा के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। इससे पहले, ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने मीडिया को बुधवार को कहा कि जब इजरायल ने हमारे पृथक क्षेत्र सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हमला किया, तो ऐसा लगा जैसे उन्होंने हमारे क्षेत्र पर हमला किया हो। एक ईरानी अधिकारी ने रविवार को चेतावनी दी कि इजरायल के दूतावास अब सुरक्षित नहीं हैं और वाणिज्य दूतावास की इमारत किसी संभावित लक्ष्य का निशाना बन सकती हैं। बाइडेन ने कहा कि जैसा कि मैंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बताया, ईरान और उसके प्रतिनिधियों से इन खतरों के खिलाफ इजरायल की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है और मैं फिर से कहना चाहता हूं कि मैं समर्थन देने के लिए दृढ़ हूं। बाइडेन ने इससे पहले एक साक्षात्कार में गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया था और इसके एक दिन बाद ही इजरायल को समर्थन देने की यह टिप्पणी कर दी है। गौरतलब है कि एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर हुए हमले में वरिष्ठ ईरानी सैन्य नेताओं सहित तेरह लोग मारे गए थे। इज़राइल ने हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले के पीछे उसका ही हाथ माना जा रहा है, जिसके बाद से इस क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायली सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## गाजा में खूनी घटनाओं ने मुसलमानों को कड़वा अनुभव दिया : खामेनेई



सीरिया में हमारे वाणिज्य दूतावास पर हमला करके, उन्होंने हमारी धरती पर हमला किया है : खामेनेई

**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि गाजा की घटनाओं ने दुनिया भर के मुसलमानों को कड़वा अनुभव दिया है।

अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने अपने ईद-उल-फितर भाषण के दौरान कहा कि गाजा में खूनी घटनाओं ने दुनिया भर के मुसलमानों को कड़वा अनुभव दिया है। वे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं क्योंकि इजरायल फिलिस्तीनी लड़ाकों को हराने में विफल रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए जवाबी कार्रवाई का भी प्रण लिया। खामेनेई ने अपने भाषण के दौरान कहा कि सीरिया में हमारे वाणिज्य दूतावास पर हमला करके, उन्होंने हमारी धरती पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए दुष्ट शासन को दंडित किया जाना चाहिए। ईरान के कानूनी मामलों के उपाध्यक्ष मोहम्मद देहकान ने कहा है कि देश सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर घातक हमले के लिए इज़रायल के खिलाफ मुकदमा दायर करेगा।

## स्विट्जरलैंड करेगा यूक्रेन शांति सम्मेलन की मेजबानी



**जिनेवा,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। स्विट्जरलैंड यूक्रेन में शांति की राह प्रशस्त करने के लिए जून में उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्विट्ज़रलैंड सरकार की ओर से बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई।

सभा में 100 से अधिक देशों को किया जाएगा आमंत्रित

यह पहल पिछले दो साल से ज्यादा समय से यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कर शांति कायम करने के लिए की जा रही है। और उम्मीद जताई कि रूस किसी दिन शांति प्रक्रिया में शामिल हो सकता है।

स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न के पास लेकसाइड बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में 15-16 जून को सभा के आयोजित होने की उम्मीद है, जिसमें यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर ज़ेलेंस्की और स्विस विदेश मंत्री इग्नाज़ियो कैसिस द्वारा हाल के महीनों में तैयार की गई योजना के अनुसार दर्जनों देशों के शीर्ष सरकारी अधिकारी शामिल होंगे।

शीर्ष स्विस राजनयिक ने कहा कि सभा में 100 से अधिक देशों को आमंत्रित किया जायेगा। दैनिक न्यू जुर्चर जिटुंग ने बताया कि इस सभा में राष्ट्रपति जो बाइडेन भाग ले सकते हैं।

स्विस विदेश मंत्री ने कहा कि यूक्रेन के बाद हमने जिस पहले देश से बात की, वह निश्चित रूप से रूस था, क्योंकि रूस के बिना शांति प्रक्रिया नहीं हो सकती, भले ही वह पहली बैठक में नहीं होगा। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि यूक्रेन में लड़ाई समाप्त करने के लिए संभावित वार्ता केवल तभी सफल हो सकती है जब वे मास्को के हितों को ध्यान में रखेंगे।

## सुडोकू 6522

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 12 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय आपके लिए समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी काम आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसका ध्यान देने की जरूरत है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर समस्या रहेगी।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं। अविवाहित लोगों के लिए आज विवाह के योग हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

सिंह - आप अपने दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी बौद्धिक प्रतिभा दिखेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं।

कन्या - आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आर्थिक लाभ होगा तथा विदेश में रहनेवाले सगे- संबंधियों के समाचार मिलेंगे, इससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे। धार्मिक काम या धार्मिक यात्रा के पीछे खर्च होगा।

तुला - आज आपको किसी भी नए काम का आरंभ नहीं करने की सलाह दी जाती है। अपनी वाणी और व्यवहार को नियंत्रण में रखें। गलतफहमी के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक - आप आज के दिन पूरी तरह से आमोद-प्रमोद में बिताना पसंद करेंगे। अपने दैनिक कामों से मुक्त होकर अपने लिए थोड़ा समय निकाल सकेंगे। मित्रों के बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं।

धनु - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

मकर - आज मन में किसी बात की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का मामला कमज़ोर रहेगा। दफ्तर में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। संतान के साथ मतभेद होने की संभावना है। उनके स्वास्थ्य की भी चिंता रहेगी।

कुंभ - आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा और आप मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। सौंदर्य प्रसाधन के पीछे खर्च होगा।

मीन - अति आवश्यक काम को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी रचनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण काम सफल रहेंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## चीनी मेडिकल टीम ने दक्षिण सूडान में पहली निःशुल्क क्लीनिक सेवा दी



**बीजिंग,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण सूडान में मदद करने वाली चीनी मेडिकल टीमों के 11वें समूह ने राजधानी जुबा के पास अपनी पहली मुफ्त क्लीनिक सेवा दी। उन्होंने नागिटोम गांव में लोगों को दवाएं और जरूरी चीजें दी।

आयोजन के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों, जैसे पेट की समस्याएं, हड्डियों की समस्याएं, संक्रमण, महिलाओं के स्वास्थ्य, बच्चों के स्वास्थ्य और यहां तक कि पारंपरिक चीनी चिकित्सा के डॉक्टरों ने 200 से अधिक ग्रामीणों को मुफ्त जांच और उपचार की पेशकश की। उन्होंने भोजन और मच्छरदानी भी बांटी और मलेरिया परीक्षण भी किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने टेस्ट किट जैसी आपूर्ति भी दान की। गांव के प्रशासक ने उल्लेख किया कि नागिटोम गांव में अभी भी अस्पताल या फार्मेसी का अभाव है, जिससे चिकित्सा देखभाल और दवाएं मिलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने न केवल मुफ्त चिकित्सा सहायता बल्कि आवश्यक दवाएं भी प्रदान करने के लिए चीनी चिकित्सा टीम की सराहना की। वे चीनी टीम से और अधिक निःशुल्क क्लीनिक सेवाओं की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

बता दें कि दक्षिण सूडान साल 2011 में स्वतंत्र हुआ। साल 2012 से, चीन वहां मेडिकल टीमें भेज रहा है।

## संसदीय चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री सू ने दिया इस्तीफा




**सोल** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी की करारी हार के बाद प्रधानमंत्री हान डक-सू और उनके वरिष्ठ सलाहकारों ने गुरुवार को राष्ट्रपति यूं सुक येओल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

'योनहाप' समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के नेता हान डोंग-हून ने अलग से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हैं और वह भी शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। चुनावों के नतीजे बुधवार को आए थे।

दक्षिण कोरिया में बुधवार के संसदीय चुनाव के नतीजों से राष्ट्रपति येओल को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा। इससे उनके घरेलू एजेंडे को भी तगड़ा झटका लगा है और अब उन्हें अपने कार्यकाल के बाकी तीन वर्षों के दौरान विपक्षी सांसदों के तेज राजनीतिक हमले का सामना करना पड़ सकता है।

## वर्ग पहेली 6522



**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२०. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजाओं की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट छीलकर सुडौल बनाना (उर्दू)
—४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

### वर्ग पहेली-6521

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ हु | न | २ र | मं | ३ द | ■ | ४ प | र | ५ च | म |
| क्म | ■ | ह | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | प | ■ |
| ७ ना | का | म | ■ | मि | ■ | ८ वा | र्ता | ला | ९ प |
| मा | ■ | दि | ■ | १० या | च | ना | ■ | ■ | र्या |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ अ | न्या | य |
| ■ | द्यो | ■ | रो | ■ | १४ रो | मां | च | ■ | वा |
| १५ आं | ग | १६ र | खा | ■ | ध | ■ | १७ ला | १८ ल | ची |
| त | ■ | हा | ■ | १९ सं | क | २० ट | ■ | ल | ■ |
| २१ र | ई | स | ■ | ग्रा | ■ | २२ ख | ट | क | २३ ना |
| ण | ■ | २४ हा | थ | म | ल | ना | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


## ताइवान पर हमला कर सकता है चीन : स्टुडमैन

**वाशिंगटन,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी नौसेना खुफिया के पूर्व प्रभारी एडमिरल ने चेतावनी दी है कि चीन के सैन्य बल ताइवान पर आक्रमण या नाकाबंदी की तैयारी कर रहे हैं और एक दशक से भी कम समय में उनकी तरफ से इस दिशा में कार्रवाई हो सकती है।

'वाशिंगटन पोस्ट' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार नौसेना खुफिया कार्यालय के हाल ही में सेवानिवृत्त कमांडर रियर एडमिरल माइक स्टुडमैन ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब उन्होंने ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन, निर्वाचित उपराष्ट्रपति हसियाओ बी-खिम और वरिष्ठ ताइवानी राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य नेताओं से मुलाकात की तो इन नेताओं ने इस बात पर चिन्ता व्यक्त की कि चीन इस द्वीप पर आक्रमण करेगा। इन नेताओं ने यह भी चिंता व्यक्त की कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय मंच से अलग-थलग हो जाएगा और पीछे हट जाएगा। एडमिरल स्टुडमैन ने बताया कि वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि चीनी कहां जाने वाले हैं। हम इस बारे में बात कर रहे हैं कि ताइवान के खिलाफ कोई बड़ा हमला होगा या नहीं, और वह कब होगा।

जुलाई में सेवानिवृत्त हुए और इंडो-पैसिफिक कमांड में चीन के खुफिया विशेषज्ञ रहे पूर्व एडमिरल ने कहा कि ताइवान के नेताओं के लिए, चीनी कार्रवाई के बारे में सवाल यह नहीं है कि क्या यह होगा, बल्कि सवाल यह है कि कब होगा।

## हमास की सैन्य शाखा से जुड़े थे इस्माइल हनियेह के बेटे : आईडीएफ



**तेल अवीव,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि हवाई हमले में मारे गए इस्माइल हानियेह के तीनों बेटे हमास की सैन्य शाखा से जुड़े थे और इजराइलियों को बंधक बनाने में शामिल थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को हवाई हमले की जानकारी नहीं थी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, बुधवार को हुए हवाई हमले का आदेश आईडीएफ की दक्षिणी कमान के एक कर्नल ने दिया था। इस्माइल हनियेह हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं और कतर में रहते हैं। गाजा शहर में अल-शती शरणार्थी शिविर के पास एक कार पर हुए इजराइली हवाई हमले में हनियेह के तीन बेटे - हेज़ल, अमीर और मोहम्मद मारे गए।

हमास के वरिष्ठ नेता ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनके बेटे और पोते-पोतियां इजराइली हवाई हमले में मारे गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि तीनों हमास की सैन्य शाखा कासिम ब्रिगेड का हिस्सा थे। इस्माइल हानिएह ने एक बयान में कहा कि उनकी शहादत का सम्मान देने के लिए भगवान का शुक्रिया। इस बीच, हनियेह के सबसे बड़े बेटे अब्देल सलाम हनियेह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान का शुक्रिया, जिन्होंने मेरे भाइयों हेज़ल, अमीर और मोहम्मद की शहादत से हमें सम्मानित किया।

### गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 33,482 : मंत्रालय

**गाजा।** गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 33,482 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजराइली सेना ने 122 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 56 को घायल कर दिया। इससे पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वाले फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 33,482 हो गई और 76,049 लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक कुछ मृतक अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। इजराइली सेना एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक रही है।

## आज का इतिहास

1621-सिख गुरु तेग बहादुर का जन्म।
1801-रणजीत सिंह ने खुद को पंजाब का महाराजा घोषित किया।
1861-अमेरिका में गृह युद्ध शुरु हुआ।
1885-प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बंद्योपाध्याय का जन्म।
1910-भारतीय फ़िल्म निर्देशक, निर्माता, पटकथा लेखक और हिंदी फ़िल्मों के गीतकार केदार शर्मा का जन्म।
1917-भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक वीनू मांकड़ का जन्म।
1927-ब्रिटिश कैबिनेट ने महिलाओं को वोटिंग अधिकार देने का समर्थन किया।
1945-अमेरिका द्वारा ओकीनावा पर आक्रमण, जापानी मंत्रिमंडल का त्यागपत्र, अमेरिकी राष्टपति रूजवेल्ट का निधन।
1946-सीरिया पर फ्रांस का कब्जा समाप्त हुआ।
1978-भारत की पहली डबल डेकर रेलगाड़ी बम्बई के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे के लिए अपनी पहली यात्रा पर रवाना हुई।
1981-अमेरिकी कांग्रेस में पहली हिंदू अमेरिकी सांसद तुलसी गेबार्ड का जन्म।
1991-खाड़ी युद्ध औपचारिक रूप से समाप्त।
1998-गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
2006-साइप्रस के राष्टपति तासोस पापादोलस 06 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
2006-कन्नड़ फ़िल्मों के अभिनेता राजकुमार का निधन।
2007-पाकिस्तान ने ईरान गैस पाइपलाइन पर भारत को मंज़ूरी दी। एयरलाइन्स जेट ने एयर सहारा को ख़रीदा।
2008-भारतीय मूल के ब्रिटिश उद्योगपति और सांसद लॉर्ड स्वराजपाल के स्वामित्व वाले केपेरो समूह ने पश्चिम बंगाल के सिंगूर में मोटर वाहन के पुर्जे बनाने की तीन इकाइयों को लगाने का फ़ैसला किया।

आरोप | दोहा हवाई अड्डे पर निर्वस्त्र करके तलाशी के मामले में महिलाओं को नहीं मिला न्याय

## अदालत ने की संबंधित पीड़ित महिलाओं की याचिका खारिज

**कतर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दोहा हवाई अड्डे पर लावारिस मिले एक नवजात शिशु की मां की पहचान के लिए निर्वस्त्र करके तलाशी का सामना करने वाली पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को कतर एयरवेज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालतों में न्याय नहीं मिल सका है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार करीब पांच साल पहले दोहा एयरपोर्ट पर कूड़ेदान में मिले बच्चे की मां का पता लगाने लिए पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं की निर्वस्त्र करके तलाशी ली गई थी।**

ये महिलाएं कतर एयरवेज के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने में असफल रहीं। बीबीसी के अनुसार न्याय दिलाने वाली अदालतें, पांच साल बाद भी दोहा एयरवेज अधिकारियों के खिलाफ मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से संबंधित पीड़ित महिलाओं की याचिका खारिज कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में हवाई अड्डे के कूड़ेदान में एक नवजात शिशु को लावारिस पाया गया था। जिसके बाद, पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को निर्वस्त्र करके आपत्तिजनक तरीके से उनकी तलाशी ली गई। जिससे बच्चे को जन्म देने वाली महिला का पता लगाया जा सके। इस घटना की कई देशों ने कड़ी निंदा की थी।

एक ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने कहा कि राज्य के स्वामित्व वाली एयरलाइन पर वैश्विक यात्रा को नियंत्रित करने वाले कानूनों के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। बाद में, इन महिलाओं ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के संघीय न्यायालय में अपने साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर याचिका दायर की, जिसमें में उन्होंने अपमान, मानसिक तनाव और अवसाद को लेकर क्षतिपूर्ति की मांग की थी। उन्हें हालांकि यहां भी न्याय नहीं मिला।



कतर एयरवेज को मॉन्ट्रियल कन्वेंशन नाम की बहुपक्षीय संधि के तहत जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता : जॉन हैली

न्यायमूर्ति जॉन हैली ने बुधवार को कहा कि कतर एयरवेज को मॉन्ट्रियल कन्वेंशन नाम की बहुपक्षीय संधि के तहत जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, जिसका उपयोग यात्रियों की मृत्यु या चोट की स्थिति में एयरलाइन दायित्व स्थापित करने के लिए किया जाता है।

न्यायमूर्ति हैली ने कतर के विमानन नियामक के खिलाफ महिलाओं के मामले को भी खारिज कर दिया और कहा कि यह विदेशी अभियोजन से मुक्त है।

प्रधानमंत्री खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुलअज़ीज अल थानी ने एक्स पर लिखा कि हमें महिला यात्रियों के साथ अस्वीकार्य व्यवहार पर खेद है, जो कुछ हुआ वह कतर के कानूनों या मूल्यों को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

## दुनिया को जानें

### 50 से कम उम्र के लोगों को पार्किंसंस से खतरा

**नई दिल्ली**, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अक्सर माना जाता है कि बढ़ती उम्र पार्किंसंस रोग का एक प्रमुख कारण है। लेकिन अब एक नई स्टडी में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने खुलासा किया है कि 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों में भी ये बीमारी हो सकती है। उन्होंने इस पर चिंता भी व्यक्त की है।(पार्किंसनिज्म एंड रिलेटेड डिसऑर्डर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में पार्किंसंस रोग तेजी से पांव पसार रहा है। अब यह बाकी देशों की तुलना में 10 साल पहले हो रहा है। भाईलाल अमीन जनरल हॉस्पिटल वडोदरा की कंसल्टेंट न्यूरो-फिजिशियन डॉ. आश्का पोंडा ने बताया कि पहले ऐसी धारणा थी कि पार्किंसंस रोग मुख्य रूप से उम्र दराज व्यक्तियों को प्रभावित करता है। लेकिन नए शोध से यह बात सामने आई है कि यह कम उम्र के लोगों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। पार्किंसंस के मामलों में हालिया वृद्धि से यह पता चला है कि इस रोग के लक्षण 50 वर्ष की आयु से पहले देखे जा रहे हैं। स्टडी में पार्किंसंस के लिए पर्यावरण, जेनेटिक्स और लाइफस्टाइल को मुख्य रूप से दोषी ठहराया गया है।

# प्रादेशिकी

## भारत में मुंह के कैंसर के सबसे ज्यादा मामले : डॉ. विजय बंसल

**अमृतसर।** भारत में लगभग 30 लाख लोग कैंसर से पीड़ित हैं, जिनमें से 14 लाख मामले नए हैं। देश में हर साल कैंसर से 9.10 लाख लोगों की मौत हो जाती है। आईवीवाई अस्पताल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. विजय बंसल ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत में मुंह के कैंसर का प्रसार सबसे तेजी से हो रहा है, हर साल मुंह के कैंसर के 1.75 लाख नए मामले सामने आते हैं। मुंह के कैंसर के 90 प्रतिशत मामले तंबाकू और गुटखा खाने से होते हैं। मेडिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. जतिन सरीन ने कहा कि सिर और गर्दन का कैंसर मुख्य रूप से हमारी जीवनशैली और सुपारी चबाने की आदत, तंबाकू और शराब का सेवन के कारण होता है। सिर और गर्दन के कैंसर के निदान के लिए स्वर्ण मानक परीक्षण एक ऊतक बायोप्सी है।

### कश्मीर से धारा 370 हटाई तो गरीबों को दिया 10 प्रतिशत आरक्षण

# कमजोर और अस्थिर सरकार का दुश्मनों ने उठाया फायदा : मोदी

अमरनाथ तिवारी

**ऋषिकेश,** 10 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकार का काम देखा है। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 वर्षों में भारत को पहले से मुकाबले कई गुना मजबूत कर दिया है। इसी मजबूत सरकार ने सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने का साहस लिया, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया, साथ ही सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया।

- प्रधानमंत्री नें गिनाई पूर्ण बहुमत वाली सरकार की खूबियां
- वन रैंक वन पेंशन को बताया उत्तराखण्ड के लिए उपयोगी




गुरूवार को ऋषिकेश में आयोजित एक चुनाव जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि, जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। तब भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे हैं. आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है इसलिए भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा के गारंटी बन जाता है। पीएम ने कहा कि, अगर कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक-वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। हमने यह गारंटी दी थी और इसे पूरा करके दिखाया। यह कांग्रेस थी जो कहती थी कि वन रैंक-वन पेंशन लागू करके हम पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपए देंगे, लेकिन मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा करके पूर्व सैनिकों के बैंक खाते में पहुंचा दिए हैं। उत्तराखंड में भी पूर्व सैनिकों के खाते में साढ़े 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं।

### तिरंगा युद्ध क्षेत्र में सुरक्षा की गारंटी

**देहरादून।** कांग्रेस को कमजोर सरकार बताते हुए पीएम ने कहा कि, जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। तब भारत में आतंकवाद ने पैर पसारे हैं। आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है।

### पूरी दुनिया में योग की धूम

**देहरादून।** पीएम ने संबोधन में कहा कि, हमारी सरकार उत्तराखंड के सामर्थ्य का लगातार विस्तार करने में जुटी है और इसमें बहुत बड़ी भूमिका पर्यटन, यात्रा और यात्रा धामों की है। ऋषिकेश तो आसपास के कई राज्यों के लिए पर्यटन का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है।

# दून पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा

### प्रियंका गांधी की रैलियों को लेकर की बैठक



**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा उत्तराखंड दौरे पर हैं। पार्टी प्रभारी के कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कुमारी शैलजा ने प्रदेश मुख्यालय में 13 अप्रैल को प्रियंका गांधी की रुड़की और रामनगर में होने वाली जनसभाओं की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस बैठक में पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहा प्रियंका गांधी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में उत्तराखंड में जनसभाएं करने जा रही हैं। उन्होंने कहा प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

आज और कल प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को देखते हुए सभी साथियों से चर्चा की जाएगी। कुमारी शैलजा ने हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के पक्ष में रुड़की में होने जा रही प्रियंका गांधी की जनसभा के लिए कोऑर्डिनेटर के तौर पर सह प्रभारी दीपिका पांडे को नियुक्त किया है। कुमारी शैलजा ने बताया जनसभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन को भी जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को देखते हुए वह कल रुड़की जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोपों का दौर भी चल रहा है। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने भाजपा को दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बताया है। उन्होंने कहा चारों तरफ भाजपा प्रत्याशियों के होर्डिंग नजर आ रहे हैं। चुनाव में पैसा खूब लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा भाजपा दुनिया की सबसे अमीर पार्टी कैसे बनी यह दुनिया के सामने है। कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया की इलेक्टोरल बॉन्ड कैसे खरीदे गए? कैसे पार्टी की तिजोरी भरी? यह सब लोगों को नजर आ रहा है।

## सार संक्षेप

### जनता को परेशान कर रही है कांग्रेस सरकार : सुखराम

**शिमला।** भाजपा के पूर्व मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा की कांग्रेस राज में जनता परेशान है, लगातार सरकार एक के बाद एक ऐसे निर्णय ले रही है जिससे आम जनता पर परेशानी का दौर बढ़ता चला जा रहा है। कभी स्वास्थ्य सेवाओं को बंद करना और अब स्टांप पेपर बंद कर जनता को सरकार लगातार परेशान कर रही है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने स्टॉप पेपरों को स्टॉप वेंडरों के माध्यम से बेचने की पुरानी प्रणाली को पहली अप्रैल से बंद कर दिया है, ऐसे में अब लोगों को अपने काम करवाने के लिए पहले की तरह सीधे वेंडरों के पास से स्टांप पेपर नहीं मिल रहे हैं। पहले से बचे स्टॉक से किसी तरह से काम चला रहे हैं। मगर नए स्टांप जारी न होने से इनकी परेशानी बढ़ गई है। प्रदेश में लगभग 800 स्टॉप वेडर काम कर रहे हैं। जिनकी रोजी रोटी पर तलवार लटक गई है। यह चिंताजनक विषय है। सरकार के कैबिनेट फैसले के अनुसार पहली अप्रैल से हार्ड प्रति के तौर पर स्टॉप पेपर वेंडरों को नहीं दिए जा रहे हैं।

### गैस सिलैंडर में लगी आग, आठ मकानों को पहुंची भारी क्षति

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भीषण अग्निकांड हो गया है। यहां एक साथ लकड़ी के आठ मकानों में आग लग गई। अग्निकांड में घरों में रखा सारा समान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि सबसे पहले आग रसोई गैस सिलैंडर में लगी थी, जिसके बाद आग फैलती हुई अन्य घरों तक भी जा पहुंची। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात नैटवाड़ के एक घर में रसोई गैस का सिलैंडर अचानक फट गया, जिस कारण लकड़ी के मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते ही आसपास के अन्य चार भवन भी उसकी चपेट में आ गए। घटनास्थल में आसपास सभी लकड़ी के भवन होने के कारण आग तेजी से फैली, जिससे चार घरों में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। उसके बाद आग अन्य चार घरों में भी फैल गई।

### हिमाचल के कमरऊ में गहरी खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के कमरऊ पंचायत के शालना गांव के एक व्यक्ति की खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति कमरऊ से पैदल शिरडी गांव जा रहा था। यह घटना कल देर शाम हुई। उन्होंने बताया कि रघुवीर सिंह (59) पुत्र नैन सिंह निवासी शालना कमरऊ घर से शिरडी जा रहा था। इसी दौरान कमरऊ से पास कुछ दूरी पर रास्ते में उसका पैर फिसल गया और गहरी खाई में जा गिरा। देर रात तक उसके पहुंचने का कोई फोन नहीं आया तो परिजनों ने शिरडी से कमरऊ शालना फोन से संपर्क किया।

### सुडोकू 6522 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 |

# भाजपा शासन काल में उत्तराखंड में ताश के पत्तों की तरह फेंटे गए सीएम

**श्रीनगर,** 11 अप्रैल (देशबन्धु) पौड़ी जिले के कोट ब्लॉक में गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने जनसंपर्क किया। गणेश गोदियाल ने जनता से वोटों की अपील की और चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने तीरथ सिंह रावत के लिए बड़ा बयान दिया। लोकसभा चुनाव में तीरथ सिंह रावत के टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 'वे एक सज्जन व्यक्ति हैं, गौ पुरुष हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका टिकट क्यों काटा है, ये समझ से परे है। मैंने ये सुना है कि इससे पहले, जो भाजपा के अभी प्रत्याशी हैं यहां से, उन्होंने ही यहां मुख्यमंत्री ताश के पत्तों के तरह फेंटे। तो लगता है कि टिकट काटने के पीछे भी इनका ही रोल होगा, ऐसा मुझे प्रतीत होता है। लेकिन निश्ति रूप में वो मेरे राजनीति प्रतिद्वंदी हैं। लेकिन ये भी साफ है कि वो सज्जन और गौ पुरुष व्यक्ति हैं। गणेश गोदियाल ने कोट ब्लॉक की हलधर महिला कौशल्या देवी को अपना स्टार प्रचारक बनाया। उन्होंने कौशल्या देवी से मुलाकात की और उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। गोदियाल ने कहा कि दिल्ली के स्टार प्रचारकों से लाख बढ़िया हमारी गांव की ऐसी महिलाएं हमारी स्टार प्रचारक हैं, जो 15-15 परिवारों का हल खुद लगाती है। ये महिलाएं अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरे स्टार प्रचारक ऐसे लोग हैं जिनकी पहचान तो बहुत है। मगर उनकों सरकारों की नाकामियों के बाद नाम नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर से ऐसी ग्रामीण महिलाएं उनके स्टार प्रचारक हैं जो अपनी मेहनत के दम पर अपने परिवार का पालन पोषण करने में लगी हुई हैं। लोकसभा चुनाव में कौशल्या देवी जैसी अन्य महिलाएं भी उनका स्टार प्रचारक के रूप में प्रचार-प्रसार करेंगी।



**पौड़ी कांग्रेस प्रत्याशी ने बीजेपी पर साधा निशाना**

गौरतलब है कि 2021 में भाजपा सरकार ने तीन मुख्यमंत्री बदले थे। 2017 में त्रिवेंद्र सिंह रावत को सीएम बनाने के बाद 2021 में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तीरथ सिंह रावत को बैठाया गया। लेकिन 100 दिन के अंदर ही तीरथ सिंह रावत को भी हटाकर पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्री पद सौंपा गया।

# कांग्रेस-भाजपा ने छलने का किया काम : नेगी

**ऊखीमठ,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। पौड़ी संसदीय सीट से उत्तराखण्ड क्रान्ति दल प्रत्याशी आशुतोष नेगी ने क्यूंजा घाटी, केदार घाटी तथा बसुकेदार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जनसम्पर्क कर जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगा। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। यूकेडी प्रत्याशी आशुतोष नेगी ने मोहनखाल, चंद्रनगर, भणज, क्यूंजा, कंडारा, चन्द्रापुरी, बांसबाडा, भीरी, कुंड, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, ल्वारा, लगगौंडी, छेनागाड़, बडेथ व बसुकेदार सहित विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क करते हुए जनता का आशीर्वाद मांगा तथा क्षेत्रीय जनता से दल के पक्ष में मतदान करने का आहवान किया। कहा कि भाजपा व कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं तथा दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने बारी-बारी से इस प्रदेश को छला है तथा हमेशा पहाड़ की उपेक्षा की है। कहा कि डबल इंजन की सरकार में मदमहेश्वर व तुंगनाथ धाम आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं तथा तुंगनाथ घाटी के युवाओं की रोजी-रोटी से वन विभाग द्वारा खिलवाड़ करना प्रदेश सरकार की सोची समझी चाल थी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड क्रान्ति दल मूल निवास 1950 लागू करवाना, अनुच्छेद 371 के तहत भू कानून लाना, स्थायी राजधानी गैरसैंण, अंकिता भंडारी हत्याकाण्ड जैसे जघन्य अपराधों की सीबीआई जांच करवाना सहित अनेक मुद्दों की लड़ाई पूर्व से लड़ता आ रहा है और भविष्य में जारी रहेगी। पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत, लोकसभा प्रभारी विजयन्त सिंह भिजवाला सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



**उक्रांद प्रत्याशी ने किया क्यूंजा, केदारघाटी व बसुकेदार क्षेत्र में जन संपर्क**



# आरएसएस ने किया हिन्दू नव वर्ष पर नगर में पथ संचलन

**रुद्रप्रयाग,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर आरएसएस ने नगर में पथ संचलन किया। इस मौके पर आयोजित सभा में मुख्य वक्ता प्रांत पर्यावरण प्रमुख चंदन ने आरएसएस स्वयं सेवकों को पथ संचलन का महत्व बताया। साथ ही संघ की मर्यादा एवं अनुशासन की जानकारी दी। कहा कि हर वर्ष हिन्दू नव वर्ष पर पथ संचलन किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटेश्वर महंत शिवानंद गिरी महाराज ने की। इस मौके पर पथ प्रांत पर्यावरण प्रमुख चंदन, कोटेश्वर महंत शिवानंद गिरी, जिला संघ चालक तेजपाल खत्री, जिला कार्यावाहक शैलेन्द्र, जिला प्रचारक पंकज, जिला सह संघ चालक सच्चिदानंद नौटियाल, जिला प्रचार प्रमुख शशि मोहन उनियाल, जिला विद्यार्थी प्रमुख रोशन झा, महावीर पंवार, जगमोहन रावत, तेजपाल जी, मोहित, लक्ष्मण कप्रवान, अजय सेमवाल, गंभीर बिष्ट सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे।

- प्रांत पर्यावरण प्रमुख ने दी संघ की मर्यादा एवं अनुशासन की जानकारी

# हरियाणा में स्कूल बस के पेड़ से टकराने से छह बच्चों की मौत, मोदी ने जताया दुख

**महेंद्रगढ़,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा में महेंद्रगढ़ के कनीना इलाके में गुरुवार को स्कूल बस के पेड़ से टकरा जाने से छह बच्चों की मौत हो गयी और अन्य 20 घायल हो गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मु ने 'एक्स' पर कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। श्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

# अकीदमंदों ने भाईचारे का पैगाम देते हुए अदा की ईद की नमाज



**देहरादून,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार को चांद के दिखने के बाद गुरूवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। पछवादून क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदमंदों ने भाईचारे का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन शांति और कौम की तरक्की की दुआ मांगी। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गुरूवार की सुबह ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों और ईदगाहों में लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। राजधानी देहरादून की मस्जिदों अलावा आसपास नवाबगढ़, सेलाकुई, सहसपुर, जीवनगढ़, ढकरानी, कुल्हाल, केदारावाला, रामपुर, डाकपत्थर, हरिपुर आदि जगहों की मस्जिदों और ईदगाह में भी ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मस्जिदों और ईदगाह के आसपास जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा। रुड़की की प्रमुख ईदगाह में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने नमाज अदा कराई और मौलाना अजहरुल हक ने ईद को आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम बताते हुए तमाम अहले वतन को मुबारकबाद पेश की। रुड़की की जामा मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे और रामपुर की ईदगाह में सुबह आठ बजे ईद की नमाज पढ़ कर लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की, इसके अलावा नगर की कई अन्य मस्जिदों में भी सुबह काफी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर देश की उन्नति और तरक्की के लिए दुआएं मांगी। उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति के महासचिव अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलौरी के निवास पर गत वर्षों की भांति ईद मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

- ईद के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए

### सेब की पैदावार पर जलवायु परिवर्तन का असर

# 13 सालों में राज्य में सेब की पैदावार घटी

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 10 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल की आर्थिकी का संबल बने सेब की पैदावार पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ता दिखाई दे रहा है। प्रदेश में सेब उत्पादन के आंकड़ों पर गौर करने से साफ है कि बीते 13 सालों में राज्य में सेब की पैदावार घट रही है। पूरी तरह से मौसम के मिजाज पर निर्भर रहने वाली सेब की पैदावार मौसम अनुकूल होने पर तो बागवानों को कुछ राहत देने वाली होती है, मगर मौसम प्रतिकूल होने अर्थात समय पर बर्फबारी अथवा बारिश न होने की वजह से पैदावार कम होती है। पैदावार में गिरावट से प्रदेश की सेब की आर्थिकी पर मार पड़ रही है। मौसम के बदलते मिजाज के कारण बीते साल अत्यधिक बारिश और कम बर्फबारी के कारण दो वर्षों की तुलना में इस साल सेब के फूल खिलने में कम से कम तीन सप्ताह की देरी हुई है। बीते साल हुई अत्यधिक बारिश और कम बर्फबारी का असर सेब के खिलने पर पड़ रहा है।

- बीते साल हुई अत्यधिक बारिश और कम बर्फबारी



फूल खिलने में देरी से सेब उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है। सेब बागानों में इसकी तुड़ाई आमतौर पर जून के अंतिम सप्ताह में शुरू होती है, मगर फूल सेब के पौधों में फूल आने में देरी की वजह से इस बार तुड़ाई भी जुलाई माह में शुरू होगी। समुद्र तल से 5000 फीट की ऊंचाई पर निचले इलाकों में सेब के पेड़ अप्रैल के मध्य तक पूरी तरह से खिल जाते हैं। ठियोग में एक सेब उत्पादक राहुल सिंह ने कहा ,पेड़ गुलाबी कली के चरण में हैं। उनका कहना है कि इस वर्ष निचली ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कम फूल खिले हैं , जिसका मुख्य कारण पिछले साल मई और जून में गीला मौसम था , जिससे सेब के पेड़ों में कार्बोहाइड्रेट उत्पादन प्रभावित हुआ। यह मुख्य रूप से स्वस्थ फल कलियों के विकास के लिए जिम्मेदार है , खासकर जब से निचली ऊंचाई पर बंपर फल लगे थे। प्रोग्रेसिव ग्रोअर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकिंदर सिंह बिष्ट का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का असर फसल पर पड़ रहा है। चिंता है कि इस सप्ताह के दौरान सी में मौसम फिर बदल जाएगा। बीते साल लगातार बारिश के कारण सेब के पौधों पर मार्सोनिना ब्लॉच , पौधे के रोगजनक् डिप्लोकार्पोन बीमारी देखी गई। इस बीमारी से सेब की तुड़ाई से पहले पत्तियां गिर जाती हैं। नतीजतन फल का आकार , रंग और उपज के साथ.साथ पेड़ की ताकत और फल.धारण क्षमता प्रभावित होती है।इसके साथ साथ बारिश के कारण अल्टरनेरिया का प्रकोप हुआ। इससे पत्तियों व फलों पर धब्बे और फफूंदयुक्त मूल रोगों का कारण बनता है। नतीजतन फलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

बागवानी विशेषज्ञ एवं नौणी विश्व विद्यालय के पूर्व ऐसोसिएट निदेशक डॉ एसपी भारद्वाज सेब के पौधों में फूलों के पैटर्न में बदलाव को जलवायु परिवर्तवन की वजह मानते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि बीते जनवरी माह में सामान्य से 99 फीसद कम बारिश हुई। इससे सेब के बागीचों में फूल कमजोर होंगे।

2010......5.11 करोड़ पेटियां
2011......1.38 करोड़ पेटियां
2012 ....1.84 करोड़ बॉक्स
2013.....3.69 करोड़ बॉक्स
2014.....2.80 करोड़ बॉक्स
2015......3.68 करोड़ बॉक्स
2016......2.40 करोड़ बॉक्स
2017......2.06 करोड़ बॉक्स
2018......1.65 करोड़ बॉक्स
2019......3.24 करोड़ बॉक्स
2020......2.84 करोड़ बॉक्स
2021......3.41 करोड़ सेब की पेटियां
2022......3.56 करोड़ सेब की पेटियां
2023 .....1.77 करोड़ बॉक्स

# प्रादेशिकी

## मैनपुरी में ध्वस्त करेंगे सपा का किला : जयवीर

**मैनपुरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी जयवीर सिंह ने गुरुवार को कहा कि इस बार मैनपुरी लोकसभा सीट पर भगवा लहरायेगा और समाजवादी पार्टी का किला ध्वस्त होगा। श्री सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2012 से 2017 तक अखिलेश सरकार का समय मैनपुरी की जनता के लिए कठिन समय था। समाजवादी पार्टी के लोगों ने मैनपुरी की जनता पर जो जुल्म किये उनको आज भी लोग भुला नहीं पाए हैं। मोदी और योगी की गारंटी से जनता को बहुत कुछ मिला है। सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं और विकास का पहिया तेजी से चल रहा है। योगी के कार्यों और मोदी की गारंटी का असर जनता देख रही है।

### परिवारवाद के मुद्दे पर डिंपल यादव ने भाजपा को घेरा

# भाजपा को अपना परिवारवाद नजर नहीं आता

**मैनपुरी,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा की चुनावी तैयारियां तेज हो चली है। इसी कड़ी में मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव अपने चुनावी अभियान में जुटी हुई हैं।

डिंपल यादव ने कई सवालों के जवाब दिए। भाजपा की ओर से लगाए जा रहे परिवारवाद के आरोप पर डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा को केवल क्षेत्रीय पार्टियों में परिवारवाद नजर आ रहा है। भाजपा को अपना परिवारवाद नजर नहीं आता है, तब उनकी आंखों पर पट्टी लग जाती है। मेरा मानना है कि अगर क्षेत्र के लोग उनको सुनते हैं और वोट देकर सांसद बनाते हैं तो इसमें कोई गलत बात नहीं है।

सपा की ओर से प्रत्याशी बदले जाने के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि मैं समझती हूं किसी रणनीति के तहत ही सीट चेंज की जा रही है। हमारा मकसद यही है कि ज्यादा से ज्यादा सीटें गठबंधन और समाजवादी पार्टी जीते। इंडिया गठबंधन के नेताओं की ओर से महिलाओं पर गलत बयान देने के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि पूरे देश में जो अपराध की घटनाएं हुई है, चाहे वह उन्नाव का मामला हो या हाथरस का, यहां तक की एनसीआरबी के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, वो इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि महिलाओं के साथ अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। क्षत्रिय समाज की ओर से भाजपा का विरोध किए जाने पर डिंपल यादव ने कहा कि हर वर्ग के लोग भाजपा से नाराज हैं। युवा अक्रोशित है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हो पाई है। हमारे देश के चारों स्तंभ डगमगा गए हैं। राजद की राज्यसभा सांसद मीसा भारती की ओर से पीएम मोदी पर दिए गए विवादित बयान पर डिंपल यादव ने बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं समझती हूं अगर हमारे इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। बेहतर शिक्षा व्यवस्था और युवाओं को रोजगार देने पर काम किया जाएगा।मैनपुरी से नामांकन और चुनाव प्रचार में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि अभी इस बारे में कोई बात नहीं हुई है, जब होगी तब पता चल जाएगा। मैनपुरी से जयवीर सिंह को भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें यहां हारने के लिए भेजा है। मैं समझती हूं कि मैनपुरी में समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी और जनता के सहयोग-समर्थन से बड़ी जीत हासिल करेगी।



**हर वर्ग के लोग भाजपा से नाराज हैं। युवा अक्रोशित है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हो पाई है। हमारे देश के चारों स्तंभ डगमगा गए हैं : डिंपल यादव, सपा**

## बागपत में हत्या के दोषी 11 को उम्रकैद

**बागपत,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बागपत की एक विशेष अदालत ने चार साल पुराने हत्या के एक मामले में चार भाइयों समेत 11 लोगों को कठोर आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) अमित खोखर ने कहा कि 16 मई, 2020 को निवारा गांव में चुनाव संबंधी प्रतिद्वंद्विता को लेकर निसार की हत्या कर दी गई थी।इस वारदात में मृतक के चाचा अंगूर, महकार और इखलाक भी घायल हो गए थे। मृतक के भाई हारून ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस की जांच के दौरान छह और नाम सामने आये।एडीजीसी ने कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही के आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजिया नजर जैदी की अदालत ने बुधवार को 11 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में 17 आरोपियों को बरी कर दिया।

### डीएम ने किया सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण

# मतगणना केन्द्र पर सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का लिया जायजा

**मेरठ,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में मतगणना केंद्र बनाए जाने के दृष्टिगत संबंधित समस्त अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। मतगणना केंद्र पर सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था, पानी, सीसीटीवी कैमरा, बिजली, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिका/ईवीएम जमा करने तथा टेबिल तक पहुंचाने इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि आज जनपद में एफ0एस0टी0 (उड़न दस्ता)/एस0एस0टी0 व पुलिस विभाग की गठित टीमों द्वारा दिनांक 10.04.2024 को 104 लीटर शराब मूल्य अंकन लगभग 27040/- का जब्तीकरण किया गया। कलक्ट्रेट बचत भवन में बनाये गये कन्ट्रोल रूम में स्थापित लैण्ड लाईन नम्बर 0121-2664134 एवं टोलफ्री नं. 1950 पर कुल 01 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका निस्तारण कर दिया गया। आईटीआई साकेत मेरठ में प्रथम चरण के चुनाव हेतु भौतिक रूप से ई.वी.एम. की कमीशनिंग का कार्य प्रगतिशील है। आज दिनांक 10 अप्रैल, 2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 8) किशनपुर बिराना, विकास क्षेत्र-मवाना के अध्यापकों एवं बच्चों को प्रार्थना स्थल पर मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाई गई उसके बाद गांव में ढोल और डफली बजाकर नॉक-नॉक फॉर बोट कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली और संचारी रोग रोकथाम रैली निकाली गयी। मतदाताओं को घर-घर जाकर आगामी 19 व 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और सभी को संचारी रोगों से कैसे बचा जाए, इसके बारे में भी अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में बताया गया।

■ **104 लीटर शराब का किया गया जब्तीकरण**



### सार संक्षेप

## जयवीर के अखाड़े में उतरने से मैनपुरी की लड़ाई हुई दिलचस्प

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के किले के रुप में विख्यात मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के तौर पर मैदान पर उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है।सपा अपने अभेद दुर्ग को किसी भी हालत में सुरक्षित रखना चाहती है,वंही भाजपा मैनपुरी पर पहली जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर रही है। जयवीर सिंह का नाम काफी इंतजार के बाद भाजपा आलाकमान ने गुरुवार को घोषित किया है जिसके बाद से सपा नेतृत्व में मंथन तेज हो गया है। सपा के सूत्रों का कहना है कि मैनपुरी सीट को पार्टी किसी भी दशा में खोना नहीं चाहती,ऐसे में मैनपुरी से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना है। डिम्पल यादव को कन्नौज से और अखिलेश यादव के मैनपुरी से लड़ने की चर्चाएं मैनपुरी में जोरों से हैं। राजनीति के जानकारों का मानना है कि जयवीर सिंह के सामने डिम्पल यादव का चुनाव जीतना इतना आसान नहीं था।

## जेल से बाहर आए तो चुनाव लड़ेंगे धनंजय सिंह : श्रीकला

**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला सिंह ने गुरुवार को कहा कि जेल से बाहर आने की दशा में निसंदेह उनके पति लोकसभा चुनाव में शिरकत करेंगे। माता शीतला चौकियां का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि मैने शीतला माता से 24 अप्रैल को उच्च न्यायालय का फैसला अपने पति के हक में आने की प्रार्थना की है। 24 अप्रैल को यदि वे बाहर आ जाते हैं लोकसभा का चुनाव अवश्य लड़ेंगे। उन्होने कहा कि मेरे पति धनंजय सिंह के खिलाफ फर्जी केस किया गया। चुनाव से पहले ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस पूरे मामले को हम गलत मानते हैं, सिर्फ हम ही नहीं बल्कि जौनपुर का हमारा पूरा परिवार इसको गलत मानता है। हम सभी धनंजय सिंह के लिए दुआ कर रहे हैं। उम्मीद है कि 24 अप्रैल के दिन वह जेल से बाहर आ जाएंगे. उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि धनंजय के चुनाव लडने की तैयारी काफी पहले से की जा रही है, लोग भी चाहते हैं कि वह लोकसभा चुनाव लड़ें।



## मैनपुरी में दो युवकों की डूबने से मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के दन्नाहार क्षेत्र में गुरुवार को दो युवकों की नहर में डूबने से मौत हो गयी।
पुलिस के अनुसार बुधवार को नगला बल्लभ में एक तेहरवीं समारोह में शामिल होने के लिए जसरथपुर निवासी सोमेंद्र आया था। अपने नाना भारत सिंह की तेरहवीं में शामिल होने के बाद गुरुवार को वह अपने दोस्तों के साथ जोहरी नगर के पास नहर में नहाने गया ।गहरे पानी में जाने से सोमेंद्र जब डूबने लगा तो हिमांशु ने उसे बचाने का प्रयास किया। पानी के तेज बहाव में दोनों की डूब कर मृत्यु हो गई।

# बसपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रचार में झोंकी ताकत

**मवाना,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोस चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के प्रचार में और तेजी आ गई है। इसी क्रम में बसपा प्रत्याशी गुरूवार को बिजनौर की जामा मस्जिद पहुंचे और मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उनके अलावा पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी ईदगाह मवाना, मीरापुर, चांदपुर, पुरकाजी, बहसूमा, ईदगाह सैफपुर कर्मचंदपुर आदि पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी। कई स्थानों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बसपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया और चुनाव में जीत का भरोसा दिलाया।

ईद के मौके पर बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह ने रात्रि में बिजनौर में प्रवास किया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सुबह के समय वह ईद की नमाज के समय बिजनौर शहर की जामा मस्जिद पहुंचे और शहर काजी के साथ ही समस्त मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उसके बाद उन्होंने जमालपुर पठानी में डा मंसूर प्रधान के निवास पर और मंडावर में चेयरमैन आसिफ के निवास पर पहुंचकर मुबारकबाद दी। इसके अलावा बुरहानीद्दीनपुर आदि गांवों में पहुंचकर लोगों को एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए उन्हें वोट देने की अपील की।



■ **बिजनौर में जामा मस्जिद पर पहुंचे बसपा प्रत्याशी**

## योगी दस दिन में तीसरी बार सहारनपुर आएंगे

**सहारनपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले एक पखवाड़े के दौरान तीसरी बार 12 अप्रैल को सहारनपुर के राजपूत बहुल क्षेत्र बड़गांव में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। सहारनपुर मंडल में लोकसभा की तीन सीटें सहारनपुर, कैराना और मुजफ्फरनगर आती हैं। भाजपा के प्रबंधकों का कहना है कि राजपूतों की नाराजगी का असर कैराना और मुजफ्फरनगर सीटों पर ज्यादा और सहारनपुर सीट पर कम दिखता है। सहारनपुर सीट पर राघव लखनपाल शर्मा भाजपा के तीसरी बार उम्मीदवार हैं।

# प्रेक्षक ने किया मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**मेरठ,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज विधानसभा क्षेत्र सिवालखास जो कि बागपत-11 लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, की सामान्य प्रेक्षक आर लथा (आईएएस) द्वारा मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक ने मतगणना केंद्र पर तैयारियों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालय, पानी, प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिका/ईवीएम जमा करने इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि निर्वाचन कार्यों की लगातार समीक्षा करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है तथा लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसीएम महेश दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से बदल जाता है हमारा पंचांग

**मवाना,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अशोक विहार बस्ती के स्वयंसेवकों ने पंचवटी कालोनी के पार्क में हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत किसान टोली सदस्य सुरेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अध्यापक ताराचंद सैनी ने की। मुख्य वक्ता ने हिन्दू नववर्ष के बारे में स्वयंसेवकों को बताया कि हमारा सनातन हिन्दू धर्म सबसे प्राचीन धर्म है चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हमारा पंचांग भी बदल जाता है और इस दिन की अपनी कुछ विशेषताएं हैं जैसे चैत्र मास की प्रतिपदा के साथ ही हिन्दू नववर्ष का प्रथम दिन माना जाता है। इस दिन ब्रह्मा ने संपूर्ण सृष्टि का सृजन किया था और पांडवों का राज्याभिषेक भी हुआ था। विक्रम संवत का नामकरण भी इसी महीने में हुआ था। चैत्र नवरात्र का आरंभ भी इस महीने में होता है, जो नौ दिनों तक चलता है और नौ देवियों की पूजा किया जाता है.चैत्र मास का आगमन न केवल हिन्दू समुदाय के लिए बल्कि प्रकृति के लिए भी एक नया आरंभ होता है। कार्यक्रम में नगर संघचालक अंशुल गौतम, नगर कार्यवाह तरूण कुमार,जिला व्यवस्था प्रमुख आदित्य, वरिष्ठ स्वयंसेवक सतीश कुमार, बस्ती प्रमुख विशाल गुप्ता, शाखा कार्यवाह अमन शर्मा, दीपक कश्यप, योगेश गुप्ता,पवन कुमार, सचिन चौधरी,राहुल कुमार, बलराज सिंह गुर्जर,गोलू,सचिन रस्तोगी, विपुल गोयल, सिद्धार्थ गोयल आदि स्वयं सेवकों की गौरवमयी उपस्थिति रही।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# आदर्श आचार संहिता तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई

**मेरठ,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित समस्त नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कम्यूनिकेशन प्लॉन, सीसीटीवी कैमरा, सेकेंड रेन्डेमाईजेशन, ईवीएम कमिशनिंग, पोस्टल बैलेट, फैसीलेशन सेंटर बनाये जाने, कार्मिको की डयूटी, अन्य आवश्यक सुविधाएं, वेबकास्टिंग, क्रिटीकल बूथ, वाहन अधिग्रहण, पोलिंग पार्टियो की रवानगी, आदर्श आचार संहिता तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से समीक्षा की गई व अधिकारियो को आवश्यक-दिशा-निर्देश दिये गये।उन्होने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मा0 निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशो का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



## अधिकारी व कर्मचारी को मिलेगा मतदान के दिन सवेतन अवकाश

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ दीपक मीणा ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष जनपद मेरठ को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के पत्र 4 अप्रैल के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग के पत्र दिनांक 16.03.2024 के क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 02.04.2024 के अनुपालन में ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जिनकी ड्यूटी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को संपन्न कराने हेतु लगायी गयी है

### त्योहार — ईद की नमाज के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए

# उल्लास और उमंग के साथ मनाई गई ईद, लोगों में दिखा उत्साह

**लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में ईद का त्योहार उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।**

**लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा,टीले वाली मस्जिद और ईदगाह समेत सैकड़ो छोटी बड़ी मस्जिदों में सुबह सवेरे सजे सवरे नमाजियों की टोलियां पहुंचने लगी थी। बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी और अल्लाह से मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। टीले वाली मस्जिद में मौलाना फरंगी महली ने नमाज पढ़ायी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वहां मौजूद लोगों को ईद की शुभकामनायें दी।**

नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई दी। इसके बाद लजीज सेंवई और व्यजंनो का दौर चल पड़ा जो देर शाम तक जारी रहा। ईद की नमाज के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। नमाज के मद्देनजर कई स्थानो पर रुट डायवर्जन किया गया था। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के जरिये शरारती तत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही थी। जौनपुर, कानपुर, गोरखपुर, वाराणी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और गाजियाबाद समेत लगभग समूचे उत्तर प्रदेश में ईद की धूम रही। ललितपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ईद की नमाज अदा कर लोगों ने मुल्क में अमन-चेन बरकरार रखने की दुआ मांगी व एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने ईद की नमाज अदा कर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।

फिरोजाबाद में ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद शाही मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अमन चैन की दुआ के साथ नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी रमेश रंजन और एसपी सौरभ दीक्षित ने मौके पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। जौनपुर में पूर्वांचल की सबसे बड़ी शाही ईदगाह मछलीशहर पड़ाव पर ईद की नमाज हजरत मौलाना अल्हाज हसनैन अहमद सिद्दीकी की सरपरस्ती में मौलाना अब्दुल जहीर खुसैमा ने अदा कराई। इस दौरान अपने खुत्बा में उन्होंने कहा कि खुदा नहीं चाहता कि इंसान इंसान से लड़ाई झगड़ा करें ,सभी लोगों को मिलकर रहना चाहिए।आपस में ऐसा समन्वय बनाएं ताकि समाज में हर तरफ सुख शांति रहे, लोग एक दूसरे की मुसीबत में खड़े रहे, हर जायज काम को किया जाए नाजायज कार्य से दूर रहा जाए।



## हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-फितर का पर्व

**मवाना।** मवाना में ईद-उल-फितर का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न ईदगाह एवं मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की। जिसमें जीवन में उन्नति, खुशी, समृद्धि तथा सलामती की दुआएं मागी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मेरठ रोड स्थित ईदगाह व मस्जिद में ईद की नमाज अदा की। नगर में प्रमुख नमाज मेरठ रोड स्थित ईदगाह में हुई। मुस्लिम समुदाय में हर आयु वर्ग से हजारों लोग नमाज के लिए सुबह से ही ईदगाह पहुंच गए। लोगों में ईद को लेकर जबरदस्त उत्साह रहा। शहर काजी ने ईदगाह में हजारों लोगों को नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद मौजूद सभी लोगों ने दोनों हाथ उठाकर अपने और परिवार जन की बेहतरी के लिए खुदा से दुआएं मांगी। लोगों ने गले लगा कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। विभिन्न धर्म समाज के लोग भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद देने ईदगाह पहुंचे।

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17





# सहारनपुर लोकसभा पर हारी बाजी को जीत में बदलना भाजपा के लिए चुनौती

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,**11 अप्रैल (देशबन्धु)। इस साल 7 चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ गई है। सभी राजनीतिक दल जीत के लिए गुणा भाग में लगे हुए हैं। पहले चरण के चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश की बात करें तो राज्य में सभी 7 चरणों के दौरान वोटिंग होने वाली है। इस दौरान राज्य की 80 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। उत्तर प्रदेश में वोटिंग के दौरान नंबर एक सहारनपुर लोकसभा सीट पर खासी निगाह रहेगी। 2019 में भाजपा (भारतीय जनता पाटी) लहर के बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सहारनपुर सीट भाजपा के हाथ से निकल गई थी और बसपा के कब्जे में चली गई थी। ऐसे में यह सीट सत्तारूढ़ दल के लिए इस बार भी एक चुनौती होगी।

2019 में हुए आम चुनावों के बाद वर्तमान में सहारनपुर लोकसभा सीट से बसपा के हाजी फजलुर रहमान सांसद हैं। वह सपा, बसपा और रालोद गठबंधन की ओर से चुनाव में खड़े किए गए थे। उन्हें 514,139 वोट मिले थे। उनके करीबी प्रतिद्वंदी भाजपा के राघव लखनपाल को 4,91,722 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस के इमरान मसूद को 2,07,068 वोटों से संतोष करना पड़ा था।

सहारनपुर जिले में 5 विधानसभा क्षेत्र-बेहट, सहारनपुर देहात, सहारनपुर नगर, देवबंद, रामपुर मनीहारन (एससी) आते हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से सहारनपुर जिले की दूरी 702.6 किलोमीटर है। सहारनपुर सीट पर सबसे ज्यादा 6 बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के चुनावों में सहारनपुर सीट पर वोट का प्रतिशत 71: रहा थासहारनपुर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला, 18.5 लाख जनता किसको भेजेगी संसद?

सहारनपुर लोकसभा पर इस समय 18 लाख 51 हजार 847 वोटर है जिसमें महिलाएं आठ लाख 73 हजार 341 है और पुरुष नौ लाख 78 हजार 421 हैं। वहीं 85 वोटर थर्ड जेंडर है। वैसे तो इस लोकसभा सीट से 10 उम्मीदवार मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस और बसपा के बीच देखने को मिलेगा। एक प्रत्याशी अखिल भारतीय परिवार पार्टी से और 6 उम्मीदवार निर्दलीय हैं।

### सहारनपुर का इंतिहास

शिवालिक की तलहटी में बसा सहारनपुर उत्तराखंड से उतरते ही पहला मैदानी क्षेत्र। लकड़ी पर नक्काशी वाले हुनरमंदों का शहर, देश-दुनिया को फलों का स्वाद चखाने वाला जिला, होजियरी की बड़ी मंडी। यहां का हर नागरिक अपनी धुन में, काम में व्यस्त रहता है। मस्त रहता है। लेकिन यहां की जनता कड़ी राजनीतिक परीक्षा लेती है। राजनीति भी तराशती है।

### इमरान मसूद भी करोड़पति

सहारनपुर लोकसभा सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद भी करोड़पति हैं। नामांकन पत्र के साथ इनके द्वारा दिए गए शपथ पत्र में इन्होंने बताया कि उनके द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल की गई आईटीआर में अपनी आय 2,95,270 रुपए दर्शायी है।

### बोटी-बोटी वाले बयान से चर्चा में आए थे मसूद

लोकसभा चुनाव 2014 में कांग्रेस नेता इमरान मसूद अपने बोटी-बोटी वाले बयान से खासी चर्चा में आए थे। हालांकि, इस बयान के लिए उन पर केस दर्ज और उन्हें जेल में रहना पड़ा था।

### तीन बार विधायक रह चुके हैं भाजपा सांसद

भारतीय जनता पार्टी ने सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए राघव लखनपाल को प्रत्याशी घोषित किया है। राघव ऐसे उम्मीदवार हैं, जो तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। इसके साथ ही उनके पास एमबीए और बीकॉम ऑनर्स की डिग्री है। भाजपा ने राघव को लोकसभा चुनाव का पहला टिकट 2014 में दिया था, जिसमें राघव ने जीत हासिल करते हुए भाजपा भरोसा भी जीता था। हालांकि, 2019 के चुनाव में उन्हें बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने शिकस्त दी थी।

### राजपूत, त्यागी और सैनी वोट बैंक नाराज!

अपने समाज को टिकट बंटवारे में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से कई जातियां नाराज हैं। 7 अप्रैल को सहारनपुर में राजपूत समुदाय की विशाल रैली ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाति-आधारित राजनीतिक गठबंधन के नए विकल्प खोल दिए। इमरान मसूद की स्थानीय राजपूत नेताओं से मुलाकात से बाकी पार्टियों ने भी इस समुदाय को लुभाने की कोशिश की। लोकसभा चुनाव के पहले फेज के वोटिंग के लिए 10 दिन से भी कम समय बचा है, ऐसे में भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस बार मुश्किल हालातों का सामना कर रही है। इस बेल्ट में बीजेपी ने पिछले दशक में हिंदू वोटों की एकजुटता के कारण अधिकांश सीटें जीती थीं। क्षेत्र में स्थितियां अब तेजी से बदल रही हैं, कुछ प्रमुख जातियां खुले तौर पर अपनी नाराजगी जता रही हैं और अपने समुदायों से भाजपा का बहिष्कार करने का आह्वान कर रही हैं. राजपूत, त्यागी और सैनी सहित ये प्रमुख जातियां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने 'कम प्रतिनिधित्व' से असंतुष्ट हैं।

■ पिछले लोकसभा चुनाव में सहारनपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को मिली थी बसपा से शिकस्त

■ इस बार लोकसभा चुनाव में बदले समीकरण के बीच भाजपा को जीत करने करनी पड़ रही कड़ी मेहनत

राजपूत समुदाय पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगभग 10 प्रतिशत की बड़ी आबादी होने के बावजूद कम लोकसभा टिकट मिलने सहित कई मुद्दों से नाराज है। गाजियाबाद में जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह की जगह अतुल कुमार गर्ग को लाने के भाजपा के फैसले से समुदाय में नाराजगी फैल गई क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 10 फीसदी मतदाताओं को नजदीक के मुरादाबाद से ही एक टिकट मिला। पश्चिमी यूपी में क्षत्रीय संगठनों की नारजागी का पूर्वांचल में भी दिखेगा असर?

### चुनाव से पहले भाजपा की बढ़ी टेंशन

यूपी की राजनीति में अचानक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षत्रिय समाज के नेताओं ने जो बागी अंदाज दिखाया है, उससे भाजपा में हलचल मच गई है। ऐन चुनाव से पहले जब पार्टी हर जाति को साधकर सियासी संदेश देने की कोशिश कर रही है, ऐसे में पश्चिम में नाराज क्षत्रिय संगठन सक्रिय दिखाई पड़ रहे हैं, लेकिन ये सक्रियता भाजपा के खिलाफ जा सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान में सिर्फ 10 दिन का समय बाकी रह गया है। ऐसे में पश्चिम यूपी में क्षत्रिय संगठनों की नाराजगी ने बीजेपी रणनीतिकारों की चिंता बढ़ा दी है. सहारनपुर के बाद अब मेरठ, मुजफ्फरनगर में भी क्षत्रिय महापंचायत की घोषणा से पार्टी जहां स्थिति का आकलन करने में जुटी है वहीं ये नाराजगी पूर्वांचल तक न फैले इसके लिए भी मंथन शुरू हो गया है। क्षत्रिय संगठनों ने भाजपा पर क्षत्रिय समाज का राजनीतिक प्रतिनिधित्व घटाने और उनके महत्व को कम करने का आरोप लगाया है। यूपी की राजनीति में अचानक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षत्रिय समाज के नेताओं ने जो बागी अंदाज दिखाया है, उससे भाजपा में हलचल मच गई है। ऐन चुनाव से पहले जब पार्टी हर जाति को साधकर सियासी संदेश देने की कोशिश कर रही है, ऐसे में पश्चिम में नाराज क्षत्रिय संगठन सक्रिय दिखाई पड़ रहे हैं, लेकिन ये सक्रियता भाजपा के खिलाफ जा सकती है क्योंकि समाज के नेताओं ने गांव-गांव में बैठक करके आरोप लगते हुए क्षत्रिय समाज को ये बताना शुरू कर दिया है कि भाजपा क्षत्रियों की राजनीतिक प्रतिनिधित्व और ताकत को कम कर रही है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बयान का कितना पड़ेगा असर

सहारपुर लोकसभा सीट भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है, यहां पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली को भाजपा वोट बैंक को साधने का प्रयास किया। इसके बावजूद जब राजपूत की नाराजगी दूर नहीं हो तो रक्षामंत्री मंत्री राजनाथ को उतारा गया। बुधवार को राजनाथ ने सहारनपुर में रैली कर ठाकुर समाज को साधने पहुंचे। ठाकुर बहुत इलाके की जनसभा में राजनाथ ने कहा कि एसपी और कांग्रेस अफवाह फैला रहे है कि राजपूत भाजपा से नाराज है, लेकिन हम सबको मना लेंगे। अब देखना है कि राजपूत समाज की नाराजगी दूर हो पाती है कि नहीं।

# बंगाल में कांग्रेस-वाम मोर्चा की दोस्ती कायम

■ सीपीआई (एम) का लचीला रुख ■ कांथी लोकसभा सीट पर अपना दावा छोड़ने का फैसला




**कोलकाता,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चे के अगुवा के रूप में सीपीआई (एम) ने कांग्रेस और कनिष्ठ सहयोगियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए और अधिक लचीला रुख अपनाने का फैसला किया है।

समझौता फार्मूले के तहत सीपीआई (एम) नेतृत्व ने पूर्वी मिदनापुर जिले की कांथी लोकसभा सीट पर अपना दावा छोड़ने का फैसला किया है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि इसकी जगह कांग्रेस से निकटवर्ती पश्चिम मिदनापुर जिले में घाटल निर्वाचन क्षेत्र पर दावा छोड़ने का अनुरोध किया गया है, जहां वाम मोर्चा सहयोगी सीपीआई ने पहले ही उम्मीदवार खड़ा कर रखा है।

सीपीआई (एम) की एक केंद्रीय समिति के सदस्य ने कहा कि बातचीत के बाद कांग्रेस नेतृत्व सैद्धांतिक रूप से हमारे प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। इसका मतलब यह है कि पश्चिम बंगाल में एक भी निर्वाचन क्षेत्र ऐसा नहीं होगा, जहां कांग्रेस के उम्मीदवार सीपीआई (एम) के खिलाफ या दो अन्य वाम मोर्चा सहयोगियों सीपीआई और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अब कांग्रेस-वाम मोर्चा सीट-बंटवारे में एकमात्र बाधा वाम मोर्चे की एक अन्य सहयोगी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक है। फॉरवर्ड ब्लॉक ने राज्य की उन तीन लोकसभा सीटों में से किसी पर भी समझौता करने से इनकार कर दिया है, जहां वह पहले चुनाव लड़ती थी।राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नेपाल महतो के समर्थन में पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से हटने की सीपीएम नेतृत्व की बार-बार अपील के बावजूद, फॉरवर्ड ब्लॉक ने वहां से अपना उम्मीदवार खड़ा कर रखा है।

दिलचस्प बात यह है कि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के मामले में, वाम मोर्चा के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस द्वारा संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में किया गया था। इसमें मोर्चे के सभी सहयोगियों के नेता शामिल थे।

लेकिन पुरुलिया के मामले में, उम्मीदवार के नाम की घोषणा फॉरवर्ड ब्लॉक द्वारा स्वतंत्र रूप से की गई। इससे अन्य सहयोगी दल, विशेष रूप से सीपीआई (एम) नाराज है। उसने इस कदम को बोस जैसे वरिष्ठ नेता की उपेक्षा करार दिया है। अब तक की स्थिति के अनुसार, फॉरवर्ड ब्लॉक कूच बिहार और पुरुलिया में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस के खिलाफ भी मैदान में है।

# भदोही सीट पर रोचक चुनावी मुकाबले के आसार

**लखनऊ,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा ने भदोही लोकसभा सीट से डॉ. विनोद कुमार बिंद को अपना उम्मीदवार बनाया है। मूल रूप से चंदौली के रहने वाले विनोद कुमार बिंद पेशे से चिकित्सक हैं। डॉ. विनोद कुमार बिंद अभी मिर्जापुर जिले की मझवां विधानसभा सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने उन्हें भदोही जिले की ज्ञानपुर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन, बिंद मझवां सीट से टिकट मांग रहे थे।

सपा की ओर से ज्ञानपुर से टिकट मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी



और निषाद पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़कर विधायक चुने गए। भदोही में विनोद कुमार बिंद का मुकाबला टीएमसी के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी से होगा। ललितेश सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार हैं।

■ भाजपा ने डॉ. विनोद कुमार बिंद को बनाया उम्मीदवार

■ टीएमसी के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी से होगा मुकाबला

सपा ने ये सीट टीएमसी को दी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के प्रपौत्र ललितेशपति त्रिपाठी कांग्रेस के टिकट पर मिर्जापुर की मड़िहान सीट से विधायक रह चुके हैं।

# 2009 से 2019 तक साक्षरता बढ़ी, मत प्रतिशत नहीं

■ 69.30 प्रतिशत साक्षरता के बाद पड़े थे 48.54 प्रतिशत वोट

■ वर्तमान में 80 फीसद लोग पढ़े लिखे

**नोएडा,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद गौतमबुद्धनगर में 26 अप्रैल को मतदान होने है। इसके लिए अभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वह इसलिए भी क्योंकि जनपद में जैसे जैसे साक्षरता को बढ़ रही है उस लिहाज से मतदान प्रतिशत काफी कम है। वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में 80.12 प्रतिशत साक्षरता है। इसके बाद भी यहां बड़े स्तर पर स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

लोगों को मतदान के लिए जागरुक करना पड़ रहा है। आंकड़ो को देखे तो साल 2004 के चुनाव में सारक्षता दर 53.13 प्रतिशत थी, लेकिन इस साल चुनाव में मतदान के लिए सिर्फ 41.24 प्रतिशत मतदाता ही घरों से निकलकर बूथों तक पहुंचे। 2009 के चुनाव में साक्षरता दर 69.30 प्रतिशत तक हो गई, लेकिन इस साल ही चुनाव में मतदान 48.54 प्रतिशत पर ही सिमट गया। लिहाजा जिले की साक्षरता दर में लगातार तेजी से उछाल आया। महिला व पुरुष दोनों साक्षर हुए, उसके बावजूद भी यहां पर मतदान प्रतिशत उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ा।

### महिला पुरुष सभी साक्षर फिर भी कम रहता है मतदान प्रतिशत

वर्तमान में जिले की साक्षरता दर 80.12 प्रतिशत है। इनमें 88.06 प्रतिशत पुरुष साक्षर हैं, जबकि 70.82 प्रतिशत महिलाएं साक्षर हो चुकी है। 2019 में भी जिले के मतदान प्रतिशत में काफी उछाल देखने को मिला था, लेकिन साक्षरता के मुकाबले यह काफी नहीं था। 2019 में 60.49 प्रतिशत मतदान हुआ। ऐसे में इस बार प्रशासन ने मतदान को बढ़ाने के लिए कई योजना तैयार की है। सोसाइटियों में बूथ बनाए गए हैं। स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### गौतमबुद्ध नगर में मतदाताओं की स्थिति

- >>जनपद में 1852 बूथ बनाए गए है। नोएडा में 747, 62-दादरी में 707 तथा 63-जेवर में 398 बूथ बनाये गए है।
- >>जनपद में 18, 82177 कुल महिला, पुरुष एवं ट्रांसजेंडर मतदाता।
- >>जिसमें नोएडा के 437812 पुरुष, 345047 महिला एवं 13 ट्रांसजेंडर।
- >>दादरी के 397652 पुरुष, 331757 महिला एवं 72 ट्रांसजेंडर
- >>जेवर के 200082 पुरुष, 169725 महिला एवं 17 ट्रांसजेंडर मतदाता।

# कोरबा सीट पर दो महिला दिग्गजों के बीच सीधी टक्कर

**कोरबा,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आयी छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट पर आगामी संसदीय चुनाव में दो महिला दिग्गज नेताओं के बीच सीधी टक्कर है जहां से निवर्तमान सांसद कांग्रेस की ज्योत्सना महंत के मुकाबले भाजपा की तेजतर्रार नेता सरोज पांडेय चुनाव मैदान में है।

भारत अल्युमिनियम लिमिटेड कंपनी (बाल्को), एनटीपीसी और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की कोयला खानों की बदौलत 'उर्जाधानी' और 'काले हीरे की खान' जैसे नामों से विख्यात कोरबा पूर्व में जांजगीर-चांपा लोकसभा का हिस्सा रहा। वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद कोरबा अलग लोकसभा सीट बनी। इसके बाद यहां 2009, 2014 और 2019 में हुए चुनाव में कांग्रेस को दो बार जीत का स्वाद चखने को मिला है। वहीं भाजपा को एक बार जीतने का मौका मिला, हालांकि वह इस बार 2024 के चुनाव में यह हिसाब बराबर करने के फेर में हैं। वर्ष 2009 में कोरबा लोकसभा सीट के लिए पहले चुनाव में कांग्रेस ने फतह हासिल की और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कद्दावर नेता चरणदास महंत ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला को पराजित किया। इसके बाद 2014 के आम चुनाव के दौरान मोदी लहर का भाजपा को लाभ मिला और उसके उम्मीदवार बंशीलाल महतो ने कांग्रेस के महंत को हराकर यह सीट छीन ली। वर्ष 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को चुनाव मैदान में उतारा। दूसरी तरफ भाजपा ने नए चेहरे पर दांव आजमाते हुए ज्योतिनंद दुबे को अपना उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में



महंत ने दुबे को पराजित कर यह सीट फिर से अपनी पार्टी के खाते में डाल दी। भाजपा ने चुनावी व्यूह और रणनीति का परिचय देते हुए आसन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्टी महासचिव सरोज पांडेय को महंत के मुकाबले खड़ा किया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग से सांसद और वैशालीनगर से विधायक रही पांडेय ने भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष का दायित्व भी निर्वहन किया है।

हसदेव और अहिरन नदी के किनारे बसे तथा हरे-भरे वनों से आच्छादित कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आधी आबादी आदिवासियों की है, हालांकि यह सीट सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित है। कोरबा में तीसरे चरण में आगामी 7 मई को चुनाव होंगे। जैसे-जैसे चुनाव के दिन करीब आते जाएंगे, क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां बढ़ने के साथ ही वास्तविक परिदृश्य भी सामने आएंगे। उद्योग और कृषि दोनों क्षेत्रों में करीबन समानुपात अर्थव्यवस्था पर निहित कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें हैं। वर्तमान में छह सीटों कोरबा, कटघोरा, मनेंद्रगढ़, भरतपुर-सोनहत(सु), बैकुंठपुर और मरवाही में भाजपा का कब्जा है।

# 17 सीटों पर लहराया है वामदल का 'लाल झंडा'




**पटना,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में अब तक हुए लोकसभा चुनाव में वामदल का 'लाल झंडा' 17 सीटों पर बुलंद हुआ है। बिहार में वर्ष 1952 में पहले लोकसभा चुनाव से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव तक वामदल की प्रमुख पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के प्रत्याशी 17 सीटों पर चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। वर्ष 1962 के चुनाव में पहली बार बिहार से वामदल का खाता खुला। पहली बार अविभाजित बिहार की जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाकपा के उदयकर मिश्रा ने जीत हासिल की। वर्ष 1967 में भाकपा ने 05 सीट जीती। केसरिया से कमला मिश्र मधुकर, जयनगर से भोगेन्द्र झा, बेगूसराय से वाई शर्मा, पटना से राम अवतार शास्त्री और जहानाबाद से चंद्रशेखर सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 1971 में भाकपा ने पांच सीट पर विजय हासिल की।केसरिया से कमला मिश्रा मधुकर,जयनगर से भोगेन्द्र झा, जमुई (सु) से भोला मांझी, पटना से राम अवतार शास्त्री और जहानाबाद से चंद्र शेखर सिंह ने जीत हासिल की।

वर्ष 1980 में भाकपा ने 4 सीट पर चुनाव जीता। मोतिहारी से कमला मिश्रा मधुकर, बलिया से सूर्य नारायण सिंह, नालंदा से विजय कुमार यादव और पटना से राम अवतार शास्त्री ने जीत हासिल की। 1980 में हुए उपचुनाव में मधुबनी से भाकपा के भोगेन्द्र झा ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 1984 के चुनाव में भाकपा प्रत्याशी नालंदा से विजय कुमार यादव और जहनाबाद से रामाश्रय प्रसाद सिंह विजयी बनें। वर्ष 1989 में भाकपा ने 4 सीटें जीती। मधुबनी से भोगेन्द्र झा, बलिया से सूर्य नारायण सिंह, बक्सर से तेज नारायण सिंह और जहानाबाद से रामाश्रय प्रसाद सिंह जीते। इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आईपीएफ) के बैनर तले आरा संसदीय सीट से रामेश्वर प्रसाद चुनाव जीते थे। भाकपा माले पहले आईपीएफ के बैनर तले चुनाव लड़ते रहा है। वर्ष 1991 में भाकपा ने आठ सीट मोतिहारी से कमला मिश्रा मधुकर, मधुबनी से भोगेन्द्र झा, बलिया से सूर्य नारायण सिंह, मुंगेर से ब्रहानंद मंडल, नालंदा से विजय कुमार यादव, बक्सर से तेज नारायण सिंह, जहानाबाद से रामश्रय प्रसाद सिंह, हजारीबाग से भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने जीत हासिल की। नवादा (सु) से माकपा प्रेमचंद राम विजयी बनें।

■ बलिया व मधुबनी में चार-चार बार वामदल के प्रत्यशी ने जीत हासिल की

■ वर्ष 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी वामदल का खाता नहीं खुला

वर्ष 1996 में भाकपा को तीन सीटों पर जीत मिली। मधुबनी से चतुरानन मिश्रा, बलिया से शत्रुध्न प्रसाद सिंह और जहानाबाद से रामश्रय प्रसाद सिंह विजयी बनें। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में भागलपुर से माकपा प्रत्याशी सुबोध राय जीते इसके बाद वर्ष 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी वामदल का खाता बिहार में नहीं खुला है। सीटों के लिहाज से देखा जाए तो वामदल को सबसे अधिक छह बार जहानाबाद सीट पर विजय मिली। इसके बाद बलिया और मधुबनी में चार-चार बार वामदल के प्रत्यशी ने जीत हासिल की। पटना और नालंदा सीट पर वामदल के प्रत्याशी तीन-तीन बार वामदल का झंडा बुलंद करने में सफल हुए। केसरिया, जयनगर, मोतिहारी, बक्सर और नवादा सीट पर वामदल के उम्मीदवारों ने दो-दो बार जीत हासिल की। इसके अलावा जमशेदपुर, बेगूसराय, जमुई, आरा, मुंगेर, हजारीबाग और भागलपुर सीट पर एक-एक बार वामदल के प्रत्याशियों ने वामदल का लाल झंडा बुलंद किया।

लद्दाख में राज्य का दर्जा पाने का आंदोलन

# लोकसभा चुनावों में भाजपा पर पड़ेगा पूरा प्रभाव

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। हालांकि अभी तक भाजपा ने लद्दाख की लोकसभा सीट के लिए अपने पत्ते नहीं खोले हैं पर यह पूरी तरह से सच है कि भूमि, संस्कृति और पहचान को सुरक्षित करने के लिए संविधान की छठी अनुसूची के लिए लद्दाख में हाल ही में विरोध प्रदर्शनों में वृद्धि का आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पूरा प्रभाव पड़ेगा। दरअसल 5 अगस्त, 2019 को लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) के रूप में स्थापित करने के बाद प्रारंभिक आशावाद के बावजूद, स्थानीय लोगों में शोषण और जनसांख्यिकीय बदलाव की आशंका के कारण जल्द ही मोहभंग हो गया, क्योंकि धारा 370 के तहत पहले मिली सुरक्षा अब मौजूद नहीं है।

■ भूमि, संस्कृति व पहचान को सुरक्षित करने के लिए विरोध प्रदर्शन

■ स्थानीय लोगों में शोषण व जनसांख्यिकीय बदलाव की आशंका का कारण

लद्दाख में छठी अनुसूची के तहत शामिल करने की मांग के रूप में जो आंदोलन शुरू हुआ वह पूर्ण राज्य का दर्जा, नौकरी आरक्षण और भूमि संरक्षण सहित आकांक्षाओं के व्यापक स्पेक्ट्रम में विकसित हुआ है। ये मांगें उनकी स्वायत्तता और भलाई के संबंध में




लद्दाखियों की गहरी चिंताओं को दर्शाती हैं। इस आंदोलन में लेह और करगिल में राजनीतिक दलों द्वारा प्रदर्शित दुर्लभ एकता, जैसा कि करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) और लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) के बीच गठबंधन द्वारा प्रदर्शित की गई है, भाजपा के लिए एक चुनौती पेश करने लगी है। भाजपा के चुनावी वादे, विशेष रूप से छठी अनुसूची के कार्यान्वयन के संबंध में, बढ़ते असंतोष के कारण अब जांच का सामना कर रहे हैं।

लद्दाख में भाजपा की चुनावी सफलता, विशेष रूप से 2019 के लोकसभा चुनावों में लद्दाख सीट हासिल करना, को आंशिक रूप से यूटी दर्जे की मांग सहित लद्दाख की शिकायतों को दूर करने के वादों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। पर्यवेक्षकों का मानना है कि लद्दाख की चिंताओं को दूर करने में भाजपा की असमर्थता के परिणामस्वरूप मतदाताओं में निराशा है, जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में चुनावी समर्थन का नुकसान हो सकता है। जानकारी के लिए भाजपा लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी)-लेह को नियंत्रित करती है जबकि एलएएचडीसी-करगिल कांग्रेस और नेकां के गठबंधन के साथ है। हालांकि गृह मंत्रालय द्वारा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने मामले को सुलझाने के लिए एलएबी और केडीए के सदस्यों के साथ कई दौर की बैठकें की हैं। समिति ने अपनी विशिष्ट पहचान को बनाए रखने के लिए लद्दाख के लोगों की चिंताओं की सराहना की है, लेकिन राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया है।

प्रमुख जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लद्दाख में राज्य का दर्जा और क्षेत्र के लिए छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन में सबसे आगे हैं। विपक्षी कांग्रेस ने आंदोलन का समर्थन करके भाजपा के खिलाफ बढ़ते मोहभंग को भुनाने में तेजी लाई है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



| ˇ•/ | UU |
|---|---|
| आईटीसी | 2.49 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.40 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.11 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.94 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.36 प्रतिशत |

| ˇ•/ | ¯U |
|---|---|
| मारुति | 1.60 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.83 प्रतिशत |
| एलटी | 0.78 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.62 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.48 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,390 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 80800 |
| वायदा | 70,981 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

∅ ˛

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

# एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

- एडीबी ने जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को किया 7 प्रतिशत
- मध्यम आय वालों के लिए आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है।

यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और




**वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग व नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है : मियो ओका**

विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी।

भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

## पाकिस्तान का आर्थिक दृष्टिकोण अनिश्चित : एडीबी

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा है कि पाकिस्तान का आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है और इसमें गिरावट का जोखिम ज्यादा है। एडीबी ने कहा कि राजनीतिक अनिश्चितता जो व्यापक आर्थिक नीति-निर्माण को प्रभावित करती है, स्थिरीकरण और सुधार प्रयासों की स्थिरता के लिए एक प्रमुख जोखिम बनी रहेगी। बाहरी मोर्चे पर मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने से आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। पाकिस्तान की बड़ी बाहरी वित्तपोषण जरूरतों और कमजोर बाहरी बफर्स के साथ बहुपक्षीय और द्विपक्षीय भागीदारों से संवितरण महत्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि, एडीबी ने अपने दृष्टिकोण में कहा कि नीति कार्यान्वयन में खामियों के कारण ये प्रवाह बाधित हो सकता है। एडीबी ने कहा कि मध्यम अवधि के सुधार एजेंडे के लिए आईएमएफ के समर्थन से बाजार की धारणा में काफी सुधार होगा और अन्य स्रोतों से किफायती बाहरी वित्तपोषण को बढ़ावा मिलेगा। एडीबी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की प्रगति वित्तवर्ष 2024 में धीमी रहने और वित्तवर्ष 2025 में बढ़ने का अनुमान है, बशर्ते आर्थिक सुधार प्रभावी हों। वित्तवर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जो सुधार उपायों पर प्रगति और एक नई व अधिक स्थिर सरकार में परिवर्तन से जुड़े निजी क्षेत्र के निवेश में उछाल से प्रेरित है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बाढ़, राजनीतिक अनिश्चितता और बाहरी समर्थन बाधित होने के कारण सिकुड़ गई। इस कारण सार्वजनिक निवेश में गिरावट आई और निजी निवेश व उद्योग सिकुड़ गए। एडीबी ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान और मुद्रा मूल्यह्रास के कारण खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति पांच दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# चीन, अमेरिका व यूरोप उपभोग उत्पाद सुरक्षा के सहयोग पर बनी नई सहमति



- सरकारों, उद्योगों और व्यवसायों के बीच समन्वय व सह-शासन को मजबूत करना जारी रखेंगे

**बीजिंग,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन से मिली खबर के अनुसार चीन के हांगचो शहर में आयोजित 8वीं चीन-अमेरिका-यूरोप त्रिपक्षीय उपभोग उत्पाद सुरक्षा की मंत्रिस्तरीय बैठक में उपभोग उत्पाद सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने पर 'चार पहलुओं' पर सहमति कायम हुई।

उपभोग उत्पाद सुरक्षा के लिए सामान्य मानक बनाना, उपभोग उत्पाद सुरक्षा की सामान्य निगरानी को गहरा करना, उपभोक्ता अधिकारों की सामान्य सुरक्षा पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना और उपभोग उत्पादों की सामान्य सुरक्षा की रक्षा करने का प्रयास करना। यह बैठक चीनी सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन, अमेरिकी उपभोग उत्पाद सुरक्षा आयोग और यूरोपीय आयोग के न्याय और उपभोक्ता मामलों के महानिदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई।

बैठक का विषय डिजिटल इंटेलिजेंस से जुड़ें और सुरक्षा साझा करें है। तीनों पक्षों ने व्यापार डिजिटल इंटेलिजेंस की पृष्ठभूमि में उपभोग उत्पाद सुरक्षा सहयोग और सूचना साझाकरण को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित करके चर्चा की। तीनों ने एकमत होकर कहा कि वे तीन पक्षों, सरकारों, उद्योगों और व्यवसायों के बीच समन्वय और सह-शासन को मजबूत करना जारी रखेंगे, अपनी-अपनी जिम्मेदारियां और भूमिकाएं निभाएंगे और नई चुनौतियों का मुकाबला करेंगे। साथ ही निरंतर उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के ढांचे के तहत, पेशेवर क्षेत्रों में परियोजना सहयोग, आदान-प्रदान, सेमिनार और पेशेवर प्रशिक्षण को गहरा करेंगे ।

# अंकुर कुमार बने एस्सार पावर के नवीकरणीय प्रभाग के सीईओ



**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के स्वतंत्र बिजली उत्पादक एस्सार पावर लिमिटेड ने गुरुवार को अपने नवीकरणीय व्यापार प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अंकुर कुमार की नियुक्ति की घोषणा की। कुमार हरित ऊर्जा में परिवर्तन और भारत में एक मजबूत नवीकरणीय पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की एस्सार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 24 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ कुमार अपनी नई भूमिका में विशेषज्ञता लेकर आए हैं। इससे पहले वो एसीएमई सोलर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। कुमार ने कंपनी के ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया व्यवसाय में रणनीतिक विस्तार का नेतृत्व किया, साथ ही उसके भौगोलिक फुटप्रिंट को भी बढ़ाया। अपनी नई भूमिका में कुमार एस्सार पावर बोर्ड और नेतृत्व टीमों के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। वे नवीकरणीय ऊर्जा में एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाने और एस्सार पावर की ग्रीन एनर्जी पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे।

# दालों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए निगरानी बढ़ाने का निर्देश

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार पर साप्ताहिक रिपोर्ट की व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

साथ ही जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए उनके द्वारा घोषित भंडार को सत्यापित करने के लिए कहा है ताकि कीमतों को बेकाबू होने से रोका जा सके। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा राज्यों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रमुख बंदरगाहों और उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और भंडार प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली



इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार प्रकटीकरण को लागू करने के लिए 5 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी निर्देश के बाद राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जमाखोरी और बाजार में

- बंदरगाहों व गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित करना जरूरी
- दालों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 30 जून तक पीली मटर के आयात की अनुमति

हेरफेर को रोकने के लिए दालों के स्टॉक की स्थिति और कीमत के रुझान पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा गया था। खरे ने आयात और भंडार प्रकटीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दाल आयातक संघों और अन्य दाल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक भी की।

## ईद उल फितर पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** ईद उल फितर के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। अब शुक्रवार से सामान्य कामकाज होगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया में दो पैसे की बढ़त

**मुंबई।** आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे बढ़कर 83.30 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.32 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे मज़बूत होकर 83.22 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.16 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.31 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## एलन मस्क की भारत यात्रा की घोषणा का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा की घोषणा की है। लोगों ने उनकी इस घोषणा का स्वागत किया है। स्पेसएक्स के सीईओ ने एक्स पर कहा कि भारत में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं। इस पोस्ट को अब तक 38 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। उनकी इस घोषणा का कई एक्स यूजर्स ने स्वागत किया है। उन्होंने लिखा कि भारत में आपका स्वागत है, एलन, जबकि एक ने 'नमस्ते इंडिया' लिखा। एक अन्य यूजर ने लिखा कि भारत में आपका स्वागत है, एलन मस्क, आपकी कंपनियों और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की उम्मीद है। दूसरे ने कहा,हां! आख़िरकार आपको यहां पाकर उत्साहित हूं। आशा है कि टेस्ला इंडिया जल्द ही चालू हो जाएगी और लोगों को उनकी टेस्ला मिल जाएगी। कहा जा रहा है कि एलन मस्क 22 अप्रैल के बाद नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे।

## मारुति सुजुकी ने बढ़ाया स्विफ्ट, ग्रांड विटारा सिग्मा के दाम


**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने अपनी लोकप्रिय स्विफ्ट और ग्रांड विटारा सिग्मा मॉडलों के दाम क्रमशः 25 हजार और 19 हजार रुपए बढ़ाने की घोषणा की। कीमतों में बढ़ोतरी से पहले स्विफ्ट के विभिन्न संस्करणों की कीमत 5.99 लाख से 9.03 लाख रुपए के बीच थी। वहीं, ग्रांड विटारा के दाम 10.80 लाख से 20.09 लाख रुपए के बीच थे। कंपनी की दोनों कारें काफी लोकप्रिय हैं। इस साल मार्च में स्विफ्ट की बिक्री 15,728 इकाई रही और यह देश में सबसे ज्यादा बिकने वाले पांच मॉडलों में शुमार रही। कंपनी ने पिछले महीने 11,232 ग्रांड विटारा कारें बेचीं।

# भारतीय उद्योग जगत बढ़ा रहा पूंजीगत निवेश

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल के महीनों में निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में दो अंकों की वृद्धि का संकेत दिए जाने के बाद भारतीय कंपनियां अपनी पूंजीगत व्यय योजनाओं को रफ्तार दे रही हैं। सरकारी प्रोत्साहन और बढ़ती मांग से उत्साहित कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ाने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं।

आरबीआई ने पिछले सप्ताह मौद्रिक नीति में कहा था कि क्षमता उपयोगिता में वृद्धि और धारणा में सुधार होने के साथ-साथ बैंकों और कंपनियों के दमदार बहीखाते भी निजी क्षेत्र के निवेश को लगातार बढ़ाने के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं।

भारतीय उद्योग जगत के नेताओं का कहना है कि अगले कुछ वर्षों के दौरान भारी पूंजीगत निवेश दिखेगा। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील के सीएफओ अमित हरलालका ने कहा, 'कुल मिलाकर विस्तार के लिए हमें 4.5 से 5 अरब डॉलर के निवेश की दरकार है। इसलिए 2 से 2.5 अरब डॉलर का निवेश इसी साल किया




जाएगा और 2 से 2.5 अरब डॉलर का निवेश 2025 तक करने की योजना है।

एएम-एनएस इंडिया गुजरात के अपने हजीरा प्लांट में मौजूदा क्षमता 90 लाख टन को बढ़ाकर 1.5 करोड़ टन करने जा रही है। डाउनस्ट्रीम सहित कुल निवेश 7.4 अरब डॉलर होगा।' इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, टाटा स्टील और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी इस्पात कंपनियां भी वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक सालाना 3.85 करोड़ टन क्षमता विस्तार कर सकती हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष आर दिनेश ने कहा कि कुल पूंजीगत व्यय में निजी क्षेत्र की प्रतिशत हिस्सेदारी 36 से 37 फीसदी रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भी यह हिस्सेदारी बरकरार रहेगी। निजी क्षेत्र के पूंजीगत निवेश के लिए सकारात्मक परिदृश्य को

- सरकारी प्रोत्साहन व बढ़ती मांग से कंपनियां उत्साहित
- कुल पूंजीगत व्यय में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 36 से 37 फीसदी रही

रेखांकित करते हुए दिनेश ने कहा कि सीआईआई सर्वेक्षण से पता चलता है कि सभी क्षेत्रों में क्षमता उपयोगिता 75 से 95 फीसदी के बीच है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक स्थिति काफी अस्थिर दिख रही है, लेकिन भारतीय उद्योग के पास संतुलन, मजबूती और उच्च क्षमता उपयोगिता की ताकत है।

निजी निवेश को मुख्य तौर पर टाटा, रिलायंस, अदाणी और जिंदल समूह द्वारा नई ऊर्जा एवं बिजली उत्पादन सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए निवेश से रफ्तार मिली है। इसी प्रकार मारुति सुजुकी और ह्युंडै के नेतृत्व में वाहन कंपनियों ने भारत में क्षमता विस्तार पर बड़े निवेश की योजना बनाई है। भारत की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी ने पिछले साल अक्टूबर में कहा था कि उसने वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2031 के बीच करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है।

विश्लेषकों ने कहा कि वाहन कंपनियां वित्त वर्ष 2025 में अपनी करीब 6 से 6.5 फीसदी आय का पूंजीगत निवेश करेंगी। जेएसडब्ल्यू समूह ने एमजी मोटर इंडिया में 35 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए चीन की कंपनी एसएआईसी मोटर के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की थी। मगर अब वह 40,000 करोड़ रुपये के निवेश से ओडिशा में इलेक्ट्रिक वाहन एवं बैटरी विनिर्माण कारखाना स्थापित करने की योजना बना रहा है।

टाटा मोटर्स अपने व्यक्तिगत निवेश के बारे में अलग से खुलासा नहीं करती है। कंपनी के ग्रुप सीएफओ पीबी बालाजी ने तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद कहा कि इस साल अब तक जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के लिए करीब 2.3 अरब पाउंड और टाटा मोटर्स के यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार के लिए करीब 6,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

# एडटेक स्टार्टअप स्केलर ने 10 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाला

- स्केलर ने पिछले दो वर्षों में चार कंपनियों का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। घरेलू एडटेक स्टार्टअप स्केलर ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने लगभग 10 प्रतिशत यानी 150 कर्मचारियों की छंटनी की है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंक42 की रिपोर्ट के अनुसार, स्टार्टअप ने बताया कि पुनर्गठन से उसे दीर्घकालिक विकास और स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

अभिमन्यु सक्सेना के हवाले से कहा गया कि इस पुनर्गठन के हिस्से के रूप में हमने कंपनी में मुख्य रूप से विपणन और बिक्री में कुछ कार्यों-भूमिकाओं की पहचान की, जिनसे हमें अलग होना पड़ा। इसके अलावा, कंपनी ने उल्लेख किया कि नौकरी में कटौती प्रदर्शन पर आधारित नहीं थी और सभी प्रभावित श्रमिकों को आश्वासन दिया कि उन्हें सुचारु परिवर्तन के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। एडटेक स्टार्टअप ने




**पुनर्गठन से उसे दीर्घकालिक विकास और स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी**

एक साल पहले अपने व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक अज्ञात राशि के लिए दिल्ली स्थित पेपकोडिंग का अधिग्रहण किया था। स्केलर ने पिछले दो वर्षों में चार कंपनियों का अधिग्रहण किया है, जिनमें एप्लाइडरूट्स, कोडिंग मिनट्स और कोडिंग एलिमेंट्स शामिल हैं। स्केलर 2019 में लॉन्च किया गया था। इसे सिकोइया कैपिटल इंडिया, टाइगर ग्लोबल और लाइटरॉक इंडिया जैसे वैश्विक निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। इसने पिछली बार सीरीज बी फंडिंग राउंड में 5.5 करोड़ डॉलर जुटाए थे, जिससे स्टार्टअप का मूल्य 70 अरब डॉलर से अधिक हो गया था।

# खाद्य तेलों में टिकाव अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा



जबकि अरहर दाल महंगी हो गई। वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर ईद के अवकाश के कारण मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में कारोबार स्थगित रहा। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.49 सेंट गिरकर 47.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 400 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रहीं।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# मार्च 2024 में इक्विटी कोषों में निवेश गिरा

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यूचुअल फंड कंपनियों के मंच एएमएफआई की

- इक्विटी योजनाओं में निवेश 15.8 प्रतिशत गिर कर 22,500 करोड़ के स्तर पर आ गया

जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2024 में मिड और स्माल कैप फंड में निकासी का जोर होने से कुल मिला कर इक्विटी (शेयरों पर केंद्रित) म्युचुअल फंड निवेश योजनाओं में प्रवाह में गिरावट दर्ज की गई।

रिपोर्ट के अनुसार इक्विटी योजनाओं में निवेश 15.8 प्रतिशत गिर कर 22,500 करोड़ के स्तर पर आ गया। इस दौरान म्यूचुअल फंड की प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) दो प्रतिशत घटकर 53.12 लाख करोड़ रुपए रही, जबकि फरवरी में यह 54.24 लाख करोड़ रुपए थी। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए कहा कि मार्च में लार्ज




**हमने मार्च में इक्विटी प्रवाह में गिरावट देखी, जो मुख्य रूप से लघु और मिडकैप श्रेणी के कारण थी : अखिल चतुर्वेदी**

कैप इक्विटी योजनाओं ने निवेश आकर्षित करने में अच्छा योगदान किया, जिससे इस खंड में साल भर शुद्ध बहिर्वाह का अनुभव पलट गया। उन्होंने कहा कि हमने मार्च में इक्विटी प्रवाह में गिरावट देखी, जो मुख्य रूप से लघु और मिडकैप श्रेणी के कारण थी। आलोच्य माह में मल्टी-कैप और लार्ज और मिडकैप श्रेणी के फंडों में कुल मिला कर 5000 करोड़ रुपए का पूंजी प्रवाह देखा गया। चतुर्वेदी ने कहा कि यह रुझान लार्ज कैप की तुलना में मिड और स्मॉल कैप के मूल्यांकन में गिरावट के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इससे संकेत है कि लार्ज कैप/ फ्लैक्सी कैप उन्मुख योजनाएं आने वाले महीनों में निवेश का प्रवाह और बढ़ सकता है। हाइब्रिड श्रेणी की म्यूचुअल फंड योजनाओं में इस दौरान 2681 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह जो एक माह पहले के 4,043 करोड़ रुपए के प्रवाह से कम है।

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में कर-बचत की पात्र योजनाओं में निवेश की प्रवृत्त को देखते हुए मार्च में इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड का प्रवाह लगभग पांच गुना बढ़कर 1,789.1 करोड़ रुपए हो गया। स्मॉलकेस मैनेजर और क्वांटेस रिसर्च के संस्थापक कार्तिक जोनागाडला ने कहा कि मार्च 2024 में इक्विटी प्रवाह में महीने की कमी को किसी नकारात्मक प्रवृत्ति के बजाय वित्तीय वर्ष की समाप्ति के संदर्भ में देखना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि दो माह से सिस्टमेटिक निवेश योजना (एसआईपी) का योगदान लगातार 19,000 करोड़ रुपए से ऊपर बना रहा, जो निवेशकों की अधिक अनुशासित निवेश रणनीति की ओर बदलाव का संकेत देती है।

# खेल जगत

**इंडियन सुपर लीग 2023-24 के मुकाबले 19 अप्रैल से होंगे शुरु**

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने 2023-24 सीजन के मुकाबले 19 अप्रैल से शुरु होंगे और फाइनल चार मई को खेला जायेगा। आईसीएल के सत्रों ने बताया कि 19 अप्रैल से नॉकआउट मुकाबले शुरु होंगे और उसके बाद होम और अवे प्रारूप में सेमीफाइनल होंगे। फाइनल मुकाबला चार मई को खेला जायेगा। फाइनल कहां खेला जायेगा इसकी अभी घोषणा नहीं की गई है। लीग चरण के आखिर में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट प्रारूप में सिंगल-लेग प्लेऑफ खेलेंगी। खेल कार्यक्रम इस प्रकार है।



## दिल्ली-लखनऊ मैच में पंत और राहुल के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला



**लखनऊ,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ में शुक्रवार को होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए तीन मुक़ाबलों में तीनों में बाजी लखनऊ ने मारी है, तो दिल्ली को उनके खिलाफ पहली जीत का इंतज़ार होगा।

**पंत और राहुल के बीच होगी टक्कर**

दिल्ली क`

**आईपीएल 2024**

कप्तान ऋषभ पंत और लखनऊ के कप्तान केएल राहुल के बीच टक्कर इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। दोनों आईपीएल के बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह पाने के दावेदार हैं।

### डिकॉक को दिल्ली का कौन गेंदबाज रोकेगा?

क्विंटन डिकॉक के लिए यह आईपीएल अभी तक मिला-जुला रहा है। उन्होंने दो मैचों में अर्द्धशतक लगाए हैं तो दो में बिल्कुल सस्ते में भी आउट हुए हैं। दिल्ली के ख़िलाफ़ मुक़ाबले में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि वह दिल्ली के लगभग सभी प्रमुख गेंदबाज़ों के खिलाफ कम से कम 150 के करीब के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इशांत शर्मा के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 154, अक्षर पटेल के खिलाफ 169, ख़लील अहमद के खिलाफ 189 और हमवतन एनरिख़ नॉर्खिए के खिलाफ 149 है। खिलाफ टीम में शामिल हुए नए तेज़ गेंदबाज लिजाड विलियम्स के खिलाफ़ तो वह 192 के स्ट्राइक रेट से स्कोर करते हैं।

### केएल राहुल को रोकेगी अक्षर-इशांत की अनुभवी भारतीय जोड़ी

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने इस आईपीएल में रन तो बनाए हैं, लेकिन उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने चार मैचों में एक अर्धशतक और 31 की औसत से 126 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ़ 128.57 का रहा है। दिल्ली के खिलाफ उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं, क्योंकि वह अक्षर के सामने सिर्फ़ 64,70 और इशांत शर्मा के ख़िलाफ़ सिर्फ़ 66.66 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। अक्षर ने राहुल को पांच पारियों में दो बार आउट भी किया है।

### पड़िक्कल आएं तो नॉर्खिए को लाओ


जबसे देवदत्त पड़िक्कल लखनऊ की टीम में आए हैं, उनका बल्ला बोल ही नहीं रहा है। चार पारियों में उनके नाम 81 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ़ 22 रन है। नॉर्खिए उनकी इस दिक्कत को और भी बढ़ा सकते हैं। नॉर्खिए ने पड़िक्कल को चार में से



**पंत बनाम सीनियर पांड्या की भिड़ंत भी होगी दिलचस्प**

यूं तो बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों के सामने बाएं हाथ के स्पिनरों को प्रभावी नहीं माना जाता, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर क्रूणाल पांड्या, ऋषभ पंत को ख़ासा परेशान करते हैं। वह पंत को तीन बार आउट कर चुके हैं, हालांकि पंत भी उन पर 184.21 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

## हम मयंक यादव को सीएसके के खिलाफ एक्शन में देखेंगे जस्टिन लैंगर



**लखनऊ,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिंग लैंगर को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 19 अप्रैल को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ क्रिकेट एक्शन में वापसी करेंगे, क्योंकि स्टार गेंदबाज को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पेट के निचले हिस्से में चोट के कारण दर्द का सामना करना पड़ा था। । जस्टिंग लैंगर ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहला ओवर फेंकने के बाद सीधे उनके पेट के निचले हिस्से में दर्द हुआ और इसी कारण उनकी गति थोड़ी कम हो गई। हमने एमआरआई कराया और रिपोर्ट में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आगामी मैच के लिए उनकी अनुपलब्धता की पुष्टि की गई। फिर भी, उम्मीद है कि वह चेन्नई के खिलाफ मैच में उपलब्ध रहेंगे। एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में, मयंक को सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा, जहां उनकी गति धीमी थी और उन्हें तीन चौके लगे, जिससे कुल मिलाकर 13 रन बने।

हालांकि, लैंगर ने शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स मैच के खिलाफ मोहसिन खान की उपलब्धता की पुष्टि की, जो आरसीबी के खिलाफ एक्शन से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह यश ठाकुर को लिया गया है। मोहसिन ने अब तक एलएसजी के लिए दो मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं। वह फिट हैं और डीसी के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह नेट्स और अभ्यास सत्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह पूरी तरह से फिट दिख रहे हैं और अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं, उन्हें कल एक्शन में देखा जा सकता है। एलएसजी का मुकाबला शुक्रवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

## एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस



**मेलबर्न,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है।

जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला खेली। जम्पा ने विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया कि इस साल आईपीएल मेरे लिए नहीं होने के कई कारण हैं। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह था कि यह विश्वकप वर्ष है और मैं 2023 से पूरी तरह से थक गया हूं। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले साल पूरा आईपीएल खेला था। विश्वकप भी भारत में तीन महीने तक चला था। उन्होंने कहा कि इसलिए मेरा इस साल फिर से आईपीएल खेलने का प्रयास करने का इरादा था।

## संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना



**संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है**

**जयपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये राजस्थान के लिए सीजन में पहली हार के बाद दूसरा झटका है। सैमसन पर यह जुर्माना बुधवार को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद लगाया गया। संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। आईपीएल ने मीडिया रिलीज में कहा कि आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार यह राजस्थान के कप्तान की इस सीजन की पहली गलती है इसलिए उन्हें सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है।

सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और रियान पराग (78) के साथ 130 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे राजस्थान ने 20 ओवरों में 196/3 का शानदार स्कोर बनाया। जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर इसे हासिल कर लिया। हार के बावजूद, आरआर अभी भी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने के लिए टीम मुल्लांपुर जाएगी।

## राशिद दुनिया भर के 'वांटेड खिलाड़ी' : गावस्कर





**जयपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर गुजरात टाइटंस की 3 विकेट की रोमांचक जीत में अफगानिस्तान के स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर राशिद खान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता उन्हें दुनिया भर की फ्रेंचाइजियों द्वारा वांछित खिलाड़ी बनाती है।

कप्तान शुभमन गिल की 44 गेंदों पर 72 रनों की शानदार पारी के बाद, राशिद (11 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और राहुल तेवतिया (11 गेंदों पर 22 रन) की अंतिम पारी के दम पर, गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। अपने बल्लेबाजी कौशल का प्रदर्शन करने से पहले, 25 वर्षीय अफगान ऑलराउंडर ने किफायती गेंदबाजी की और अपने चार ओवर के कोटे का 1-18 के आंकड़े के साथ समापन किया। जीटी की जीत में उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। क्रिकेट लाइव पर स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गावस्कर ने खेल के प्रति राशिद की प्रतिबद्धता की सराहना की। हां, उसने विकेटों पर उस तरह से गेंद नहीं फेंकी जैसे वह आम तौर पर करता है, लेकिन जब उसे बल्ले से जरूरत थी तो वह आया और उसने अच्छा प्रदर्शन किया। यही कारण है कि वह दुनिया भर की फ्रेंचाइजियों के लिए इतना वांछित खिलाड़ी है। वे उसे चाहते हैं क्योंकि वे देख सकते हैं उनकी प्रतिबद्धता, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण। देखिए जिस तरह से वह क्षेत्ररक्षण करते समय सब कुछ देते हैं। गेंदबाज कभी-कभी अपने गेंदबाजी कंधे पर गोता लगाने को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं, क्योंकि अगर उनका कंधा खिसक जाता है तो उनका करियर खतरे में पड़ जाता है। राशिद खान के साथ नहीं, वह सिर्फ 100 प्रतिशत देना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एक और क्रिकेटर है जो इस आईपीएल में नहीं खेल रहा है, लेकिन जो फिर से वैसा ही है, वह बेन स्टोक्स है। जब भी आप बेन स्टोक्स को बल्लेबाजी, गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण करते हुए देखते हैं, तो वह 100 प्रतिशत होता है, वह सबकुछ देता है। और ये ऐसे क्रिकेटर हैं जिन्हें कोच और कप्तान चाहते हैं। हो सकता है कि वे हमेशा परिणाम न दें लेकिन आप जानते हैं कि प्रतिशत 100 से कम नहीं होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने आरआर के खिलाफ राशिद के प्रदर्शन पर यही बात दोहराई, उन्होंने कहा कि राशिद खान को चुनना आसान नहीं है, खासकर जब वह पावरप्ले में गेंदबाजी करते हैं और उन्होंने कुछ मौके भी बनाए, मैथ्यू वेड ने कुछ कठिन मौके दिए। ऐसे मैच में जहां लगभग 400 रन बने हों, किसी व्यक्ति का 20 से नीचे जाना, यह असाधारण है।

## गिल पर लग सकता है जुर्माना



**जयपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंन के कप्तान शुभमन गिल को राजस्थान रॉयल के साथ हुए मुकाबले के दौरान अंपायर के फैसले से असहमति जताने, बहस करने और गुस्से में गेंद पटने के लिए जुर्माना भरना पड़ सकता है। शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मंजूरी मिलने के बाद जुर्माना भरना पड़ सकता है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गये मैच में मोहित शर्मा द्वारा 17वें की आखिरी गेंद फेंके जाने पर अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दिया। इस दौरान गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने डीआरएस लिया और उनकी मैदानी अंपायर के साथ तीखी बहस हुई और उन्होंने गुस्से में गेंद पटक दी थी। मैच में अंपायर संभवत: रेफरी को घटना की रिपोर्ट देंगे। गुजरात के कप्तान को प्रतिबंधों के बारे में सूचित करने के लिए बुला सकता है। नियमों के अनुसार, खिलाड़ी अंपायर के कॉल पर असहमति नहीं दिखा सकते हैं। फैसले को मानने से इनकार करने पर मैच रेफरी ने क्रिकेटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। गिल की गुस्से भरी प्रतिक्रिया उन्हें बड़ी मुसीबत में डाल सकती है और उन्हें मैच फीस का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

■ **मैदानी अंपायर के साथ तीखी बहस हुई फिर उन्होंने गुस्से में गेंद पटक दी थी**

## प्रणय, सिंधु की दूसरे दौर में हार के साथ भारतीय अभियान समाप्त

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**



**निंगबो (चीन), 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का अभियान जल्दी ही समाप्त हो गया क्योंकि ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एशियाई खेलों के पदक विजेता एचएस प्रणय अपने-अपने दूसरे दौर के मैच हार गए। सिंधु तीन गेम की लड़ाई में 18-21, 21-13, 17-21 के स्कोर के साथ छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से हार गईं। दूसरी ओर, एचएस प्रणय को वर्ल्ड नंबर-19 ली चुन यी से सीधे गेमों में 18-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में आते ही आमने-सामने के रिकॉर्ड में सिंधु ने हान यू पर 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारतीय स्टार ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, उसका लचीलापन चमक रहा था। दूसरे गेम में सनसनीखेज संघर्ष के बावजूद, सिंधु की उम्मीदें धराशायी हो गईं क्योंकि हान यू विजयी हुईं, उत्साही स्थानीय भीड़ ने उनका उत्साह बढ़ाया। सिंधु के कंधों पर निराशा का भारी बोझ था, जो हाल के टूर्नामेंटों में उनके द्वारा किए गए संघर्षों की प्रतिध्वनि थी। ऑल इंग्लैंड ओपन से मैड्रिड ओपन तक, उन्हें असफलताओं का सामना करना पड़ा, लंबी चोट से वापसी के बाद से वह असंगतता से जूझ रही हैं। भारत की युगल उम्मीदें भी खत्म हो गईं क्योंकि महिला युगल के दूसरे दौर में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तीसरी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से 17-21, 12-21 से हार गईं।

## किशोर जेना मुझसे पहले 90 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ सकता है : चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने कहा है कि उनसे अक्सर 90 मीटर थ्रो तक पहुंचने के बारे में सवाल किया जाता है, लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि शायद उनके हमवतन किशोर जेना उनसे पहले यह मुकाम हासिल कर लें। उभरते हुए भाला फेंक स्टार जेना ने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता था और वह नीरज से पीछे रहे जिन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया था। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार, चोपड़ा और किशोर कुमार जेना ने हांगझोउ 2023 में भाला फेंककर एक-दो से जीत हासिल की। एशियाड में अपने रजत पदक जीतने वाले थ्रो के साथ, जेना ने 85.50 मीटर के पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मार्क को पार कर लिया है। वर्चुअल मीडिया इंटरेक्शन के दौरान, जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर जेना के पुनरुत्थान और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले दो भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया, तो नीरज ने अपने हमवतन की सराहना की और कहा कि यह एक सपने के सच होने जैसा होगा यदि ओलम्पिक पोडियम पर दो भारतीय हों। यह सपना सच होने जैसा होगा अगर पेरिस में पोडियम पर हमारे दो भारतीय हों। कौन जानता है, दो से अधिक भी हो सकते हैं। एशियाई खेलों में पोडियम पर हमारे दो पहले से ही थे... लेकिन यह बराबर होगा अगर ओलंपिक में हमारे पास दो खिलाड़ी होते तो यह और अधिक संतोषजनक होता। मुझे लगता है कि जेना ऐसा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे । मुझे लगता है कि वह वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पिछले साल, उन्होंने विश्व से एशियाई खेलों तक अच्छी प्रगति की। उन्होंने बहुत सुधार किया है, जबकि मैं 2018 से 88 मीटर पर अटका हुआ हूं। और चूंकि हर कोई मुझसे 90 मीटर तक पहुंचने के बारे में पूछता रहता है, कौन जानता है कि शायद किशोर मुझसे पहले 90 मीटर तक पहुंच जाएंगे।

> सपने के सच होने जैसा होगा यदि ओलम्पिक पोडियम पर दो भारतीय हों। यह सपना सच होने जैसा होगा अगर पेरिस में पोडियम पर हमारे दो भारतीय हों : नीरज चोपड़ा, टोक्यो ओलंपिक चैंपियन




## गुजरात के खिलाफ अंतिम ओवर बोल्ट को देता : वाटसन

**जयपुर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना है कि अगर वह राजस्थान रॉयल्स कैंप में होते तो अंतिम ओवर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को देते। रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों की बदौलत आरआर ने 196/3 का शानदार स्कोर बनाया। बचाव में, 19वें ओवर में कुलदीप सेन द्वारा 20 रन देने के बाद, आरआर को अंतिम ओवर में 15 रनों का बचाव करना पड़ा। बोल्ट ने अपने दो पावर-प्ले ओवरों में 8 रन देकर 2 विकेट लिए थे और डेथ ओवरों में गेंदबाजी का उनका रिकॉर्ड कोई अच्छा नहीं है। यही कारण है कि आरआर ने अपने निर्धारित डेथ ओवरों के गेंदबाज आवेश खान से अंतिम ओवर कराने का फैसला किया। लेकिन जीटी ने अंततः आखिरी गेंद पर कुल स्कोर का पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिससे आरआर को प्रतियोगिता में पहली हार मिली। आधिकारिक स्ट्रीमिंग पार्टनर जियोसिनेमा पर वॉटसन ने कहा कि मैं निश्चित रूप से बोल्ट को गेंद देता।

## आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे बुधवार को सेंट लुइस, मिसौरी (यूएस) में 15,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट आरसी प्रो सीरीज स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। आकांक्षा ने दूसरे राउंड में नॉर्वे की मेडेलीन हाइलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से हराया। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन को शुरुआती दौर में बाई मिली थी। क्वार्टर फाइनल में गोवा की खिलाड़ी का मुकाबला मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

## रामजस और किरोड़ी मल कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

**नई दिल्ली।** रामजस कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्ग के खिताब जीते। दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कालिया और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वडेरा ने टीमों और खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए। विजेता टीमों को 21 हजार और उपविजेता टीमों को 11 हजार रुपए इनाम में दिए गए।महिला वर्ग के फाइनल में रामजस कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को 51 -26 से हराया।रामजस की शिवानी को वूमेन ऑफ़ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया7 तीसरे स्थान के मैच में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने किरोड़ी माल कॉलेज को 30-26 से हराया। रायमा को मिला वूमेन ऑफ़ द मैच का अवार्ड ।वही पुरुष वर्ग के फाइनल में किरोड़ी मल कॉलेज ने मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी को 51- 44 से हराकर खिताब जीता।

## आईएसएल का फाइनल 4 मई को होगा, प्लेऑफ 19 अप्रैल से

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-34 सीजन का फाइनल 4 मई को होगा और प्लेऑफ 19 अप्रैल से शुरू होगा। लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह घोषणा की। आईएसएल के बयान में कहा गया है, सीजन का फाइनल 4 मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ाई 19 अप्रैल को नॉकआउट मैचों के साथ शुरू होगी, जिसके बाद घरेलू और बाहरी प्रारूप में सेमीफाइनल होंगे। इसमें कहा गया, फाइनल का स्थान जल्द ही घोषित किया जाएगा। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट प्रारूप में सिंगल-लेग प्लेऑफ खेलेंगी।